3 राजधानी
पांच दिन जमकर बरसेंगे बादल

6 अभिमत
पीएलआई योजना की समीक्षा जरूरी

10 विदेश
कनाडा भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा दे: जयशंकर

11 राष्ट्रीय
'भयावह हिंसा' भी नहीं रोक सकती भाजपा को

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 248
नई दिल्ली, शनिवार, 15 जुलाई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



यशस्वी टेस्ट में 150 रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बने

स्पोर्ट्स-12

# चांद के सफर पर रवाना हुआ चंद्रयान-3

## श्रीहरिकोटा से तीसरे चंद्र मिशन का सफल प्रक्षेपण किया गया, 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग की योजना

- मिशन के सफल होने पर इस तरह का कीर्तिमान स्थापित करने वाला भारत चौथा देश बन जाएगा
- प्रक्षेपण देखने के लिए मौजूद हजारों दर्शक चंद्रयान-3 के रवाना होते ही खुशी से झूम उठे, वैज्ञानिकों ने तालियां बजाईं

**एजेंसी।** श्रीहरिकोटा



श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से एलवीएम3-एम4 रॉकेट के जरिए तीसरे चंद्र मिशन- चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण किया गया।

**भारत** ने शुक्रवार को यहां एलवीएम3-एम4 रॉकेट के जरिए अपने तीसरे चंद्र मिशन- चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण किया। इस अभियान के तहत चंद्र सतह पर एक बार फिर सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास किया जाएगा।

इसमें सफलता मिलते ही भारत ऐसी उपलब्धि हासिल कर चुके अमेरिका, पूर्व सोवियत संघ और चीन जैसे देशों के क्लब में शामिल हो जाएगा और यह इस तरह का कीर्तिमान स्थापित करने वाला विश्व का चौथा देश बन जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग 23 अगस्त को शाम पांच बजकर 47 मिनट पर किए जाने की योजना है। पंद्रह साल में इसरो का यह तीसरा चंद्र मिशन है। कल शुरू हुई 25.30 घंटे की उलटी गिनती के अंत में एलवीएम3-एम4 रॉकेट यहां स्थित अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र के दूसरे लॉन्च पैड से आज अपराह्न 2.35 बजे निर्धारित समय पर धुएं का घना गुबार छोड़ते हुए शानदार ढंग से आकाश की ओर रवाना हुआ। इसरो के अधिकारियों के अनुसार, उड़ान भरने के लगभग 16 मिनट बाद प्रणोदन मॉड्यूल रॉकेट से सफलतापूर्वक अलग हो गया और यह चंद्र कक्षा की ओर बढ़ते हुए पृथ्वी से 170 किमी निकटतम और 36,500 किमी सुदूरतम बिंदु पर एक अण्डाकार चक्र में लगभग पांच-छह बार पृथ्वी की परिक्रमा करेगा।

एलवीएम3-एम4 रॉकेट अपनी श्रेणी में सबसे बड़ा और भारी है जिसे वैज्ञानिक फैट बॉय या बाहुबली कहते हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन पर लगभग 600 करोड़ रुपए की लागत आई है। प्रक्षेपण देखने के लिए मौजूद हजारों दर्शक चंद्रयान-3 के रवाना होते ही खुशी से झूम उठे और सफल प्रक्षेपण के बाद वैज्ञानिकों ने तालियां बजाईं। लैंडर के साथ प्रणोदन मॉड्यूल, गति प्राप्त करने के बाद चंद्रमा की कक्षा तक पहुंचने के लिए एक महीने से अधिक लंबी यात्रा पर तब तक आगे बढ़ेगा जब तक कि यह चंद्र सतह से 100 किमी ऊपर नहीं पहुंच जाता। इसरो के वैज्ञानिकों ने कहा कि वांछित ऊंचाई पर पहुंचने के बाद लैंडर मॉड्यूल चंद्रमा (शेष पेज 9)

## भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय लिखा: मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के बाद कहा कि यह भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय है। उन्होंने इस उपलब्धि को वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण बताया। मोदी ने यान के प्रक्षेपण के तत्काल बाद एक ट्वीट में कहा, चंद्रयान-3 ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय लिखा है। यह हर भारतीय के सपनों और महत्वाकांक्षाओं को ऊपर उठाते हुए ऊंची उड़ान भरता है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। मैं उनकी भावना और सरलता को सलाम करता हूं। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि भारतीय (शेष पेज 9)

# रक्षा सहयोग भारत और फ्रांस संबंधों का मजबूत स्तंभ: मोदी

- मोदी ने कहा, दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई में हमेशा एकजुट रहे
- राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रौ ने आधिकारिक आवास में प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया

**भाषा।** पेरिस

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि अगले 25 वर्ष में भारत-फ्रांस रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए साहसिक और महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के साथ एक रूपरेखा तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि रक्षा सहयोग संबंधों का एक मजबूत स्तंभ है। दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आए मोदी का फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने अपने आधिकारिक आवास एलिसी पैलेस में गर्मजोशी से स्वागत किया, जिसके बाद दोनों नेताओं ने प्रेस बयान जारी किए।

मोदी ने राष्ट्रपति मैक्रों के साथ एक संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा, भारत और फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। हम अगले 25 साल की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। हम इसके लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा संबंध हमेशा से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों का आधारस्तंभ रहे हैं। उन्होंने कहा, यह दोनों देशों के बीच आपसी भरोसे का प्रतीक है। मोदी ने कहा, फ्रांस मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत में एक महत्वपूर्ण भागीदार है... चाहे वह पनडुब्बी हो या नौसैनिक विमान, हम एक साथ मिलकर न केवल अपनी, बल्कि अन्य मित्र देशों की आवश्यकताओं को भी पूरा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी और यूक्रेन संघर्ष का प्रभाव दुनियाभर में महसूस किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों पर विशेष रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ा (शेष पेज 9)

## बैस्टिल परेड में शामिल हुए पीएम



पेरिस में बैस्टिल डे के मौके पर मंच के सामने से गुजरता भारतीय दल।

**एजेंसी।** पेरिस

- भारत की तीनों सेनाओं के एक दल ने परेड में लिया हिस्सा, आईएएफ के राफेल लड़ाकू विमान भी फ्लाईपास्ट में हुए शामिल

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस समारोह के तहत शुक्रवार को आयोजित बैस्टिल दिवस परेड में राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। भारत की तीनों सेनाओं के एक दल ने इस परेड में हिस्सा लेकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस मौके पर फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों के साथ भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के राफेल लड़ाकू विमान भी फ्लाईपास्ट में शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने मार्च-पास्ट की तस्वीरों के साथ ट्वीट किया, बैस्टिल दिवस के इस ऐतिहासिक मौके पर पेरिस में परेड में शामिल हुआ। गर्मजोशी से किए गए स्वागत और सम्मान के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

मोदी ने ट्वीट किया, भारत, सदियों पुराने अपने मूल्यों से प्रेरित होकर, हमारे ग्रह को शांतिपूर्ण, समृद्ध और सतत बनाने की खातिर हरसंभव प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत के 1.4 अरब लोग एक मजबूत और विश्वसनीय भागीदार होने के लिए हमेशा फ्रांस के आभारी रहेंगे। यह संबंध (शेष पेज 9)

## पीएम को फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक व सैन्य सम्मान से नवाजा

**एजेंसी।** पेरिस

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक और सैन्य सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गए हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उन्हें इस सम्मान से नवाजा। प्रधानमंत्री मोदी को बृहस्पतिवार को एलिसी पैलेस (फ्रांस का राष्ट्रपति आवास) में इस सम्मान से नवाजा गया।

इससे पहले, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला, ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स (तत्कालीन प्रिंस ऑफ वेल्स), जर्मनी की पूर्व चांसलर एंजेला मर्केल, संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव बुतरस बुतरस-



पेरिस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक व सैन्य सम्मान से सम्मानित करते राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों।

घाली को फ्रांस के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा जा चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, मैं बेहद विनम्रता के साथ ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर को स्वीकार करता हूं। यह भारत के 140 करोड़ लोगों के लिए एक सम्मान है। मैं इसके लिए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, फ्रांस की सरकार और यहां के लोगों का आभार व्यक्त करता हूं। यह भारत के प्रति उनके गहरे स्नेह और हमारे राष्ट्र के साथ दोस्ती को आगे बढ़ाने के संकल्प को दर्शाता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, यह प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर ध्यान देने के लिए प्रधानमंत्री के अंतरराष्ट्रीय कद और योगदान को भी दर्शाता है। हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुभकामनाएं देने में शामिल हों, जिनका विश्व मामलों में नेतृत्व कई लोगों के लिए प्रेरणा है। फ्रांस के सर्वोच्च सम्मान की स्थापना 1802 में नेपोलियन बोनापार्ट ने की थी और यह पांच श्रेणियों में विभाजित है।

# कुछ कम हुआ यमुना का पानी, तीन बच्चे डूबे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- जलस्तर शुक्रवार शाम छह बजे कम होकर 208.17 पर आया, आईटीओ, सुप्रीम कोर्ट, राजघाट तक जलमग्न
- रिंग रोड, विकास मार्ग समेत मध्य, पूर्वी व उत्तर-पूर्वी दिल्ली को जोड़ने वाली प्रमुख सड़कों पर यातायात बंद

**यमुना** नदी में आई बाढ़ के पानी में डूबने से उत्तर पश्चिमी दिल्ली के मुकुंदपुर इलाके में शुक्रवार को तीन बच्चों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि 10 से 12 साल की उम्र के तीनों बच्चे जहांगीरपुरी इलाके के रहने वाले थे। यमुना का पानी महात्मा गांधी समाधि राजघाट से आगे बढ़कर राजधानी के व्यस्ततम चौराहे आईटीओ और सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। गांधी की समाधि स्थल वाले चबूतरे के चारों ओर पानी भर गया। हालांकि लौ प्रभावित नहीं हुई है।

हालांकि राहत की बात यह कि जलस्तर में मामूली गिरावट आई है और यह शुक्रवार शाम छह बजे कम होकर 208.17 पर आ गया। यूं तो बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निषेधाज्ञा लागू है और किसी को भी पानी की तरफ जाने की इजाजत नहीं है, लेकिन तीन बच्चे जहांगीरपुरी में मुकुंदपुर जाने वाले रास्ते पर चल रहे मेट्रो निर्माण स्थल के पास बने गड्ढे में भरे बाढ़ के पानी में नहाने पहुंच गए। तीनों बच्चे नहाने के दौरान डूब गए। परिजनों ने बताया कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि उनके बच्चे नहाने गए थे। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि घटना की सूचना अपराह्न करीब दो बजकर 25 मिनट पर मिली, जिसके बाद अग्निशमन कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे।

डूबने वाले बच्चों की पहचान जहांगीरपुरी के एच ब्लॉक में रहने वाले पीयूष, निखिल और आशीष के रूप में हुई है। दूसरी ओर, यमुना का जलस्तर तीन दिन पहले 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद शुक्रवार शाम छह बजे घटकर 208.17 मीटर पर आ गया। हालांकि, शहर के कई प्रमुख इलाके अब भी जलमग्न हैं। लालकिला, राजघाट, आईटीओ, सुप्रीम कोर्ट आदि समेत रिंग रोड और अन्य आसपास की सड़कों पर पानी भरा है। इसलिए इन सड़कों समेत विकास मार्ग पर भी आवाजाही रोक दी गई है। शहर के लोगों में विशेषकर पूर्वी एवं उत्तरी-पूर्वी जिलों की उस आबादी में शुक्रवार को पूरे दिन भय का माहौल बना रहा, जहां अभी तक बाढ़ का पानी नहीं पहुंचा है। उन्हें डर सता रहा है कि यदि यमुना में पानी और बढ़ा तो कई बड़े रिहायशी इलाके प्रभावित होंगे।

हालांकि केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने शाम को बताया कि यमुना का पानी धीरे-धीरे घट रहा है। मालूम हो कि जलस्तर बृहस्पतिवार को तीन घंटे तक स्थिर रहने के बाद बढ़ना शुरू हो गया था और शाम सात बजे 208.66 मीटर के स्तर पर पहुंच गया था, जो 205.33 मीटर के खतरे के निशान से तीन मीटर से अधिक है। सीडब्ल्यूसी के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार तड़के पानी का स्तर 208.57 मीटर था और सुबह 5 बजे तक मामूली रूप से कम होकर 208.48 मीटर पर आ गया। सुबह आठ बजे यमुना में (शेष पेज 9)

# महाराष्ट्र: अजित पवार बने वित्त मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

- राकांपा के अन्य मंत्रियों को सहकारिता, कृषि जैसे महत्वपूर्ण विभाग मिले

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार को शुक्रवार को महाराष्ट्र सरकार में वित्त और योजना विभाग सौंपा गया। करीब दो सप्ताह पहले उन्होंने शरद पवार की अगुवाई वाली राकांपा से अलग होकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार में उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। अजित के साथ सरकार में शामिल हुए राकांपा के आठ अन्य नेताओं में से कुछ को सहकारिता और कृषि जैसे महत्वपूर्ण विभाग आवंटित किए गए हैं।

पवार को वित्त विभाग के आवंटन को अहम माना जा रहा है, क्योंकि शिवसेना विधायकों भारत गोगावाले तथा प्रहार जनशक्ति पार्टी के विधायक बच्चू काडू समेत कुछ विधायकों ने इसका विरोध किया था। उनका दावा था कि राकांपा नेता पवार जब महा विकास आघाड़ी सरकार में वित्त मंत्री थे तो उन्होंने उन्हें दिए जाने वाले धन को रोका था। फडणवीस ने वित्त और योजना मंत्रालय की जिम्मेदारी छोड़ी है जिसे अब पवार संभालेंगे। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस के पास गृह, ऊर्जा, जल संसाधन, विधि और न्यायपालिका जैसे महत्वपूर्ण विभाग रहेंगे। शुक्रवार को हुए विभाग आवंटन में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता दिलीप वाल्से पाटिल को सहकारिता मंत्रालय दिया गया है जो पहले भाजपा के अतुल सावे के पास था।

राकांपा नेता धनंजय मुंडे को कृषि विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है जो पहले एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के अब्दुल सत्तार के पास था। राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार भी शुक्रवार को होने की अटकलें थीं, लेकिन आज किसी नए मंत्री को सरकार में शामिल नहीं किया गया और इस तरह की अपुष्ट खबरें मिलीं हैं कि 17 जुलाई को मुंबई में शुरू हो रहे महाराष्ट्र विधानसभा के मॉनसून सत्र के बाद मंत्रिमंडल विस्तार होगा। अजित पवार ने करीब दो सप्ताह पहले शरद पवार की अगुवाई वाली राकांपा से अलग होकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार में उप मुख्यमंत्री के (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### यूसीसी पर रायशुमारी की तारीख 28 तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर जनता की प्रतिक्रियाएं आमंत्रित किए जाने की समय सीमा शुक्रवार को 28 जुलाई तक बढ़ा दी। आयोग ने यूसीसी पर संगठनों और जनता से 14 जून को प्रतिक्रियाएं आमंत्रित की थी। प्रतिक्रिया भेजने की एक महीने की समय सीमा शुक्रवार को समाप्त हो गई, जिसके बाद इसे बढ़ा दिया गया है। विधि आयोग ने एक सार्वजनिक नोटिस में कहा, समान नागरिक संहिता विषय पर जनता की जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त होने तथा इसके लिए समय बढ़ाने को लेकर विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त अनुरोधों को देखते हुए आयोग ने संबंधित हितधारकों से विचार और सुझाव प्राप्त करने के लिए समय सीमा को दो सप्ताह और बढ़ाने का निर्णय लिया है। आयोग ने कहा है कि कोई भी इच्छुक व्यक्ति, संस्था या संगठन 28 जुलाई तक आयोग की वेबसाइट पर यूसीसी को लेकर अपनी राय दे सकता है।

# ज्ञानवापी परिसर के पुरातात्विक व वैज्ञानिक सर्वेक्षण की मांग वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित

**भाषा।** वाराणसी (उप्र)

**उत्तर** प्रदेश में वाराणसी की एक अदालत ने शुक्रवार को काशी विश्वनाथ मंदिर के समीप स्थित मां श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी मस्जिद मामले में पूरे ज्ञानवापी परिसर की पुरातात्विक एवं वैज्ञानिक जांच कराने की मांग से संबंधित मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद 21 जुलाई के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया है।

वाराणसी के जनपद न्यायाधीश ए के विश्वेश ने शुक्रवार को दोनों पक्षों को सुनने के बाद 21 जुलाई तक के लिए फैसले को सुरक्षित रख लिया। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने बताया, हमने वजुखाने को छोड़ कर सम्पूर्ण ज्ञानवापी परिसर की पुरातात्विक और वैज्ञानिक तरीके से जांच करने की मांग अदालत के समक्ष रखी थी। आज अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद 21 जुलाई के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया। जैन ने बताया कि अपनी दलील में उन्होंने अदालत से कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर - ज्ञानवापी मस्जिद विवाद को पूरे मस्जिद परिसर की पुरातात्विक जांच द्वारा ही हल किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि मुस्लिम पक्ष ने अदालत के समक्ष ए दलील रखी कि पुरातात्विक सर्वेक्षण से परिसर को नुकसान पहुंच सकता है, जिस पर हमने अदालत के समक्ष परिसर को बिना नुकसान पहुंचाए आधुनिक तरीके से जांच कराने की मांग रखी। ज्ञानवापी मस्जिद के पूरे परिसर का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वे कराने का आग्रह करते हुए वाराणसी की जिला अदालत में दायर याचिका पर मुस्लिम पक्ष ने 22 मई को अपनी आपत्ति दाखिल की थी।

# शिंदे व सहयोगियों की अयोग्यता केस में विस अध्यक्ष को नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को उस याचिका पर महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय से जवाब मांगा, जिसमें जून 2022 में राज्य में सरकार गठन के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन करने वाले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य शिवसेना विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं का जल्द निपटारा करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के विधायक सुनील प्रभु की याचिका पर सुनवाई के दौरान महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय को इस संबंध में नोटिस जारी किया। अविभाजित शिवसेना के मुख्य सचेतक के रूप में प्रभु ने 2022 में पार्टी से बगावत करने वाले शिंदे (शेष पेज 9)

# यूपी के आम का इंतजार कर रहे यूरोप के बाजार: योगी

- मुख्यमंत्री ने अवध शिल्पग्राम में तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2023 का उद्घाटन किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रूस में उत्तर प्रदेश के आमों की काफी मांग है। वहां पर 800 सौ रुपये प्रति किलो आम बिक रहा है। यहां से कार्गो के माध्यम से आम भेजने में 190 रुपये का खर्च आता है। यानी कोई किसान अगर रूस में आम भेजेगा तो उसे 600 रुपये से ज्यादा का नेट प्रॉफिट होगा।

हमें यहां के आमों को दुनिया के कोने-कोने में पहुंचाना है। यूरोप के बाजार उत्तर प्रदेश के आम का इंतजार कर रहे हैं। शॉर्टकट न अपनाएं अपनी गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए मांग के अनुरूप प्रोडेक्ट तैयार करें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बीज से लेकर बाजार तक की दूरी को कम करने का कार्य कर रही है। सीएम योगी ने शुक्रवार को अमर शहीदपथ स्थित अवध शिल्पग्राम में तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2023 का उद्घाटन किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हमने दुनिया के अलग-अलग देशों में टीमें भेजी थी। प्रदेश की औद्यानिक फसलों के लिए हमें वैश्विक बाजार को टटोलना होगा। इसके लिए विभिन्न देशों में (शेष पेज 9)



## आम उत्पादन से जुड़े किसान हुए सम्मानित

**कार्यक्रम** से पहले सीएम योगी ने आम और आम से बने विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथा ही उन्होंने आम महोत्सव 2023 की स्मारिका का विमोचन किया। इसके अलावा सीएम योगी ने आम उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए किसानों और व्यापारियों को भी सम्मानित किया।

## आम खरीदार और विक्रेताओं ने सीएम को दिया धन्यवाद

**आम** महोत्सव में उत्पादक, क्रेता, विक्रता और निर्यातक शामिल हुए। इनमें अलीगढ़ के आम क्रेता डॉक्टर मोबिनुद्दीन खान ने अपनी बात रखते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का नतीजा है कि पिछले सप्ताह रूस की राजधानी मास्को में आमरस कार्यक्रम का सफल आयोजन हो पाया। वहां के लोगों ने उत्तर प्रदेश के दशहरी, लंगड़ा, चौसा आदि आमों का स्वाद चखा। सीएम योगी की यूपी के आमों को वैश्विक पहचान दिलाने की दृढ़ इच्छा शक्ति की वजह से आज यहां के आम रूस, दुबई (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 15 जुलाई, 2023



# सुभानपुर बांध के पास पानी का कटान, लोनी में बाढ़ का खतरा

## दर्जनों गांवों में घुस जाएगा पानी, प्रशासन ने की पीड़ितों के रहने के लिए की पांच स्थानों पर व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

लोनी के सुभानपुर बांध के पास से अब तक लगातार पानी आने से सौ मीटर से अधिक का कटान हो चुका है। यहां से निरंतर पानी लोनी और बागपत के गांवों की ओर बढ़ रहा है।

आशंका व्यक्त की जा रही है कि अगर टूटे हुए तटबंध से बांध को जल्द ठीक नहीं किया गया तो पानी पूरे लोनी का जलमग्न कर देगा। बाढ़ के खतरे को देखते हुए गाजियाबाद, बागपत के अधिकारियों ने डेरा डाल रखा है और तटबंध को ठीक कराने का प्रयास किया जा रहा है।

बागपत और गाजियाबाद की सीमा के पास से सुभानपुर बांध का तटबंध टूटने से यमुना का पानी लगातार दोनों जिलों की सीमाओं में घुस रहा है। गाजियाबाद के आधा दर्जन गांवों में पानी अन्दर तक घुस गया है। पानी का बहाव लगातार जारी है। तटबंध टूटने के बाद से अधिकारी लगातार उसकी मरम्मत कराने में जुटे हैं, लेकिन अब तक कटान का फैलाव सौ मीटर से भी अधिक चौड़ा हो गया है। हथिनी कुंड बैराज के 18 गेट बंद होने से जल स्तर कम जरूर हुआ है लेकिन तटबंध टूटने से यमुना नदी में भरा पानी लगातर दोनों जिलों में बढता जा रहा है।

ऐसे में समय रहते तटबंध अगर नहीं बना तो लोनी जलमग्न हो जाएगी। वहीं प्रशासनिक अधिकारी दावा कर रहे हैं कि स्थिति नियंत्रण में हैं। जबकि लोनी में लगातार पानी का जलस्तर बढ़ रहा है।

पहले गांवों तक पानी था लेकिन अब ट्रोनिका सिटी इंडस्ट्रियल एरिया से लेकर पुलिस चौकी तक पानी पहुंच गया है। कई फुट तक पानी पुलिस चौकी में भर गया है जिसकी वजह से पुलिस कर्मी चौकी में रखे दस्तावेजों को अन्य स्थान पर ले जाते दिखे। इंडस्ट्रियल एरिया में भी कई फुट पानी जमा है। जलभराव होने से इंडस्ट्रियल एरिया में मजदूरों को जाने से रोक दिया गया है। जो लोग क्षेत्र में रह रहे थे उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है।

बाढ़ का असर अब रोडवेज के संचालन पर भी पड़ रहा है। रोडवेज का अंतर्राज्यीय बस संचालन आईएसबीटी दिल्ली से संचालित होता था। अब वहां से रोडवेज को अपना बस संचालन बंद करना पड़ा है। रोडवेज का कहना है कि वहां से उनकी कई दर्जन बसें दूसरे राज्यों के लिए संचालित होती थी। अब वहां रात में पानी घुस गया है। ऐसे में अब यहां से बसों का संचालन करना भी बंद कर देना पड़ा है।



गाजियाबाद जिला प्रशासन ने बाढ़ से विस्थापित लोगों को टेंट में शिफ्ट किया।

## विस्थापितों के लिए मुफ्त भोजन की व्यवस्था

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने शुक्रवार को बाढ़ से विस्थापित पांच हजार से अधिक लोगों को मुफ्त नाश्ता और दोपहर का भोजन मुहैया कराया। अधिकारियों ने यह दावा किया। उन्होंने बताया कि जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों में बचाव एवं राहत कार्य जारी है। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी (पीएसी), स्थानीय पुलिस और अग्निशमन कर्मी लगातार लोगों और मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में लगे हैं। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह जमीनी स्तर पर अभियान की निगरानी कर रही हैं। जिला सूचना अधिकारी राकेश चौहान ने बताया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस प्रमुख ने नांगली वाजीदपुर, नांगली शकरपुर गांवों और आसपास के इलाकों का दौरा किया जहां पर फंसे हुए लोगों के लिए राहत अभियान चलाया जा रहा है।

शीर्ष अधिकारियों ने राहत शिविरों का भी दौरा किया जहां पर बाढ़ से विस्थापित हुए लोगों को रखा गया है और यह देखा कि उन्हें दिशानिर्देशों के तहत भोजन मुहैया कराया जा रहा है या नहीं। अधिकारियों ने बताया कि जरूरत पड़ने पर आने वाले कुछ दिनों तक भोजन की व्यवस्था की जाएगी। जिला आपूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने बताया, नाश्ता के तौर रस्क, ब्रेड नमकीन और बिस्कुट दिया जा रहा है। छोटे बच्चों और नवजात शिशुओं के लिए दूध पाउडर वितरित किया जा रहा है। दोपहर के भोजन में एक प्रकार की खिचड़ी दी जा रही है।

## इन गांवों में हैं सबसे अधिक खतरा

**नौरसपुर, अल्लीपुर, लुत्फल्लापुर नवादा, बदरपुर, खानपुर जप्ती, हरमपुर, इलायचीपुर, पचायरा, मीरपुर, सुभानपुर गांव में बाढ़ का पानी पहुंच चुका है। इन गांवों के निवासियों ने दूसरी स्थानों पर शरण ले रखी है। प्रशासन ने बताया कि पांच गांवों में सबसे अधिक पानी भरा हुआ है लेकिन स्थिति नियंत्रण में हैं। लोनी के गांवों में पानी भरने से हालात इस कदर बदतर हैं कि लोगों को खाने-पीने तक के लाले पड गए हैं। पीने के लिए साफपानी तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। हालांकि प्रशासन ने दावा किया है कि प्रभावित लोगों के लिए रहने और खाने पीने की व्यवस्था की जा रही है। पांच सौ लोगों के खाने के पैकेट प्रशासन द्वारा वितरित कराए जा रहे हैं तो वहीं ड्राई राशन भी लोगों को वितरित कराया गया था। हालांकि अपने घरों से बाहर रह रहे लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।**

## बनाए गए सुरक्षित स्थान: डीएम

नई दिल्ली। डीएम आरके सिंह ने बताया कि स्थिति को देखते हुए 1800 सौ लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए पांच चिन्हित की गई हैं। नोडल अधिकारी ने बताया कि हथिनी कुंड से पानी बंद होने के बाद से जलस्तर कम हो रहा है, बस तट टूटने से क्षेत्र में पानी भर रहा है जिसे आज शाम तक पूरा कर लिया जाएगा। लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। लोनी में लगातार यमुना नदी का पानी आने से दर्जनों गांवों में पानी भर गया है। ट्रोनिका सिटी तक पानी आ गया है। इसके चलते क्षेत्र में बिजली सप्लाई भी बाधित हो गई है। हालांकि अधिकारी बिजली कटौती से इंकार कर रहे हैं लेकिन प्रभावित गांवों से लेकर ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में बिजली गुल है। इसकी वजह से लोगों के सामने पीने के पानी का भी संकट गहरा गया है। वहीं अभियान के नोडल अधिकारी एडीएम फाइनेंस विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि बांध टूटने से 65 फीसदी पानी बागपत और 35 फीसदी पानी लोनी में घुस रहा है। पानी नौ गांवों तक पहुंच गया है जिसमें पांच गांवों में सबसे अधिक पानी है जहां के लोग पुश्ते पर शरण लिए हुए हैं। पांच सौ लोगों के खाने की व्यवस्था आज की गई है।

## बाढ़ ग्रस्त इलाकों में विधायक पंकज सिंह ने किया दौरा

नोएडा। विधायक पंकज सिंह ने बाढ़ ग्रस्त सेक्टर-135 स्थित गांव नगली वाजिदपुर क्षेत्र का दौरा किया और बाढ़ में फंसे लोगों एवं जानवरों को निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान को तेज करने के निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय गोपाल कृष्ण अग्रवाल, अमित त्यागी, गौतमबुद्व नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, डीएम मनीष कुमार वर्मा, अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था आनंद कुलकर्णी के नेतृत्व में डीसीपी नोएडा हरीश चन्दर, एडीसीपी नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी, एसीपी नोएडा प्रथम रजनीश वर्मा, एसीपी सोम्या सिंह सहित अन्य मौजूद रहें। इस दौरान विधायक पंकज सिंह ने बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया।


सेक्टर-135 स्थित गांव नगली वाजिदपुर क्षेत्र का जायजा लेते विधायक पंकज सिंह।

## संक्षिप्त समाचार



थाना सेक्टर-20 नोएडा पुलिस द्वारा गांजा तस्करी करने वाला एक तस्कर गिरफ्तार, कब्जे 1 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद।

### नोटों से भरा बैग चुराया

नोएडा। थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में सड़क हादसे के बाद घायल होकर गिरे एक व्यक्ति का किसी ने रुपयों से भरा बैग चोरी कर लिया बैग में 1,97,000 रखे हुए थे। बैंक एनक्लेव लक्ष्मीनगर दिल्ली निवासी आशीष अग्रवाल ने बताया कि वह एयरटेल पेमेंट बैंक का दिल्ली का डिस्ट्रीब्यूटर है। पेमेंट इकट्ठा करने के लिए उसने कई लड़के नौकरी पर रखे हुए हैं। उसका कर्मचारी उमेश कुमार दिल्ली से पेमेंट इकट्ठा करने के बाद नोएडा जा रहा था। खोड़ा लेबर चौराहे के पास उसकी बाइक में किसी वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह नीचे गिर गया और घायल हो गया। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान किसी ने उमेश कुमार का रुपयों से भरा बैग चोरी कर लिया। आशीष अग्रवाल ने बताया कि बैग में कलेक्शन के 197000 रूपये, एटीएम, कैश डिपॉजिट कार्ड, आईडी प्रूफ और अन्य जरूरी कागजात रखे हुए थे।

### सलाम नमस्ते में युवा कौशल दिवस पर कार्यक्रम

नोएडा। आईएमएस नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते में विश्व युवा कौशल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। नोएडा प्राधिकरण एवं सलाम नमस्ते के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़.चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान नोएडा प्राधिकरण द्वारा अधिकृत गाइडेड फॉर्च्यून समिति के सदस्य हुस्ना परवीन, परवीन कुमार, पवन कुमार चौहान एवं मन्नत के साथ आईएमएस नोएडा के छात्रों ने युवा कौशल दिवस मनाया। संस्थान द्वारा कार्यक्रम के दौरान आईएमएस नोएडा की निदेशिका डॉ कुलनीत सूरी ने कहा कि युवाओं को कुशल बनाने एवं एवं उनके कार्य क्षमता में विकास के लिए कौशल विकास जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व युवा कौशल दिवस का थीम परिवर्तनकारी भविष्य के लिए शिक्षक, प्रशिक्षक एवं युवाओं को कुशल बनाना है। हमारा उद्देश्य शिक्षक, प्रशिक्षक एवं अन्य सभी युवाओं को अपने समुदाय एवं समाज में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए कौशल प्रदान करना है।

### होटल को चूना लगाने वाला गिरफ्तार

नोएडा। सूरजपुर पुलिस ने एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। यह शातिर ठग टेलीग्राम एप से ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड हैकिंग कर एडिट करके फाइव स्टार व सेवन स्टार होटल के साथ धोखाधड़ी करता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल फोन, क्रेडिट कार्ड व आधार कार्ड बरामद किया है। आरोपी राजस्थान निवासी अक्षय मंगावा यूट्यूब के माध्यम से ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड के नंबर हैक कर एडिट करके ठगी करता था। सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी राजीव दीक्षित ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी अक्षय यूट्यूब के माध्यम से हैकिंग सीखने वाले ग्रुप में जुड़ कर विभिन्न देशों में भारत के क्रेडिट कार्डों को फर्जी तरीके से एडिट करता था। वह ऐसे होटलों को चुनता था। जिसमें ओटीपी व पासवर्ड बताने की जरूरत नहीं पड़ती थी। टेलीग्राम के ग्रुप में इस तरह की एक साइट पर आरोपी अक्षय ने रजिस्ट्रेशन लॉगिन आईडी बनाई हुई थी, जिसमें क्रेडिट कार्डों की डिटेल उसको प्राप्त होती थी। इसे ग्रुप पर उपलब्ध कराए गए क्रेडिट कार्ड को वह पिक्सआर्ट ऐप के माध्यम से एडिट कर लेता था। क्रेडिट कार्ड नंबर से पेमेंट कंफर्म होने के बाद वह होटल से बुकिंग कंफ मेंशन व पेमेंट स्लिप अपनी मेल आईडी पर आने पर वह अपने दोस्तों के साथ होटल में मौज मस्ती करता था।


## आलीशान फार्म हाउसों को बाढ़ ने कर दिया तबाह

**● यमुना डूब क्षेत्र में कई किमी तक सिर्फ पानी ही पानी**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

भ्रष्टाचार के बलबूते यमुना नदी के डूब क्षेत्र में बनाये गये आलीशान फार्म हाउस इन दिनों पानी में डूबे हुए हैं। डूब क्षेत्र में बने फार्म हाउस बाढ़ के पानी से तहस-नहस हो रहे हैं और कई किलोमीटर तक सिर्फ पानी ही पानी नजर आ रहा है।

नोएडा की बेशकीमती जमीन हमेशा से राजनेताओं, उद्योगपतियों, नौकरशाहों व रहीसों की निगाह में रही है। भ्रष्टाचार के बलबूते नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से मिलकर, प्लानिंग में फेरबदल करके नोएडा के सेक्टर-135 के मंगरौली



छपरौली, नगली वाजिदपुर सहित कुछ अन्य गांवों की जमीनों पर अवैध कमाई से आलीशान फार्म हाउस बनाकर खड़े किए गए।

डूब क्षेत्र में बने इन फार्म हाउसों में वो हर सुविधा है जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते। लग्जरी लाइफ के शौकीन लोगों ने इन फार्म हाउसों में बार, पार्टी लॉज, स्वीमिंग पूल, माउडयुलर किचन, स्टीम व सोना बाथ व अन्य सभी सुविधाएं इन फार्म हाउसों में बनाई हैं। इन फार्म हाउसों में से कुछ फार्म हाउसों पर अय्याशी के अड्डे भी खूब चलते हैं। जहां रातभर चलने वाली पार्टियां जिनमें खुलकर शराब पीना, विदेशी महिलाओं की मौजूदगी व ड्रग्स तक इस्तेमाल किया जाता है। इन फार्म हाउसों में पूल पार्टियां खूब मशहूर हैं। हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए लाखों क्यूसक पानी ने यमुना के डूब क्षेत्र में बने इन फार्म हाउसों को डूबा दिया है।

नोएडा ऐसा शहर है जिसमें करीब 5 हजार 36 हेक्टेयर जमीन डूब क्षेत्र यानी यमुना और हिंडन का रिवर बैंड है। भ्रष्टाचार की पट्टी आंख पर बांधकर डूब क्षेत्र में बनाये गए फार्म हाउस पानी में डूबे हुए हैं। इन फार्म हाउसों से बड़ी संख्या में गौवंश को भी सुरक्षित बाहर निकाला गया है और इन फार्महाउसों की देखरेख करने वालों को भी सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

## दो करोड़ की स्ट्रीट लाइट खरीदेगा नगर निगम

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निगम अब शहर में करीब दो करोड़ रुपये की नई लाइट की खरीद करने की तैयारी में है। यह पैसा पिछले बोर्ड की ओर से मंजूर किया गया था। नगर निगम प्रशासन की ओर से 190 वॉट की लाइट की खरीद की जानी है।

नगर निगम ने इसके लिए पूर्व में एक टेंडर भी निकाला था। मगर निगम के पास पैसे की कमी थी। जिस कारण इस प्रक्रिया को रोक दिया गया। बाद में यह मामला नगर निगम में पहुंच गया। बोर्ड में यह विवाद उठा। बोर्ड ने नगर निगम के प्रकाश विभाग को करीब दो करोड़ रुपये से लाइट खरीद के लिए कार्रवाई करने के लिए कहा।

यह पैसा नगर निगम के पास स्क्रैप का आया था। नगर निगम प्रशासन की ओर से यह पैसा अब प्रकाश विभाग को रिलीज कर दिया गया है। नगर निगम प्रशासन की ओर से अब यह पैसा प्रकाश विभाग को रिलीज कर दिया गया। इसके साथ ही अब नगर निगम लाइट की खरीद की प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है।

## तबादले के बाद भी गाजियाबाद का मोह नहीं छोड़ रहे कई अफसर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निगम में तबादले के बाद भी कई अधिकारी यहां गाजियाबाद का मौह नहीं छोड़ रहे है। यह एक चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल नगर निगम गाजियाबाद की ओर से कई अधिकारियों का शासन की ओर से तबादला कर दिया गया था।

इनमें अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव और एकाउंट अफसर राजेश कुमार गौतम को नगर आयुक्त ने रिलीव कर दिया। मगर इनके अलावा जिन भी अधिकारियों का तबादला हुआ इनमे से एक ने भी गाजियाबाद नगर निगम की सीट नहीं छोड़ी है। इन अधिकारियों में नगर निगम के जलकल विभाग में तैनात आश कुमार, नगर निगम के प्रॉपर्टी विभाग में तैनात प्रॉपर्टी अधीक्षक भोलानाथ गौतम सहित कई अन्य और कर्मचारी शामिल है।

दरअसल इस मामले में नगर निगम के अधिकारी खुलकर कुछ भी बोलने से बच रहे है। मगर माना यह जा रहा है कि जिन अधिकारियों ने तबादला होने के बाद भी गाजियाबाद नहीं छोड़ा है इसका सीधा सा मतलब है कि गाजियाबाद से वह जाना नहीं चाह रहे है।

## मेट्रो स्टेशन पर चोरी किया मोबाइल

नोएडा। चोरों ने अलग-अलग स्थानों से 2 व्यक्तियों के मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया। सेक्टर-73 ऑर्चर्ड ग्रीन अपार्टमेंट निवासी अखिलेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि वह अपने घर से ऑफिस जाने के लिए सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन पहुंचे मेट्रो स्टेशन पर भीड़ में किसी व्यक्ति ने उनकी जेब से मोबाइल चोरी कर लिया। वहीं सेक्टर-9 से आरिफ का मोबाइल चोरी हो गया। आरिफ ने बताया मोबाइल फोन कमरे में चार्जिंग पर लगा हुआ था। इस दौरान वह अपने ऊपर वाले कमरे में आ गया। कुछ देर बाद जब वह लौटा तो उसे मोबाइल फोन गायब मिला।

## जूते का सोल बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग

**● फर्स्ट फ्लोर पर शॉट सर्किट से फैली आग**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना फेस 1 सी-90 सेक्टर-8 में की एक फैक्ट्री में आग लग गई। फैक्ट्री जूतों के लेमिनेशन फॉर्म की है। यहां जूतों के सोल भी बनते है।

आग फैक्ट्री के फर्स्ट फ्लोर पर लगी। आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। मौके पर एक के बाद 6 दमकल की गाड़ियां पहुंची जिन्होंने आग पर काबू पाया। इस दौरान जन हानि नहीं हुई। फर्स्ट फ्लोर



पर जूतों साले बनाने वाला चमड़ा और उसके रोल रखे थे। यहां सोल की कटिंग की जाती थी। इसलिए केमिकल और चमड़ा दोनों ही फर्स्ट फ्लोर पर थे। यहां शॉट सर्किट हुआ और तेजी से आग फैल गई। इस दौरान कंपनी के गार्ड ने पुलिस और दमकल विभाग को जानकारी दी। फैक्ट्री में सभी लोग ग्राउंड फ्लोर पर थे। इसलिए वो बाहर आ गए। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान लाखों का मॉल और मशीनरी जलकर राख हो गई। ग़नीमत रही कि फैक्ट्री के अंदर कोई फंसा नहीं अन्यथा जन हानि हो सकती थी। आग को बुझाने में करीब दो घंटे का समय लग गया। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि चमड़ा होने की वजह से काला धुंआ बहुत ज्यादा था। ये सुलग भी रहा था। इसलिए आग बुझाने में थोड़ा समय लगा। आग तेज थी इसलिए सावधानी के तौर पर आस पास की कंपनी के लोगों को भी बाहर कर दिया गया था।

## शिवभक्ति के साथ देशभक्ति का अनूठा संगम

**● हाथों में बड़े-बड़े तिरंगे के साथ कांवड़ लेकर आ रहे शिवभक्त**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

दिल्ली-मेरठ रोड पर शिवभक्तों का सैलाब लगातार उमड़ रहा है। शिवभक्ति के साथ-साथ कांवड़ियां देशभक्ति से भी सराबोर नजर आ रहे हैं। हाथों व झांकियों में तिरंगा, डीजे पर देशभक्ति गीतों के साथ कांवड़ियां एक अनूठा संगम दर्शा रहे हैं।

हाथों में बड़े-बड़े तिरंगे लेकर कांवड़ लेकर आ रहे हैं। कांवड़ यात्रा अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। कांवड़ यात्रा के विभिन्न रंग मेरठ रोड पर देखने को मिल रहे हैं। हर कांवड़ियां अपने तरीके से अपनी श्रद्धा भक्ति को व्यक्त कर रहा है।

थकान, पैरों में छाले और मौसम की भी परवाह न करते हुए कांवडिया अपनी ही धुन में गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। शिवरात्रि का जलाभिषेक शाम से शुरू होगा। ऐसे में बड़ी संख्या



में डाक कांवड़ियों का आगमन होगा। दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम, नोएडा, गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद से बड़ी संख्या में डाक कांवड़ लेने के लिए कांवडियां निकले हैं। गतवर्ष करीब 50 डाक कांवड़ अकेले दुधेश्वरनाथ मंदिर पहुंची थी इस बार संख्या और अधिक होने की सम्भावना है। यात्रा के दौरान शिवभक्तों का जोश देखने लायक है। बोल बम बम के जयघोष के साथ कांवड़ियां अपनी मंजिल की ओर बढ़ते जा रहे हैं। युवा, बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग भी कांवड़ लेकर पहुंच रहे हैं। इस बार शिवभक्तों में अधिक लीटर में जल लाने की होड़ सी दिख रही है।

अधिकतर कांवड़ियां एक से दस मटकी एकसाथ जल ला रहा है तो वहीं बड़ी संख्या में कांवडिया पानी की बीस-बीस लीटर वाली कैन ही उठाए चले आ रहे हैं। भारी बोझ के बाद भी हर कोई अपनी मंजिल पर समय से पहुंचने के लिए उतावला दिख रहा है। मेरठ रोड पर बड़ी-बड़ी झांकियां भी बड़ी संख्या में गुजर रही हैं। कोई राम मंदिर, केदारनाथ मंदिर, शिवलिंग, शिव परिवार की बड़ी.बड़ी झांकी सजा कर कांवड़ ला रहे हैं। कोई अपनी कांवड़ को मुखौटों से सजा कर ला रहे हैं। कांवड़ यात्रा में इन झांकियों को देखने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग उमड़ रहे हैं।

## स्मार्ट जीन प्लान का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

अलग-अलग मेडिकल क्षेत्रों में विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध कराने वाले कौशांबी स्थित यशोदा सुपर स्पेश्यलिटी हॉस्पिटल ने हेस्टैक एनालिटिक्स के साथ अपनी महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की है।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग से सहयोग प्राप्त, आईआईटी बॉम्बे स्थित हेल्थटेक कंपनी ने मरीजों की देखभाल में वर्षों का अनुभव रखने वाले डॉ. वेलुमणि और जीई हेल्थकेयर तथा इंटेल जैसी निजी कंपनियों के सहयोग से कौशांबी के यशोदा सुपर स्पेश्यलिटी हॉस्पिटल में अपनी तरह का पहला टेस्ट लॉन्च किया। इस 'वन साइड फिट्स ऑल' टेस्ट का उद्घाटन बॉलीवुड कलाकार राजेश खट्टर द्वारा किया गया। इस




अवसर पर डॉ उपासना अरोड़ा, डॉ सुनील डागर, डॉ अनिर्वन चैटर्जी, डॉ अपर्णा भानुशाली थे।

सीएमडी डॉ. पी. एन. अरोड़ा ने कहा, हम सीधे मरीजों तक निवारक जीनोमिक्स की सुविधाओं को पहुंचाने के लिए हेस्टैक एनालिटिक्स से साझेदारी कर काफी उत्साहित हैं। यह साझेदारी मरीजों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता से मेल खाती है। लोगों की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के हमारे मिशन को मजबूती प्रदान करती है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# आईटीओ, राजघाट और सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा पानी

## रेगुलेटर हुआ था क्षतिग्रस्त, देर रात तक इंजीनियर और एनडीआरएफ के जवान मरम्मत में जुटे रहे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से आईपी बस स्टैंड और डब्ल्यूएचओ बिल्डिंग के पास ड्रेन नंबर-12 पर बने रेगुलेटर (आईएनएफसी रेगुलेटर) गुरुवार शाम करीब 7 बजे पानी का भारी दबाव पड़ने पर क्षतिग्रस्त हो गया था। देर रात तक दिल्ली जल बोर्ड, एनडीआरएफ और सेना की टीमें मरम्मत का काम करती रही। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवर पूरी रात रेगुलेटर की मरम्मत कार्य में जुटे दिल्ली जल बोर्ड, एनडीआरएफ और सेना अधिकारियों की जमकर सराहना की।

इस बीच दिल्ली जल बोर्ड का रेगुलेटर (डब्ल्यूएचओ ऑफिस के सामने नंबर 12) को नुकसान पहुंचने के कारण बाढ़ का पानी मध्य दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के प्रवेश द्वार तक पहुंच गया है तथा व्यस्त आईटीओ चौक और राजघाट जलमग्न हो जाने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और लोग घंटों जाम से जूझते रहे। यातायात पुलिस ने शहर के कई हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने के मद्देनजर लोगों से सोच-समझकर यात्रा करने की सलाह दी। यातायात पुलिस ने ट्विट कर जानकारी दी कि जलभराव के कारण गीता कॉलोनी से शांति वन और इसके दूसरे तरफ रास्ता बंद हो गया। आम जनता से अनुरोध है कि वे इस रास्ते पर जाने से बचें और इसे ध्यान में रखकर अपनी यात्रा की योजना बनाएं। गीता कॉलोनी फ्लाईओवर से राजघाट और आईएसबीटी, कश्मीरी गेट की ओर भी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित की गई है।

बाढ़ का पानी आने के कारण विकास मार्ग पर आईटीओ की ओर यातायात प्रभावित है। वाहना चालकों को सलाह दी जाती है कि वे इस हिस्से पर आने से बचें और अक्षरधाम-निजामुद्दीन-आईटीओ के रास्ते एनएच 24 का मार्ग चुनें। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांवड़ियों की आवाजाही और सुब्रतो पार्क के सामने गुरुग्राम रोड फ्लाईओवर पर एक एमजीवी (मीडियम गुड्स व्हीकल) के खराब होने से धौला कुआं से महिपालपुर की ओर जाने वाले मार्ग एनएच-48 पर यातायात प्रभावित है। इस ओर भी जाने से बचें। रेलवेअंडर ब्रिज के पास नाले का पानी भर जाने के कारण भैरों रोड पर भी यातायात बंद कर दिया गया। इस रास्ते से भी बचने की सलाह दी गई है।

इससे पहले केजरीवाल ने कहा कि यमुना में पानी का बहाव बहुत ज्यादा है। पानी के तेज बहाव के कारण डीजेबी का यह रेगुलेटर मुड़ गया है। इसकी वजह से यमुना का पानी शहर के अंदर घुसने लग गया। इसकी मरम्मत की जा रही है।

यमुना का जलस्तर भी कम होना शुरू हो गया है। लेकिन कल फिर बारिश होने की संभावना है। फिर भी उम्मीद करते हैं कि यमुना का जलस्तर जो नीचे जा रहा है, वो नीचे ही जाता रहे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। भाजपा को राजनीति नहीं करनी चाहिए। रेगुलेटर के क्षतिग्रस्त होने पर भाजपा द्वारा की जा रही राजनीति पर केजरीवाल ने कोई भी प्रतिक्रिया देने से साफ इन्कार कर दिया।

उन्होंने कहा कि भाजपा को इस समय राजनीति नहीं करनी चाहिए। भाजपा जो भी कह रही है, वह उस पर कोई जवाब नहीं देना चाहते। आईटीओ ब्रिज के कुछ फाटक बंद होने के सवाल का जवाब देते हुए केजरीवाल ने कहा कि ब्रिज पर 32 गेट हैं। इसमें से 5 गेट खुल नहीं पाए हैं। हरियाणा सरकार इसका रख-रखाव करती है। कल से उन गेटों को खोलने की कोशिश जारी हैं। यह एक-दूसरे को दोष देने का समय नहीं है। सभी मिलकर काम कर रहे हैं।

अगर सभी गेट खुले हुए होते तो पानी के बाहर निकलने में तेजी आती। अलग-अलग जगहों पर हुए जलभराव को लेकर सीएम ने कहा कि आईटीओ पर रेगुलेटर के क्षतिग्रस्त होने की वजह से पानी आया है। राजघाट पर एक ड्रेन बैक मार गया है, उसकी वजह से यमुना का पानी आया है।


फोटो: रंजन डिमरी
आईपी बस स्टैंड और डब्ल्यूएचओ बिल्डिंग के पास ड्रेन नंबर-12 पर बने रेगुलेटर क्षतिग्रस्त होने से थोड़ी ही देर में पूरा इलाका जलमग्न हो गया।

### निजी कंपनियों के कर्मियों को घर से काम करने के निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश से जलभराव और बाढ़ के कारण यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

इसे देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कई कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को घर से ही काम करने के लिए कहा है। इंश्योरेंस देखो के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी अंकित अग्रवाल ने अपने कर्मचारियों को सुविधा के अनुसार घर से या कार्यालय से काम करने की छूट दे दी है। अपने कर्मचारियों की परेशानियों को समझते हुए हमने उन्हें सुविधा के अनुसार घर से या कार्यालय से काम करने की छूट दी है। बाजार प्रेक्षकों का कहना है कि कोविड-19 महामारी की शुरुआत में कंपनियों ने घर या कार्यालय से काम के विकल्प दिए थे लेकिन कुछ प्रौद्योगिकी कंपनियां अब भी कर्मचारियों को दोनों तरह से काम करने की छूट दे रही हैं। गुरुग्राम की सेवा प्रबंधन कंपनी फील्डवेब के सीईओ अमित धवन ने कहा, आज कंपनियां अपने कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें काम करने के विकल्प चुनने की छूट देती हैं।

### गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विवि की परीक्षाएं स्थगित

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय नेबाढ़ जैसी स्थिति का हवाला देते हुए 14, 15 और 16 जुलाई को होने वाली अंतिम सत्र की सभी परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। विभिन्न कार्यक्रमों की शेष परीक्षाएं पहले से अधिसूचित निर्धारित तिथि एवं समय के अनुसार आयोजित की जाएंगी। विश्वविद्यालय ने बृहपतिवार को एक अधिसूचना में कहा कि परीक्षा का नया कार्यक्रम जल्द ही अधिसूचित किया जाएगा।

### पांच दिन जमकर बरसेंगे बादल येलो अलर्ट

नई दिल्ली। यमुना नदी का जल स्तर कम हो रहा है लेकिन अभी राहत मिलने के आसार कम ही है। राजधानी में शुक्रवार को कई जगहों पर हल्की बारिश हुई। इसके चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से कम दर्ज किया गया। मौसम विभाग कार्यालय ने दिल्ली में शनिवार को मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही अगले पांच दिनों तक हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहनेका अनुमान है। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में शुक्रवार की सुबह से ही धूप-छांव चलती रही। सुबह तेज चमकदार सूरज निकला रहा। लेकिन, बादलों की आवाजाही भी लगातार ही बनी रही। दिन के समय कई हिस्सों में हल्की बारिश हुई। पालम मौसम केन्द्र में सबसे ज्यादा 9.8 मिलीमीटर बारिश दर्जकी गई है। इसके अलावा, सफदरजंग, लोधी रोड, रिज, आयानगर, पीतमपुरा, पूसा और जफरपुर मौसम केन्द्र मेंभी हल्की बारिश या बूंदाबांदी दर्जकी गई है। इसके चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई।


रेगुलेटर की मरम्मत के दौरान देर रात तक डटे रहे एलजी विनय सक्सेना।

## मरम्मत के दौरान देर रात तक डटे रहे उपराज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● मंत्री की सबके सामने एलजी से बहस

इंद्रप्रस्थ के पास दिल्ली जल बोर्ड के रेगुलेटर के क्षतिग्रस्त होने से आईटीओ और राजघाट के इलाके जलमग्न हो गए जिससे हालात बदतर हो गए। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उस स्थान का निरीक्षण किया जहां एक ड्रेन रेगुलेटर क्षतिग्रस्त हो गया था। मरम्मत के दौरान देर रात तक उपराज्यपाल डटे रहे।

सुबह की समय सरेआम मंत्री सौरभ भारद्वाज और एलजी के बीच एनडीआरएफ की तैनाती को लेकर तीखी नोकझोंक होने लगी। भारद्वाज ने उपराज्यपाल से कहा कि नौकरशाह ऐसी आपातकालीन स्थिति में भी उनके आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कल रात विभिन्न अधिकारियों से एनडीआरएफ को बुलाने के लिए कई बार अनुरोध किया लेकिन नौकरशाहों ने उनकी बात को नजरअंदाज कर दिया। मंत्री ने कहा कि जो एनडीआरएफ सुबह यहां पहुंची है, अगर रात में पहुंच जाती तो हालात बेकाबू नहीं होते। इस दौरान मुख्यमंत्री भी बगल में खड़े थे। इसके बाद सौरभ भारद्वाज पर पलटवार करते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि जिस तरह से यहां काम हो रहा है, हम सफल होंगे। यमुना का बहाव बहुत तेज है। उसे रोकना जरूरी है। यह समय किसी को दोष देने या टिप्पणी करने का समय नहीं है। सभी को टीम वर्क करने की जरूरत है। वह भी बहुत कुछ कह सकता हूं लेकिन अभी इसकी जरूरत नहीं है। इस बीच उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि भारद्वाज को सलाह दी जाती है कि वे एक मंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लें और अपरिपक्व, बिना जानकारी वाले और राजनीति से प्रेरित व्यवहार करने से बचें, खासकर ऐसे समय में जब शहर बाढ़ की विभीषिका से जूझ रहा है। उनके लिए यह अच्छा होगा कि वे अध्यादेश जैसे गंभीर विषय को बेवजह और गलत मकसद से न उठाएं, जिसका एकमात्र उद्देश्य जनता को पूर्वाग्रह से ग्रस्त करना है। इस गंभीर समस्या के समाधान की आवश्यकता थी। इसकी जिम्मेदारी केजरीवाल सरकार और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण के मंत्री सौरभ भारद्वाज के ऊपर है।

## सिसोदिया की जमानत अर्जी पर सीबीआई व ईडी से मांगा जवाब

आबकारी नीति

● मामले में सुनवाई 28 जुलाई को होगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिका पर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को शुक्रवार को 28 जुलाई तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने सिसोदिया की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी की दलील पर गौर किया जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी पत्नी गंभीर रूप से बीमार हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। पीठ ने कहा कि वह अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई करेगी और इसके लिए वह सीबीआई और ईडी से जवाब मांग रही है। सुनवाई शुरू होने पर पीठ ने कहा कि आम तौर पर अदालत नीतिगत निर्णयों में हस्तक्षेप नहीं करती, लेकिन यह अन्य कारणों से नीति बनाने का मामला है। सीबीआई और ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने कहा कि निचली अदालत ने अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हालांकि, पीठ ने राजू को जांच एजेंसियों की ओर से जवाब दाखिल करने को कहा। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की पीठ इस मामले पर सुनवाई करने के लिए 10 जुलाई को सहमत हुई थी।

दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर 2021 को नीति लागू की थी, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच सितंबर 2022 के आखिर में इसे वापस ले लिया गया। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया के पास आबकारी विभाग भी था।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उन्हें घोटाले में उनकी कथित भूमिका के लिए पहली बार 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था और तब से वह हिरासत में हैं। उन्होंने 28 फरवरी को दिल्ली मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।

### राजधानी में लोक अदालत 30 जुलाई को लगेगी

नई दिल्ली। शहर के कुछ हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति के कारण रविवार को आयोजित होने वाली लोक अदालत को स्थगित कर दिया गया है। बाढ़ जैसी स्थिति के कारण लोगों को अपने नोटिस और चालान के निपटारे के लिए लोक अदालत पहुंचने में समस्या हो सकती है, जिसके चलते दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण ने विशेष लोक अदालत को 30 जुलाई के लिए पुर्ननिर्धारित किया है।

दिल्ली के सभी सात अदालत परिसरों द्वारका, कड़कड़डूमा, पटियाला हाउस, रोहिणी, राउज एवेन्यू, साकेत और तीस हजारी की 170 पीठों में विशेष लोक अदालत 30 जुलाई को पुनर्निर्धारित की गई।

## हत्या के आरोप में सेना का जवान गिरफ्तार

● बड़े भाई की मौत का लिया था बदला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



भारतीय सेना में लांस नायक के पद पर कार्यरत रहे एक जवान को अपने बड़े भाई के साले की हरियाणा में कथित हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

ि पुलिस ने बताया कि जवान ने बदले की भावना से हत्या को अंजाम दिया था। पुलिस के मुताबिक, परवीन उर्फ ढीला को संदेह था कि पिछले साल नंवबर में उसके बड़े भाई की हत्या के पीछे उसकी भाभी का हाथ है। उसने कहा कि परवीन चाहता था कि उसकी भाभी भी वही दर्द महसूस करे, जैसा उसने अपने भाई की मौत पर महसूस किया। एक अधिकारी ने बताया कि परवीन को सुल्तानपुरी बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया। परवीन ने बताया कि वह वर्ष 2012 में सेना की 19वीं राजपूताना राइफल में शामिल हुआ था। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ में तैनात उसके भाई प्रदीप हुड्डा की कुछ अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

पुलिस ने कहा कि उसने सात अप्रैल से 20 दिन की छुट्टी ली थी लेकिन छुट्टी खत्म होने के बाद तैनाती स्थल पर नहीं लौटा। पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि वह हरियाणा के सोनीपत में रोहित नामक व्यक्ति की हत्या में शामिल था। उसने खुलासा किया कि 14 और 15 अप्रैल की दरमियानी रात वह अपने दोस्त जितेंद्र के साथ राजपुर गांव पहुंचा और रोहित की उसके ही घर में गोली मारकर हत्या कर दी।

## लिफ्ट ऑपरेटर की हत्या करने वाले तीन धरे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● पुल प्रह्लादपुर के बस स्पॉप पर युवक को घोपा था चाकू



पुल प्रह्लादपुर में हुई लिफ्ट ऑपरेटर की कथित हत्या के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान हरियाणा के फरीदाबाद निवासी सुभाष (21), विवेक उर्फ राजा (23) और उत्तर प्रदेश के लोनी निवासी मनोज कुमार (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि लिफ्ट ऑपरेटर का काम करने वाले बिहार निवासी विकास कुमार (26) की सोमवार को पुल प्रह्लादपुर के बस स्टॉप के पास चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। सीसीटीवी फुटेज में घटना के तुरंत बाद एक संदिग्ध बाइक पर पुल प्रह्लादपुर की ओर जाता तथा दो अन्य शिव मंदिर की ओर भागते दिखे। अधिकारी ने बताया कि इलाके के लगभग 300 से 350 सीसीटीवी को खंगाला गया। पाया कि वे तीनों शर्मा मार्केट स्थित एक होटल में दाखिल हुए थे। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि सुभाष और मनोज हरिद्वार भागने वाले हैं और उप्र के बुलंदशहर के खुर्जा के लिए निकल चुके हैं। इसके बाद छापेमारी कर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि दोनों ने खुलासा किया कि विवेक जयुपर फरार हो चुका है। इसके बाद उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि एमबी रोड पर एमसीडी शौचालय के नजदीक लिफ्ट के पास खड़े होने को लेकर सुभाष और लिफ्ट ऑपरेटर के बीच झड़प हुआ था।

### बीबीसी वृत्तचित्र मामले में उच्च न्यायालय पहुंचा डीयू

नई दिल्ली । दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने शुक्रवार को उस आदेश के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया, जिसके तहत परिसर में 2002 के गुजरात दंगों पर आधारित बीबीसी के एक विवादास्पद वृत्तचित्र के प्रदर्शन में कथित संलिप्तता को लेकर एनएसयूआई के एक नेता को एक साल के लिए प्रतिबंधित करने के फैसले को रद्द कर दिया गया था।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति नाजमी वजीरी की पीठ ने उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ डीयू की ओर से दाखिल याचिका पर कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव एवं पीएचडी छात्र लोकेश चुघ को नोटिस जारी किया।

## संक्षिप्त समाचार


आईआईएचएमआर को ए ग्रेड मिलने की जानकारी देते डॉ. सुतापा व अन्य।

### आईआईएचएमआर स्वास्थ्य प्रबंधन शिक्षा में अग्रणी

नई दिल्ली। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ मैनेजमेंट रिसर्च (आईआईएचएमआर) को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद द्वारा ए ग्रेड से सम्मानित किया गया है। यह मान्यता अकादमिक उत्कृष्टता, अनुसंधान नवाचार और छात्रों के समग्र विकास के प्रति आईआईएचएमआर की अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। आईआईएचएमआर निदेशक डॉ. सुतापा बी. नियोगी ने एनएएसी ये ग्रेड मान्यता प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, वह प्रतिष्ठित मान्यता प्राप्त करके रोमांचित हैं, जो स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन शिक्षा में उत्कृष्टता की हमारी निरंतर खोज को मान्य करता है। यह मील का पत्थर सर्वांगीण पेशेवरों को विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है जो स्वास्थ्य सेवा उद्योग की जटिलताओं से निपट सकते हैं।

### आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा सम्मानित



नई दिल्ली/ जयपुर। आवासन मंडल को एक्सीलेंस इन पीएसयू और आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को एग्जमप्लरी लीडर ऑफ द ईयर अवार्ड के साथ सूची में एक सम्मान और जुड़ गया। मुंबई के ताज लैंड्स एंड होटल में हुए भव्य समारोह में मंडल सचिव श्रीमती अल्पा चौधरी, निदेशक (लॉ) लेखराज जाग्रट, अनुज माथुर और बीएल स्वामी ने आवासन आयुक्त की ओर से दोनों राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार प्राप्त किए। दोनों पुरस्कार वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस की ओर से दिए गए हैं। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि पुरस्कार, सम्मान और शाबाशी बेजान चीजों में भी जान डालने की ताकत रखते हैं। 4 साल पूर्व आवासन मंडल बेजान हो चला था लेकिन मुख्यमंत्री और नगरीय विकास मंत्री के उत्साहवर्धन के चलते हमें हिम्मत मिली।

## आईजीआई एयरपोर्ट को मिला देश का पहला टैक्सी-वे, चौथी पट्टी शुरू

### नागर विमानन मंत्री सिंधिया ने किया ईसीटी और नई हवाई पट्टी का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


दिल्ली हवाईअड्डे पर निर्मित एलिवेटेड ईस्टर्न क्रॉस टैक्सीवे।

दिल्ली हवाईअड्डे पर निर्मित एलिवेटेड ईस्टर्न क्रॉस टैक्सीवे (ईसीटी) और चौथी हवाई पट्टी पर विमानन गतिविधियों का परिचालन शुक्रवार से शुरू हो गया।

इससे देश के सबसे बड़े हवाईअड्डे की क्षमता और परिचालन दक्षता बढ़ने की उम्मीद है। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यहां हवाईअड्डे पर आयोजित एक कार्यक्रम में ईस्टर्न क्रॉस टैक्सीवे और नई हवाई पट्टी का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश का विमानन क्षेत्र इस समय वृद्धि के दौर की शुरुआत से गुजर रहा है। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) देश का पहला ऐसा हवाईअड्डा है जहां पर चार हवाई पट्टियां होने के साथ ईसीटी भी मौजूद है। इस हवाईअड्डे से रोजाना करीब।,500 विमानों की आवाजाही होती है। देश के सबसे बड़े हवाईअड्डे पर नई सुविधाएं शुरू होने से विमानों की आवाजाही में सहूलियत बढ़ जाएगी। करीब 2.1 किलोमीटर लंबा ईस्टर्न क्रॉस टैक्सीवे शुरू हो जाने से विमान उतरने के बाद और उड़ान भरने के पहले यात्रियों का टरमैक पर बिताया जाने वाला समय कम हो जाएगा। ईसीटी शुरू होने के साथ आईजीआईए देश का इकलौता हवाईअड्डा हो गया है जहां ऊपर टैक्सीवे होगा और उसके नीचे से सड़कें गुजरती हैं।

विमानों के खड़े होने वाली जगह से हवाई पट्टी तक जाने वाले रास्ते को टरमैक कहा जाता है। ईसीटी दिल्ली हवाईअड्डे के पूर्वी हिस्से में उत्तरी और दक्षिणी हवाई क्षेत्रों को जोड़ने का काम करेगा। इससे उड़ान भरने से पहले और उतरने के बाद विमान को टरमैक पर सात किलोमीटर तक कम दूरी तय करनी होगी। इससे विमान के उड़ान भरने से पहले (टैक्सींग) का समय 20 मिनट से घटकर 10-12 मिनट रह जाएगा।

### परिचालन दक्षता और क्षमता बढ़ेगी: जीएमआर

**जीएमआर ग्रुप के चेयरमैन जी एम राव ने कहा कि हवाईअड्डे पर ईसीटी और चौथी हवाई पट्टी शुरू होने से इसकी परिचालन दक्षता और क्षमता बढ़ जाएगी। सिंधिया ने जीएमआर ग्रुप से अक्टूबर तक चौथे टर्मिनल टी4 का निर्माण कार्य पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि त्योहारी मौसम की भीड़भाड़ शुरू होने के पहले नया टर्मिनल का परिचालन शुरू हो जाने के प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि देश के नागर विमानन क्षेत्र में इस समय वृद्धि का दौर शुरू है और यह एक आर्थिक शक्ति के रूप में देश के उदय में योगदान दे रहा है।**

### ईसीटी पर दो विमानों का एक साथ आवागमन

सिंधिया ने कहा कि ईसीटी पर चौड़े आकार वाले दो विमान एक साथ आवागमन कर सकते हैं। दो लेन वाले ईसीटी की एक लेन 44 मीटर चौड़ी है और दोनों लेन के बीच 47 मीटर का फासला भी रखा गया है ताकि चौड़े विमान आसानी से आवाजाही कर सकें। सिंधिया ने कहा कि चौथी हवाई पट्टी शुरू हो जाने और अक्टूबर तक चौथे टर्मिनल का भी काम पूरा हो जाने पर दिल्ली हवाईअड्डे की क्षमता बढ़कर 10.9 करोड़ यात्री प्रति वर्ष हो जाएगी। फिलहाल इसकी क्षमता सात करोड़ यात्री प्रति वर्ष की है। आईजीएआई क्षमताओं के मामले में अटलांटा हवाईअड्डे को भी पीछे छोड़ देगा।

## एमएसडब्ल्यू के छात्रों को पीजी और पीएचडी का मौका

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


प्रोफेसर संजय रॉय

दिल्ली विश्वविद्यालय के सामाजिक कार्य विभाग विशेष रूप से हाशिए पर रहने वाले समुदायों के विकास पर अपना अटूट ध्यान केंद्रित करना है।

चाहे वह अल्पसंख्यक समुदाय, महिलाएं, बच्चे, कमजोर और पिछड़ी जाति समूह, बुजुर्ग, विकलांग व्यक्ति, एचआईवी, एड्स से प्रभावित व्यक्ति हो या एलजीबीटी समुदाय या आपदा से प्रभावित लोग। सामाजिक कार्य विभाग (एमएसडब्ल्यू) का प्लेसमेंट सेल डेवलपमेंट सेक्टर में अपने परास्नातक, स्नातकों के लिए उत्कृष्ट कैरियर के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, प्लेसमेंट सेल अपने स्नातककों के लिए 100 फीसदी प्लेसमेंट सुनिश्चित करता है। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संजय रॉय ने बताया कि प्लेसमेंट सेल छात्रों और संभावित नियोक्ताओं के बीच एक पुल के रूप में कार्य करता है, जो शिक्षा जगत से पेशेवर दुनिया में एक निर्बाध संक्रमण की सुविधा प्रदान करता है। यह विकास क्षेत्र में काम करने वाले प्रतिष्ठित संगठनों, गैर सरकारी संगठनों, एजेंसियों और कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल के साथ साझेदारी और सहयोग का एक मजबूत नेटवर्क बनाए रखता है।

# कंपनी के कर्मचारी ने कंपनी से की 778 डॉलर की धोखाधड़ी, फिर छोड़ी नौकरी

## ठगी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**शातिर** अपराधी ने एक कंपनी की आईडी लॉगिन करके 778 डॉलर की अवैध तरीके से धोखाधड़ी कर ली। पुलिस ने इस धोखाधड़ी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में प्रयोग किया गया मोबाइल भी उससे बरामद किया है।

फेयर वेल्यू इंफोर्मेशन टेक्नॉलोजी प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के प्रबंध निदेशक की ओर से पुलिस को यह शिकायत दी गई। शिकायत में बताया गया कि यह कंपनी मेड यूएसए की ओर से संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित चिकित्सा सुविधा प्रदान करने वाले अस्पतालों और बीमा कंपनियों के साथ काम करती है। बीमा कंपनियों के साथ बातचीत करके चिकित्सा बिलों का भुगतान वर्चुअल क्रेडिट कार्ड के माध्यम से करती है। किसी व्यक्ति ने इनकी कंपनी के सर्वर को एक्सेस करके कंपनी के साथ 778 डॉलर की धोखाधड़ी को अंजाम दिया। इस


गुरुग्राम पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया कंपनी को चूना लगाने का आरोपी पूर्व कर्मचारी।

शिकायत में पर केस दर्ज करके पुलिस थाना साईबर अपराध पश्चिम ने जांच शुरू की। पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए इस केस में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। उसकी पहचान जी. मुकुल के रूप में हुई है। उसे पाललम विहार गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया।

### आरोपी पहले इसी कंपनी में करता था नौकरी

**आरोपी** से पुलिस पूछताछ में पता चला कि वह पहले इसी कम्पनी में नौकरी करता था। कंपनी द्वारा उसको सर्वर को एक्सेस करने के लिए यूजर आई और पासवर्ड दिए गए थे। नौकरी के दौरान ही उसने अपने मोबाईल फोन पर कम्पनी द्वारा दिए गए यूजर आई व पासवर्ड का अवैध रूप से प्रयोग करना शुरू कर दिया था। उसने अमेरिकन लोगों के वर्चुअल कार्ड की डिटेल्स को टेलीग्राम ऐपलीकेशन के माध्यम से अमेरिका में शेयर की। फिर उन वर्चुअल कार्ड को 40 प्रतिशत पर रिडीम करवाकर उसने रुपये हासिल कर लिये। वर्चुअल कार्ड के माध्यम रिडीम कराए गए 778 डॉलर (लगभग 62 हजार रुपए) का 40 प्रतिशत हिस्सा करीब 30 हजार रुपए उसने हासिल किया। उसके द्वारा किए जा रहे इस अवैध कार्य का जब कम्पनी को संदेह हुआ तो आरोपी ने कंपनी से नौकरी छोड़ दी।

# श्रीमद् भागवत से मिलती है जीवन जीने की प्रेरणा : नवीन गोयल

## बोले, दुनिया में श्रेष्ठ है हमारी सनातन संस्कृति

## श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर कही यह बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा में गीता जी को सिर पर ले जाते नवीन गोयल।

**सावन** मास के कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि के अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा का अग्रवाल धर्मशाला में शुक्रवार से शुभारंभ हुआ। इससे पूर्व माधव फाउंडेशन द्वारा आयोजित कथा के आयोजन से पूर्व शहर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

कथा के शुभारंभ अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कथावाचक श्री पुरुषोत्तम कृष्ण गोस्वामी जी ने ओजस्वी वाणी से कथा की। कलश यात्रा में नवीन गोयल, डा. डीपी गोयल सपरिवार शामिल हुए। नवीन गोयल ने श्रीमद् भागवत गीता को सिर पर उठाकर यात्रा पूर्ण की। इस अवसर पर नवीन गोयल ने कहा कि श्रीमद् भागवत से जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। हरियाणा तो भगवान श्रीकृष्ण की कर्मभूमि रहा है। उन्होंने यहां से गीता का ज्ञान देकर दुनिया को ऐसा संदेश दिया है जो सदियों तक प्रेरणा स्रोत रहेगा। सनातन धर्म के अनुयायियों को अपने घरों में गीता का पाठ नियमित तौर पर करना चाहिए। घरों में ऊर्जा के संस्कार के साथ साथ इससे बच्चों में भी संस्कार सृजित होता हैं।

नवीन गोयल ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति पौराणिक संस्कृति है। इस श्रेष्ठ संस्कृति ने दुनिया को जीने का एक रास्ता दिखाया है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा को सुनना तीर्थ करने के समान है। किसी भी कथा में जाएं, वहां पर पूरी एकाग्रता के साथ बैठें। साथ ही गजेंद्र गुप्ता (बांबी) ने कहा कि कथा को सिर्फ सुनना ही काफी नहीं, बल्कि उसे समझना भी चाहिए। हम कथा को सुनकर अपनी अगली पीढ़ियों को, बच्चों को सुनाएं। अपने महापुरुषों, अपने देवताओं के बारे में बताएं। पीढ़ी दर पीढ़ी ऐसे संस्कार देने बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति की खूबसूरती यही है कि हम अपने तीज-त्योहारों को मिलकर मनाते हैं। एक-दूसरे का ख्याल रखते हैं। खुशियों को सांझा करते हैं। उन्होंने कथा के आयोजकों को बेहतरीन कथा और कलश यात्रा के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर गजेंद्र गुप्ता (बॉबी) असिस्टेंट गवर्नर रोटरी व उपाध्यक्ष, हरियाणा प्रदेश अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं वन्दना गजेंद्र गुप्ता, सतीश तायल, दीपक मंगला, सोनू तायल, सीए यमन गर्ग, प्रिंस मंगला, सतीश गर्ग, विकास सिंघल, संदीप गोयल, गगन गोयल, बीएल अग्रवाल, मनीष जैन, नितिन गर्ग, रविन्द्र राठी व अन्य जन उपस्थित रहे।

इशिका सेनेटरी एंड हार्डवेयर उद्योग, श्री श्याम सहायता कोष व श्याम लाडली परिवार, विनटस ग्रुप, खंडेलवाल ग्रुप, वाइट लैंड डेवलपर्स की ओर से इस आयोजन में सहयोग दिया जा रहा है। माधव फाउंडेशन हजारों की संख्या में पधारे समस्त श्रद्धालु गणों का कलश यात्रा को सफल बनाने के लिए हार्दिक आभार प्रकट करता है।


गुरुग्राम में जी-20 सम्मेलन में शिरकत करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

# जी-20 की मेजबानी से हरियाणा हुआ गौरवान्वित : मनोहर लाल

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा हरियाणा प्रदेश आज जी-20 के शिखर सम्मेलनों की मेजबानी करते हुए देश को गौरवान्वित कर रहा है। विदेशी प्रतिनिधि सुखद माहौल में विषय विशेष से जुड़े सम्मेलन में भागीदार बनते हुए हरियाणा के आतिथ्य सरकार के मुरीद बन गए हैं। वे यहां हयात रिजेंसी होटल परिसर में दो दिवसीय प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से जो संदेश आमजन तक पहुंचाया जा रहा है, वह सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक संध्या में मौजूद विदेशी प्रतिनिधियों व सांस्कृतिक मंच के प्रतिभागियों को हरियाणा सरकार की जनहितकारी नीतियों से भी अवगत कराया। रात्रि भोज के समय प्रस्तुत किये गए सांस्कृतिक कार्यक्रम देश की एकता व अखंडता को समर्पित रहे। हरियाणवी लोक नृत्य प्रशंसनीय रहा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग व हरियाणा पुलिस की स्टॉल पर सम्बंधित अधिकारियों से बातचीत करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है और हरियाणा में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने का जो अवसर उन्हें मिला है उसमें हरियाणा सरकार प्रभावी दायित्व निभा रही है।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल, हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा, विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली, सांसद रमेश कौशिक, सुनीता दुग्गल, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार और कातिज़्केय शर्मा, भारत सरकार के गृह मंत्रालय में विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) शिवगामी सुंदरी नंदा, मुख्य सचिव संजीव कौशल, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी, डीजीपी हरियाणा पीके अग्रवाल, गुरुग्राम मंडल आयुक्त आरसी विधान, नगर निगम के आयुक्त पीसी मीणा, डीसी निशांत कुमार यादव, पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन तथा विभिन्न देशों से आए हुए प्रतिनिधि व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पौधारोपण के साथ उसके संरक्षण का भी संकल्प ले जिलावासी



**गुरुग्राम।** हरियाणा उदय अभियान के ग्रीन गुरुग्राम कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को डीसी निशांत कुमार यादव ने पीएचसी वजीराबाद के प्रांगण में पौधारोपण किया। इस दौरान ग्रीन गुरुग्राम के नोडल अधिकारी एवं बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव, सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव ने भी पौधारोपण किया। गुरुग्राम जिला में ग्रीन गुरुग्राम कार्यक्रम के तहत जुलाई माह में स्कूल, कॉलेज, सभी अमृत सरोवर व सरकारी प्रतिष्ठानों में एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। डीसी निशांत कुमार यादव ने इस मौके पर उपस्थित नागरिकों व स्टॉफको संबोधित करते हुए कहा कि कि प्रकृति के संरक्षण के साथ-साथ मानव जीवन और प्रकृति के साथ संतुलन के लिए पौधारोपण जरूरी है। वृक्ष से हमें ऑक्सीजन मिलती है, पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने आमजन से अपील कि वे ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें और इसकी देखभाल भी नियमित रूप से करें। उन्होंने कहा कि पौधारोपण जैसे छोटे, लेकिन महत्वपूर्ण प्रयासों से हम पर्यावरण संरक्षण कर सकते हैं। अगर प्रकृति संरक्षित होगी तो मानवीय जीवन भी सुरक्षित होगा। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के प्रति पूरी तरह गंभीर है। जिला प्रशासन की ओर से हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रमों की श्रृंखला में विभिन्न सामाजिक गतिविधियां आयोजित करने के साथ पौधारोपण अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसमें सभी को बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे अभियान ग्रीन गुरुग्राम के नोडल अधिकारी एवं बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव, सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव सहित पीएचसी का स्टाफ व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सांप की नंगली मोड़ पर चल रहे अवैध अहाते को बंद किया

**सोहना।** शहर की सांप की नंगली मोड़ पर दुकान के अंदर चल रहा अवैध आहाता पर आबकारी विभाग की टीम ने पुलिस को साथ लेकर छापा मारा। छापे के दौरान दुकानदार बिना लाइसेंस के आहाता चलाने का आरोपी मिला। जिसके खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिकारी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। आबकारी विभाग के अधिकारी महिंदर राठी ने पुलिस को बताया कि उन्हे सूचना मिली कि विवक बाली निवासी सोहना सांप ने सांप की नंगली मोड़ पर दुकान किराए पर ली हुई है। उसकी दुकान के पास में शराब का ठेका है। जिसके फायदा उठाते हुए अपनी दुकान में गैरकानूनी तरीके से आहाता चला रहा है। उन्होने टीम का गठन करते हुए पुलिस को साथ लिया और गुरुवार को उक्त दुकान पर छापा मारा। छापे के दौरान कुछ लोग दुकान में बैठकर शराब व बीयर पी रहे थे। दुकान में ही बीयर व शराब की अलग-अलग ब्रांड की खाली बोतलें पड़ी थी। जिससे यह साबित हुआ कि दुकानदार विवक बाली बिना लाइसेंस के आहाता चला रहा था। जिसके खिलाफ सबूतों के आधार पर शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

### मारुति कुंज में बंद मकान का ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी चोरी

**सोहना।** भोंडसी की मारुति कुंज कॉलोनी में बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात व करीब 25 हजार रुपये की नकदी चोरी हो गई। मकान मालिक की शिकायत पर भोंडसी पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच में जुट गई है। मारुति कुंज कॉलोनी निवासी संदीप ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात को वह ड्यूटी पर चला गया था। घर पर अन्य कोई सदस्य न होने के कारण वह बाहर से ताला लगाकर गया था। गुरुवार की सुबह ड्यूटी से आया तो मकान के बार दरवाजे पर लगा ताला जमीन पर टूटा पड़ा था। वह दरवाजा खोलकर अंदर गया तो कमरें व अलमारी के आस पास सामान बिखरा पड़ा हुआ था। उसने घर में रखें जेवरात व नकदी की तलाश की। लेकिन करीब डेढ़ लाख रुपये की सोना तथा चांदी के आभूषण और करीब 25 हजार रुपये नकदी गायब थी। यह सब उसकी गैरमौजूदगी में चोरी हो गए।

### मिक्सचर प्लांट पर खड़ी गाड़ी रात में हुई चोरी

**सोहना।** भोंडसी थाना क्षेत्र में गढ़ी बाजीदपुर मार्ग पर बना मिक्सचर प्लांट पर खड़ी गाड़ी चोरी हो गई। पुलिस ने गाड़ी चालक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज करते हुए तलाश में जुट गई है। गांव अलीपुर निवासी किशनचंद ने भोंडसी थाना पुलिस को बताया कि वह रेवाड़ी निवासी की गाड़ी पर बतौर चालक नौकरी करता है। 2 जुलाई की रात को उसने गढ़ीबाजीदपुर मार्ग पर बना प्लांट पर रात के समय में गाड़ी को खड़ा किया था। 3 जुलाई की सुबह जाकर देखा तो गाड़ी मौके पर नहीं थी। जिसकी अपने स्तर पर जांच करता रहा। पुलिस ने गाड़ी चालक की शिकायत पर अपने स्तर पर जांच करने के बाद गुरुवार को मामला दर्ज कर लिया है।

# अब आपदा के बारे में मिलेगी प्रारंभिक चेतावनी और अलर्ट

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**राष्ट्रीय** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रारंभिक चेतावनी और अलर्ट के लिए राष्ट्रीय आपदा चेतावनी पोर्टल और मोबाइल ऐप सचेत लांच किया गया है। इस पोर्टल व ऐप के के माध्यम से आमजन को मोबाइल पर आपदा से संबंधित जानकारी की चेतावनी और अलर्ट मिलेगा।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एनपीडीआरआर के तीसरे स्तर के दौरान यह राष्ट्रीय आपदा चेतावनी पोर्टल और सचेत मोबाइल ऐप लांच किया गया है। यह पोर्टल आपदा विंग प्रसार से संबंधित प्रारंभिक चेतावनी प्राप्त करने के लिए बनाया गया है। सचेत मोबाइल ऐप के माध्यम से स्थानीय मौसम, तापमान, वर्षा प्रदूषण का स्तर, वज्रपात का अलर्ट तथा विभिन्न प्रकार की आपदाओं में क्या करें, क्या ना करें आदि के बारे में पता लगा सकते हैं।

सचेत मोबाइल ऐप आपदाओं को न्यून करने में बहुत उपयोग सिद्ध होगा। डीसी निशांत कुमार यादव ने सभी अधिकारियों व अपने अधीनस्थ कार्यरत कर्मचारियों के मोबाइल में सचेत ऐप को डाउनलोड करने की बात कही है। उन्होंने सचेत मोबाइल ऐप का आम जनमानस में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराने की आवश्यकता पर बल देते हुए बताया कि यह ऐप एंड्रॉयड और आईओएस संस्करण गूगल प्ले और एप्पल ऐप स्टोर पर उपलब्ध है।

# गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया स्थापित करेगी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

## फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष ने किया जीयू के फार्मेसी डिपार्टमेंट का निरीक्षण

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**फार्मेसी** काउंसिल ऑफ इंडिया गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के फार्मेसी विभाग के छात्रों के लिए सेटर ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता का केंद्र) स्थापित करेगी। शुक्रवार को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मोंटू पटेल ने गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार से मुलाकात की। दोनों के बीच छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण


गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार से मुलाकात करते फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मोंटू पटेल।

विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान अध्यक्ष ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जीयू के फार्मेसी विभाग का विधिवत निरीक्षण किया। उन्होंने विभाग की लैब, स्मार्ट कक्षाएं, आधुनिक आधारभूत संरचना एवं प्रयोगशाला का निरक्षण किया। इस दौरान अध्यक्ष मोंटू पटेल ने गुरुग्राम विवि की आधारभूत संरचना की प्रशंसा करते हुए कहा कि आने वाले समय में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया फमेसज़ी के क्षेत्र में जीयू में सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस बनाएगी, जो शोध और औषधीय निर्माण के क्षेत्र में पूरे राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करेगा। फार्मेसी से संबंधित दुनिया की आधुनिक मशीनें लगाई जाएगी, जिससे औषधीय परीक्षण, जैव रासायनिक परीक्षण, सभी एक ही समय में आसानी से हो सकेंगे।

साथ ही साथ छात्रों को नवीनतम उपकरणों को संभालने और काम करने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, इस मौके पर गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है कि पीसीआई ने यहां सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का निर्णय लिया है।

# बजाज अलियांज लाइफ ने बजाज अलियांज लाइफ एसीई के साथ पेश की नई सेविंग स्कीम

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ/आगरा

**प्रमुख** निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज अलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने आज अनूठा सेविंग प्लान लॉन्च किया। बजाज अलियांज लाइफ एसीई एक नॉन-लिंक्ड, पार्टिसिपेटिंग, अर्ली इनकम लाइफ इंश्योरेंस प्लान है जो ग्राहकों को अपनी जरूरत के हिसाब से वित्तीय आवश्यकताओं के अनुसार नकदी प्रवाह को अनुकूलित करने के लिए बेहतर लचीलापन प्रदान करता है। पार्टिसिपेटिंग या सेविंग लाइफ इंश्योरेंस प्लान ग्राहकों के बीच लोकप्रिय हैं क्योंकि यह सुरक्षा, नकदी और रिटर्न जैसी विशेषताएं देते हैं। बजाज अलियांज लाइफ की मौजूदा बचत योजनाएं न केवल इन सुविधाओं के साथ आती हैं, बल्कि कंपनी द्वारा नियमित रूप से घोषित उच्च रिटर्न और बोनस भी मिलता है। अपने नए सेविंग प्लान बजाज अलियांज लाइफ एसीई के साथ कंपनी ने अपनी सेविंग प्लान द्वारा दिए जाने वाले लाभों को और मजबूत किया है।

बजाज अलियांज लाइफ एसीई उन सभी ग्राहकों के लिए बेहतर पसंद है जो अपने कई तरह के जीवन लक्ष्यों विभिन्न जीवन लक्ष्यों की योजना बनाने के लिए अपने आय प्रवाह को बनाने और नियंत्रित करने के इच्छुक हैं। इस प्रोडक्ट के माध्यम से ग्राहक अब आय का एक अतिरिक्त स्रोत बनाने के लिए या तो एकमुश्त बड़ी आय चुन सकते हैं या नियमित आय और एकमुश्त दोनों के संतुलन का आनंद ले सकते हैं। यह सारी सुविधाएं जीवन बीमा के अतिरिक्त है। पार्टिसिपेटिंग या सेविंग लाइफ इंश्योरेंस प्लान में आमतौर पर ग्राहकों को इस तरह का लचीलापन नहीं मिलता और न ही उन्हें अपनी आवश्यकताओं के अनुसार अपनी आय प्रवाह को तय करने की पसंद मिल पाती है जो कि यहां मिल रही है।

बजाज अलियांज लाइफ के एमडी और सीईओ श्री तरूण चुघ ने कहा, ''पारंपरिक बचत उत्पादों को ग्राहकों के लिए और अधिक फायदेमंद बनाने के लिए, मुझे पहली बार किसी पार्टीसिपेटिंग प्लान में उन्नत फ्लेक्सिबिलिटी को पेश करते हुए खुशी हो रही है। यह सुविधा ग्राहकों को चुनने की शक्ति प्रदान करेगी। अपने वित्तीय लक्ष्य के आधार पर ग्राहक आय का स्तर चुन सकते हैं, वे कब और कितने समय के लिए आय चाहते हैं, और वे अपना नकदी प्रवाह कैसे चाहते हैं। यह पहले संभव नहीं था। हमारे लगातार पिछले प्रदर्शन से समर्थित यह फ्लेक्सिबिलिटी मुझे विश्वास दिलाती है कि हमारी नई बचत योजना का हमारे ग्राहकों के वित्तीय पोर्टफोलियो में एक मजबूत स्थान होगा।''

बजाज अलियांज लाइफ एसीई की कुछ खासियत : बजाज अलियांज लाइफ एसीई विविध आय विकल्प की अपनी बड़ी खासियत के साथ लचीलापन देता है। इसमें ग्राहक पॉलिसी की शुरुआत में वांछित आय, आय प्रारंभ वर्ष, आय अवधि, परिपक्वता लाभ को अपने लक्ष्यों के अनुसार समायोजित कर सकते हैं और बहुत कुछ चुन सकते हैं! यह सुविधा सुनिश्चित करती है कि जीवन कवर प्राप्त करने के अलावा ग्राहक केवल इस एक प्लान से अपनी विविध वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं।

# प्राइम डे पर अमेजन पे के साथ पाएं खुशियां : एक्सक्लूसिव ऑफर्स, आकर्षक रिवार्ड और बेजोड़ सुविधा का उठाएं लाभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**15 और** 16 जुलाई को आयोजित होने वाली प्राइम डे सेल नजदीक आ रही है, इसलिए बेहतर खरीदारी अनुभव के लिए आप तैयार हो जाएं। इस बार प्राइम डे पर, अमेजन पे आपकी खरीदारी के तरीके में एक नई क्रांति लाने के लिए तैयार है, जो आपको कई लाभ, कैशबैक और आसान क्रेडिट की पेशकश करेगा। आनंद, निर्बाध भुगतान और अविश्वसनीय बचत की यात्रा शुरू करने के लिए आप तैयार रहें। यहां हम बता रहे हैं कि आपको अमेजन पे के साथ क्यों खरीदारी करनी चाहिए और इस प्राइम डे का अधिकतम लाभ उठाना चाहिए।

**होटल्स और इंटरनेशनल फ्लाइट बुकिंग पर लाभ :** क्या आप अपने ड्रीम वेकेशन की योजना बना रहे हैं? नए लॉन्च हुए इंटरनेशनल फ्लाइट और होटल बुकिंग अनुभव का लाभ उठाइए और 110,000 से अधिक इंटरनेशल होटल्स, होमस्टे, विला आदि की विशाल रेंज से चयन करें। अमेजन के साथ अपने इंटरनेशनल वेकेशन बुकिंग को आसान बनाएं और फ्लाइट एवं होटल पर एक्सक्लूसिव डील्स का लाभ उठाएं। प्राइम डे के हिस्से के रूप में, प्राइम मेंबर्स कई बेजोड़ डील्स का लाभ उठा सकेंगे, जैसे घरेलू उड़ानों पर 25 प्रतिशत तक की छूट और इंटरनेशनल फ्लाइट पर 17 प्रतिशत तक की छूट के साथ 100,000 होटल स्टे पर 50 प्रतिशत तक की छूट। गैर-प्राइम मेंबर्स भी सभी ट्रैवल बुकिंग पर एक्सक्लूसिव ऑफर का लाभ उठा सकते हैं, जैसे घरेलू उड़ानों पर 18 प्रतिशत तक की छूट, इंटरनेशनल फ्लाइट पर 13 प्रतिशत तक का डिस्काउंट और 100,000 होटल स्टे पर 43 प्रतिशत तक की छूट। प्रत्येक बुकिंग पर इन ऑफर का लाभ उठाएं और केवल अमेजन के साथ अपने यात्रा अनुभव को बेहतर बनाएं।

**अमेजन पे के साथ डेली रिवार्ड :** प्राइम डे तक प्राइम मेंबर्स के रूप में शुरुआती रिवार्ड की खुशी का अनुभव लेने के लिए तैयार रहें। अमेजन पे पर मोबाइल और डीटीएच रिचार्ज, सब्सक्रिप्शन, गिफ्ट कार्ड, और टिकट बुकिंग सहित कई रोमांचक ऑफर्स की खोज करें। प्रत्येक लेनदेन के साथ, कैशबैक और रिवार्ड पाएं जो आपके दिन को और भी ज्यादा खुशहाल बना देंगे। प्राइम मेंबर्स सभी रिचार्ज पर 50 रुपए तक का 100 प्रतिशत कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं, अमेजन पे यूपीआई के उपयोग से सब्सक्रिप्शन पर 2500 रुपए तक की छूट और हर महीने अधिकतम 10 लेनदेन के साथ डिजिटल गोल्ड की न्यूनतम 300 रुपए की खरीद पर 5 प्रतिशत अधिकतम 5000 रुपए तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। इतना ही नहीं, गैर-प्राइम मेंबर्स भी रिवार्ड का लाभ उठा सकते हैं, वे सभी रिचार्ज पर 35 रुपए तक की 100 प्रतिशत छूट, अमेजन पे यूपीआई का उपयोग कर सब्सक्रिप्शन लेने पर 1500 रुपए तक की छूट और हर महीने अधिकतम 10 लेनदेन के साथ डिजिटल गोल्ड की 300 रुपए की न्यूनतम खरीद पर 3 प्रतिशत अधिकतम 3000 रुपए की छूट हासिल कर सकते हैं।

**आसान क्रेडिट एक्सेस का उठाएं लाभ :** इस प्राइम डे पर अमेजन पे आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड के साथ ज्यादा खरीदारी करने और बड़ी बचत करने और हर खर्च पर रिवार्ड प्वॉइंट्स का लाभ उठा सकते हैं। अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड प्राइम मेंबर्स के लिए एक गेम-चेंजर है। ये एक लाइफटाइम फ्री क्रेडिट कार्ड है जो प्राइम मेंबर्स के लिए शॉपिंग पर हमेशा 5 प्रतिशत कैशबैक और गैर-प्राइम मेंबर्स के लिए 3 प्रतिशत कैशबैक की पेशकश करता है।

# केंद्र व राज्य सरकार ने सड़कों का जाल बिछाकर गुरुग्राम को दी है राहत


गुरुग्राम की फिरोजगांधी कालोनी में सीवरेज लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने शुक्रवार शाम को फिरोज गांधी कॉलोनी में नयी सीवर लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ किया। करीब 85 लाख रुपये की लागत से डलने वाली इस लाइन डलने से इलाके के लोगों को सहूलियत होगी। इस अवसर उन्होंने विकास कार्यों का भी जिक्र किया और जनता के लिए हितकारी बताया।

इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम के अनेक क्षेत्रों में सीवरेज की लाइनों को बदल दिया गया है। इस कार्य को लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आबादी के हिसाब से पुरानी डाली गई लाइनों में दिक्कत आ रही है। क्षेत्र के लोगों की परेशानी को देखते हुए इस संबंध में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, सीवरेज होते हैं। इनमें सुधार के लिए काम किया जा रहा है।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम में प्रदेश सरकार की योजनाओं के साथ केंद्र सरकार की योजनाएं भी लागू की जाती हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का गुरुग्राम को खूब लाभ मिल रहा है। आने वाले समय में गुरुग्राम और दिल्ली का यातायात जाम सही करने के लिए द्वारका एक्सप्रेस-वे शुरू होगा। यह दोनों राज्यों के बीच बहुत बड़ा सेतु होगा, जो कि यातायात के दबाव को दिल्ली-गुरुग्राम से कम करेगा। जयपुर जाने वाले वाहन दिल्ली के महीपालपुर स्थित शिवमूर्ति के पास एनएच-48 से द्वारका एक्सप्रेस-वे अलग से निकाला गया है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 15 जुलाई, 2023



# सब ठीक है तो मान्यता के नवीनीकरण से क्यों डर रहे स्कूल संचालक

### स्कूलों के दबाव में शिक्षा विभाग ने आदेश वापिस लिया तो कोर्ट जाएगा अभिभावक मंच

### नवीनीकरण कराने के नियम को बदला तो इसके खिलाफ हाईकोर्ट में दायर की जाएगी याचिका

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** शिक्षा नियमावली के तहत स्थाई मान्यता वाले सभी निजी स्कूलों को 10 साल बाद अपनी मान्यता का नवीनीकरण कराना जरूरी है। इसी नियम की पालना में माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने सभी निजी स्कूल संचालकों को निर्देश दिया है कि वे स्थाई मान्यता की समीक्षा कराएं और ऑनलाइन फार्म-2 पर मांगी गई सभी जानकारी सही व ठीक प्रकार से भरकर जमा कराएं, ताकि मान्यता का नवीनीकरण किया जा सके। इसके साथ ही चेयरमैन सीबीएसई व हरियाणा बोर्ड को पत्र भेजकर कहा गया है कि बगैर समीक्षा के किसी भी स्कूल की आगे मान्यता न बढ़ाई जाए।

स्कूल संचालक शिक्षा निदेशालय के इस निर्देश का विरोध कर रहे हैं और मंत्री, सांसद, विधायकों के माध्यम से अपना विरोध पत्र मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री तक पहुंचा रहे हैं। स्कूल संचालकों के विरोध पर हरियाणा अभिभावक एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा व प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि स्कूल संचालक हमेशा यह दावा करते हैं कि वे सीबीएसई व हरियाणा शिक्षा नियमावली के सभी नियम कानूनों का पालन कर रहे हैं। फिर अब वे शिक्षा नियमावली के इस नियम का विरोध क्यों कर रहे है और सबकुछ ठीक है तो मान्यता का नवीनीकरण कराने से क्यों डर रहे हैं? मंच का कहना है कि स्कूल संचालक हर उस नियम व आदेश का विरोध करते हैं और उसको नहीं मानते, जो उनके हितों के खिलाफ होता है या जिनकी वजह से उनके नियम विरुद्ध कार्यों की पोल खुलती है। कैलाश शर्मा ने कहा कि बैंक में भी खाताधारकों से कई बार केवाईसी फार्म पर ब्योरा मांगा जाता है, जिसे खाताधारक देते हैं। अब

केंद्र सरकार ने 10 साल पुराने हो चुके आधार कार्ड होल्डरों से आधार कार्ड का नवीकरण कराने को कहा है, जिसे लोग करा रहे हैं। जब एक आम आदमी सभी नियम कानूनों का पालन करता है तो प्राइवेट स्कूल संचालकों को भी सभी नियमों का पालन करना चाहिए।

मंच के प्रदेश संरक्षक सुभाष लांबा व लीगल एडवाइजर एडवोकेट बीएस विरदी ने कहा है कि हरियाणा सरकार ने स्कूल संचालकों के दबाव व सांसद, विधायकों की सिफारिश पर अगर शिक्षा नियमावली में संशोधन करके 10 साल बाद मान्यता का नवीनीकरण कराने के नियम को बदला तो इसके खिलाफ पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय में याचिका दायर की जाएगी।

# डिलीवरी के बाद गर्भवती की मौत, दो डॉक्टरों के खिलाफ केस

### डिलीवरी के दौरान कटी नस, 52 यूनिट रक्त चढ़ा, 23 दिन बाद मृत्यु

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**डिलीवरी** के दौरान अधिक खून बहने से गर्भवती महिला की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही ये यह हुआ है। डॉक्टरों ने कई बार महिला के पेट को खोला-बंद किया, इससे रक्त बह गया और जान चली गई। पुलिस ने मृतका के पति की शिकायत पर अस्पताल के दो डॉक्टरों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सिटी थाना प्रभारी तेजपाल के अनुसार, हुडा सेक्टर-2 निवासी आमिर खान ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी पत्नी शहनाज गर्भवती थी और उसे बच्चा होने वाला था। उसने अपनी पत्नी को 19 जून को पलवल के निधि अस्पताल में दाखिल करवा दिया। डॉक्टरों ने उसे कहा कि उसकी पत्नी की डिलीवरी नॉर्मल नहीं होगी। बच्चा पैदा करने के लिए ऑपरेशन करना पड़ेगा।

**बच्चे को जन्म देकर तड़पती रही महिला** : उसी रात डॉक्टरों ने उसकी पत्नी का ऑपरेशन कर दिया और रात करीब आठ बजे उसकी पत्नी को ऑपरेशन से बच्चा पैदा भी हो गया। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान उसकी पत्नी के पेट को डॉक्टरों ने तीन-चार बार खोला व बंद किया, इसी कारण उसकी पत्नी को खून बहने लगा। जब खून बहना बंद नहीं हुआ तो अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे कहा कि उसे किसी बड़े अस्पताल में दाखिल करना होगा।



मृतका शहनाज का फाइल फोटो।

**52 बोतल रक्त चढ़ा, नहीं बची जान** : उसने पत्नी को गंभीर हालत में फरीदाबाद के निजी अस्पताल में दाखिल करा दिया। वहां 52 बोतल खून चढ़ने के बाद भी जब सेहत में सुधार नहीं हुआ तो रोहतक मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जहां शहनाज मौत से जंग लड़ती रही। आखिरकार ज्यादा खून बह जाने के कारण 13 जुलाई देर रात को उसकी पत्नी की मौत हो गई। मृतका के पति आमिर ने कहा कि उसकी पत्नी की मौत के जिम्मेदार निधि अस्पताल के डॉक्टर निधि व डॉ. वीपी सिंह हैं। इन दोनों की लापरवाही के कारण ही उसकी पत्नी के पेट की नसें कट गईं और खून का बहना बंद नहीं हुआ। पुलिस ने दोनों डॉक्टरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**डॉक्टर ने नकारे आरोप** : वहीं, इस बारे में निधि अस्पताल के डॉक्टर वीपी सिंह का कहना है कि बच्चा पैदा करने के लिए महिला का ऑपरेशन किया गया था, बच्चा पैदा भी हो गया था। लेकिन उस दौरान महिला को ज्यादा खून बहने लगा तो उन्होंने उसे रेफर कर दिया। इसमें उनकी कोई लापरवाही नहीं है। उन पर बेवजह का आरोप लगाया जा रहा है।

# ससुरालियों से तंग आकर युवक ने लगाई फांसी

### पत्नी सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**ससुराल** वालों के बार-बार परेशान करने और जान से मारने की धमकी देने से तंग आकर युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक युवक के परिजनों का आरोप है कि मृतक की पत्नी के एक अन्य व्यक्ति से अवैध संबंध हैं, जिसके चलते उसे व उसके बेटे को जान से मरवाने की धमकी देते थे।

पलवल की एक कॉलोनी निवासी देशराज ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसके बेटे देवेंद्र को ससुराल वाले परेशान करते थे। उसके बेटे की पत्नी के किसी अन्य व्यक्ति के साथ अवैध संबंध है। बार-बार उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी जा रही थी और उसे डराया धमकाया जा रहा था। जिसके



कारण उसका बेटा काफी दिनों से परेशान चल रहा था। जब उन्होंने उससे परेशानी का कारण पूछा तो उसने बताया कि उसे उसकी पत्नी व अन्य ससुरालजन बार-बार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इसी परेशानी को लेकर उसके बेटे ने फांसी का फंदा गले में लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। होडल थाना पुलिस ने मामले में मृतक की पत्नी सहित चार के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों को योजनाओं की दी जानकारी




### बैठक में जिला के करीब 200 किसानों ने लिया भाग

**पलवल।** कृषि विज्ञान केंद्र मंडकोला में गुरुवार को प्रगतिशील किसान क्लब की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपमंडल अधिकारी डॉ. मंजीत सिंह ने की। बैठक में जिला के करीब 200 किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान कंद्र के सीनियर कोऑर्डिनेटर डॉ. आरएस ढिल्लो, एलडीएम ओमप्रकाश, इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक रोहताश सिंह, पशु विज्ञान केंद्र से डॉ. रेखा दहिया, कृषि विभाग के तकनीकी प्रबंधक अतुल कुमार शर्मा व प्रगतिशील किसान भी मौजूद रहे।

उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. मंजीत सिंह ने किसानों को विभाग द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सरकार द्वारा मेरा पानी-मेरी विरासत योजना शुरू की गई है। किसानों को धान की फसल की बजाय मक्का, अरहर, उड़द, कपास, बाजरा, तिल आदि फसलों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत किसानों को सात हजार रुपए एकड़ का प्रोत्साहन दिया जा रहा है। भूजल स्तर को बचाने के लिए सूक्ष्म सिंचाई पर अनुदान दिया जा रहा है।

किसानों को नेचुरल फार्मिंग करने के बारे में जागरूक करते हुए सहायक तकनीकी प्रबंधक अतुल शर्मा ने कहा कि अपने स्वास्थ को बचाना है तो हर किसान को इस पद्धति को अपनाना पड़ेगा। खंड तकनीकी प्रबंधक सुंदर सिंह ने मेरा पानी-मेरी विरासत के विषय में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में किसानों की समस्याओं को सुना गया और उनका समाधान करने पर चर्चा की गई।

लीड बैंक मैनेजर ओमप्रकाश ने किसानों को बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। किसानों को सरकार की योजनाओं के अनुसार ऋण प्रदान करने के बारे में जागरूक किया गया। इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक रोहताश सिंह ने किसानों को नैनो यूरिया के बारे में बताकर किसानों को जागरूक किया।

# देशभक्ति रागिनी व रक्तदान करके दी शहीद राजवीर को श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**कारगिल** शहीद राजवीर सिंह का 25वां शहीदी दिवस पर देशभक्ति रागनी एवं विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपमंडल नागरिक अधिकारी होडल रणवीर सिंह मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता कारगिल शहीद नायक समुंद्र सिंह हुड्डा, यादगार सेवा समिति के अध्यक्ष रामपाल हुड्डा ने की तथा संचालन भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के जिला संयोजक विष्णु गौड़ व जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, आरएस योगा संस्थान, एचजीएम शिक्षण संस्थान समूह, अखंड भारत संस्कार सभा तथा



जैन यंग क्लब सहयोगी संस्था के रूप में शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रणवीर सिंह, तहसीलदार होडल संजीव नागर, 52 सालों के अध्यक्ष अरुण जेलदार, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के प्रतिनिधि किरणपाल खटाना, नगर परिषद अध्यक्षा इंद्रेश सौरोत, भाजपा नेता हरेंद्र रामरतन, शीशपाल कड्डन, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज रावत, जवाहर सिंह सौरोत, बीरसिंह सौरोत वीरू, उदय सिंह सौरोत, मेजर नंबरदार, मोहित मोनू कालड़ा, समाजसेवी रमेश चंद गर्ग सर्राफ, रामकिशन सिकरैया, डॉ. ओमवीर शर्मा आली वाले, महावीर शर्मा, दीपचंद पप्पू सौरोत करमन, वेद जैन, आप नेत्री डॉ. नवीन रोहिल्ला, राधेलाल हताना, बृजेश शर्मा, डॉ. सतीश कुमार, रोहित जैन, पार्षद कुलवीर, डिगंबर सौरोत, लाल सिंह, कुलवीर, हुकम प्रजापति तथा योग शिक्षक फतेहराम शर्मा, ललित आदि द्वारा शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर 104 रक्तदाताओं ने रक्तदान करके भारत माता के लाडले सपूत शहीद राजवीर सिंह को श्रद्धांजलि दी। मशहूर रागनी कलाकार दीपा चौधरी, रतन सिंह गहलोत, पं. उमाशंकर, अजीत बैंसला तथा दीप्ति रावत आदि कलाकारों द्वारा शहीद को समर्पित देशभक्ति रागिनियां प्रस्तुत की गईं। रक्त संग्रह का कार्य नवजीवन चेरिटेबल रक्त केंद्र होडल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।

# शिविर में विद्यार्थियों व शिक्षकों को कानून की जानकारी दी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौड़ के दिशा निर्देशानुसार एवं सुकीर्ति गोयल मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख व अध्यक्षता में एक कानूनी जागरूकता कार्यक्रम महिलाओं के लिए राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-28 फरीदाबाद में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं महिला अध्यापकों को बताया कि आज का यह कार्यक्रम महिलाओं के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद के तत्वावधान एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से आयोजित



किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह है कि महिलाएं अपने अधिकारों, कानूनों से रूबरू हो सकें, वह जानकारी हासिल कर सकें व अपनी आवाज उठा सकें।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद के हेल्पलाइन नंबर 129-2261898 के बारे में जानकारी दी और कहा कि आप किसी भी कानूनी सहायता के लिए इस हेल्पलाइन नंबर पर फोन करके अपनी व अपने पड़ोसी की सहायता कर सकते हैं। इसी कार्यक्रम में पैनल एडवोकेट रविंद्र गुप्ता ने महिलाओं के संवैधानिक अधिकार, फैमिली लॉ से संबंधित शादी व तलाक, भरण पोषण, महिलाओं के प्रॉपर्टी में अधिकार, डोमेस्टिक वायलेंस, पोक्सो, प्रोटेक्शन ऑफ वुमन ऑफ सेक्सुअल हैरेसमेंट एट वर्कप्लेस, एसिड अटैक, महिलाओं की फ्री लीगल एड के अधिकार, राइट ऑफ अरेस्टेड पर्सन आदि के बारे में संपूर्ण जानकारी दी।

इस अवसर पर राजेंद्र गौतम पैनल एडवोकेट ने लेबर लॉ से संबंधित महिलाओं के अधिकार जैसे फैक्ट्री एक्ट, समान वेतन, कन्या भ्रूण हत्या आदि के बारे में जानकारी दी। स्कूल के प्रिंसिपल संजय यादव ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सभी बच्चों और अध्यापकों का इस कार्यक्रम में जानकारी हासिल करने के लिए धन्यवाद किया।

# कैच पिट बनाकर जल भराव की समस्या से दिलाई जाएगी निजात

### नगर परिषद क्षेत्र के विकास को पंख लगाने का कार्य निरंतर जारी : दीपक मंगला

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**नगर** परिषद क्षेत्र के विकास को पंख लगाने का कार्य निरंतर जारी है। शहर में किसी भी स्थान पर जल भराव न हो, इसके लिए नालियों में जगह-जगह कैच पिट बनाने की शुरूआत की गई है। यह बात विधायक दीपक मंगला ने शुक्रवार को वार्ड नंबर-20 मालगोदाम रोड़ तुहीराम कॉलोनी में जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए कैच पिट बनाने के कार्य का शुभारंभ करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए की। दीपक मंगला ने कहा कि यह कैच पिट नालियों में जगह-जगह बनाए जाएंगे।



इनके बनने के उपरांत इनका कनेक्शन सीवरेज लाइन में दिया जाएगा, ताकि गंदे पानी को शहरी क्षेत्र से बाहर निकालकर ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाया जा सके।

विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के जिन कॉलोनियों व गांवों में सीवरेज लाइन की व्यवस्था अभी नहीं हुई है, वहां जल्द ही सीवरेज लाइन डाली जाएगी। पलवल की सड़कों व कॉलोनियों से जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए कैच पिट को नालियों में बनाया जाएगा। कैच पिट बनाने का कार्य लगभग 5.50 करोड़ रुपए की लागत से करवाया जाएगा। इसके अलावा 4.50 करोड़ रुपए की लागत से नगर परिषद क्षेत्र में जहां सीवरेज लाइन नहीं है, वहां सीवर लाइन डाली जाएगी और 1.50 करोड रुपए की लागत से सीवरेज की साफ-सफाई, ब्लॉकेज को हटाने पर खर्च किया जाएगा। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नगर परिषद क्षेत्र पलवल में पानी निकासी के लिए मंजूर किए है। नालियों के पानी की सुचारू निकासी के लिए उनकी साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इन विकास कार्यों को पूरा करवाने में धन की कमी आडे नहीं आने दी जा रही है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि कूड़े को नालियों की बजाय नगर परिषद की कूड़ा कलेक्शन की गाड़ियों में डालें। यह कार्य सभी आमजन को अपनी जन भागीदारी के साथ करना होगा, तभी नालियों को गंदगी से मुक्त किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने दीपक मंगला सहित अन्य अतिथियों का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर नगर परिषद के वाइस चेयरमैन मनोज बंधू, पलवल निगरानी समिति के पूर्व चेयरमैन मुकेश सिंगला, पलवल मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला, पार्षद कविता शर्मा, भगती शर्मा, जयराम प्रजापत, संजय बाल्मीकी, हरेंद्र तेवतिया, आजाद पाठक, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता तथा कनिष्ठ अभियंता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रंगदारी मांगने के आरोपी धरे, स्कॉर्पियो गाड़ी व कट्टा बरामद

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच-56 प्रभारी सुंदर सिंह व उनकी टीम ने रंगदारी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सौरभ, आकाश तथा गुलाब खान का नाम शामिल है। आरोपी सौरभ फरीदाबाद के फतेहपुर तगा, आकाश राजीव कॉलोनी तथा गुलाब खान तुलसी कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपियों के खिलाफ रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें आरोपियों ने फोन करके मादलपुर गांव के रहने वाले आशुतोष नाम के व्यक्ति से 35000 रुपये हर महीना देने के लिए कहा और पैसे नहीं देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। धमकी देने के कुछ दिन समय बाद आरोपी स्कॉर्पियो गाड़ी में आए।

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों को मिलेगा ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण



**पलवल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ड्रोन प्रशिक्षण की महत्वकांक्षी योजना में पंजीकृत किसानों का उपायुक्त की अध्यक्षता में लॉटरी द्वारा चुनाव किया गया। जिसमें जिला पलवल के तीन किसानों गांव बडौली निवासी वरूण कुमार, गांव औरंगाबाद निवासी अभिषेक शर्मा व सागर चौहान का चयन हुआ है। सहायक कृषि अभियंता पलवल, केवीके कोऑर्डिनेटर उपमंडल कृषि अधिकारी पलवल डॉ. मंजीत सिंह तथा छह किसानों के साथ मुख्य कार्यकारी अधिकारी पलवल जितेंद्र कुमार की उपस्थिति में ड्रा का आयोजन किया गया। चयनित किसानों को करनाल में ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण दिया गया जाएगा। बड़ी जोत वाले किसानों को उस योजना के माध्यम से उर्वरक तथा रसायनों के स्प्रे कराने में विशेष सहायता मिलेगी। उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. मंजीत सिंह ने किसानों से कहा कि यह स्प्रे में आने वाली परेशानी के समाधान में कारगर कदम है।

### कारना में रास्ते से अतिक्रमण हटाया जाएगा

**पलवल।** गांव कारना में विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा की भूमि के खसरा नंबर 67-70 रास्ता से अनाधिकृत अतिक्रमण हटाया जाएगा। डीसी नेहा सिंह ने इस दौरान कार्य पूर्ण होने तक कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पलवल के बीडीपीओ नरेश कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों और इस संबंध में विभिन्न सीपीसीबी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए।

### नगर परिषद क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**पलवल।** जिलाधीश नेहा सिंह ने नगर परिषद पलवल के क्षेत्र जगजीवन पार्क से बसंतगढ़, मीनार गेट से बस स्टैंड, अलावलपुर से नया गांव सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित नालों/नालियों से अनाधिकृत अतिक्रमण हटाने के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। जिलाधीश द्वारा जारी



आदेशानुसार नगर परिषद क्षेत्र में स्थित नालों व नालियों से अनाधिकृत अतिक्रमण हटाने के लिए 15 जुलाई तक नगर परिषद होडल के कार्यकारी अभियंता महेंद्र सिंह तथा 16 जुलाई से 18 जुलाई तक सिंचाई विभाग पलवल के उपमंडल अभियंता सुभाषचंद्र को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट दंड प्रक्रिया संहिता-1973 में निहित कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करेंगे।

### सीजेएम ने फरीदाबाद जेल में लगाई जेल लोक अदालत

**फरीदाबाद।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के तत्वावधान में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण



पलवल के सचिव कुनाल गर्ग ने शुक्रवार को फरीदाबाद जेल में जेल लोक अदालत का आयोजन किया। सीजेएम ने लोक अदालत में 21 मामलों पर सुनवाई की, जिसमें मजिस्ट्रेट द्वारा दो कैदियों को उनके द्वारा काटी गई सजा पर रिहा किया गया। सीजेएम ने इस मौके पर जेल अधिकारियों, कर्मचारियों व कैदियों को कोविड के प्रति जागरूक किया। उन्हें कोविड के नियमों व सावधानियों का पालन करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जेल के अंदर कैदियों को कानूनी जानकारी दी व विधिक सहायता के बारे में भी बताया। इस अवसर पर प्राधिकरण के सहायक अधिवक्ता अमित कुमार, जेल अधीक्षक सतेंद्र कुमार गोदारा व कोऑर्डिनेटर प्रदीप जोशी मौजूद रहे।

### शिक्षा में गुणवत्ता और रचनात्मकता का समावेश जरूरी



**पलवल।** क्षेत्र में स्थित एनजीएफ कॉलेज एक उभरता हुआ नाम है, जहां पर शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों की रचनात्मक कुशलता और गुणवत्ता पर जोर दिया जाता है। एनजीएफ डिग्री कॉलेज के न्यूजलेटर वेदसागर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज की अध्यक्ष प्रोतिमा प्रभाकर ने कॉलेज की विशेषताएं तथा कॉलेज में होने वाली सभी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। डिग्री कॉलेज में विद्यार्थियों को बीए, बीकॉम तथा बीएससी कोर्स के साथ न केवल पढ़ाया जाता है, बल्कि उनको उसके साथ कुशल रोजगार पर ट्रेनिंग भी दी जाती है। ताकि विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में डीन डॉ. नेहा शर्मा तथा संपादक डॉ. विनीता व अन्य सभी फैकल्टी मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी योगिता शर्मा ने बताया कि कॉलेज समय-समय पर अनेक प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहता है।

### कांवड़ यात्रा कर प्रकृति संरक्षण की प्रार्थना की



**पलवल।** विश्व कल्याण तथा प्रकृति संग संस्कृति रक्षा के लिए लगभग सात सौ किलोमीटर गौमुख से पद यात्रा द्वारा सभी देशवासियों, पर्वत, पशु- पक्षी, जल, जंगल तथा जमीन की रक्षा के लिए भगवान महादेव से प्रार्थना कर लोगों को प्रकृति संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। गोमुख, गंगोत्री, हरिद्वार से कंधे पर गंगाजल लिए पावन श्रावण माह शिवरात्रि को भगवान शंकर का जलाभिषेक करने के लिए मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति सदस्य कंधे पर कावंड़ लिए कई राज्यों व जिलों से 25 से 27 दिनों की पैदल यात्रा में लोगों को प्रकृति के कण- कण में भगवान होने व प्रकृति के संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। संस्था संयोजक ग्रीन एंबेसडर आचार्य राम कुमार बघेल ने बताया कि नदियां, पर्वत तथा संपूर्ण जीव जगत में परमात्मा निवास करते हैं। गौमुख, गंगोत्री, काशी विश्वनाथ, उत्तरकाशी, गंगनानी, भैरोघाटी, ऋषिकेश, नीलकंठ, हरिद्वार कई राज्यों व पर्वत तथा घाटियों से पलवल तक लोगों को आपसी स्नेह के साथ जीवों पर दया करें, शाकाहारी बनें, जल बचाओ, पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण एवं नारी सम्मान के साथ प्रकृति की रक्षा करें, इससे भगवान प्रसन्न होते हैं। संस्था द्वारा मार्ग में पर्यावरण व संस्कारशालाओं का आयोजन तथा पौधारोपण कर प्रकृति पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर जागरू कर रहे हैं।

# बंगाल पंचायत चुनाव

## रक्तरंजित विजय

**पश्चिम बंगाल** के पंचायत चुनाव में धांधली और हिंसा से चुनाव प्रक्रिया पर सवालिया निशान लगे हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा पश्चिम बंगाल निर्वाचन आयोग को दिए निर्देशों तथा केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा हिंसा व धांधली के आरोपों की जांच के बीच पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनावों में तृणमूल कांग्रेस-टीएमसी विजेता सिद्ध हुई है। चुनाव परिणामों से स्पष्ट है कि टीएमसी का वर्चस्व बना हुआ है और उसने कुल 63,229 सीटों में से 35,000 से अधिक पंचायत सीटों पर विजय पाई है। इसकी तुलना में मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी-भाजपा को लगभग 10,000 सीटें मिली हैं, जबकि माकपा-कांग्रेस गठबंधन केवल लगभग 6,500 सीटें जीतने में सफल हुआ है। विधानसभा में भाजपा प्रमुख विपक्षी पार्टी है, लेकिन पंचायत चुनावों में उसे धक्का लगा है और वह संभवत: जिला परिषद की कोई सीट नहीं जीत पाएगी। चुनाव में गठबंधन करने वाले वाम और कांग्रेस का प्रदर्शन थोड़ा बेहतर रहा है, जबकि 2021 के विधानसभा चुनाव में उनका पूरी तरह सफाया हो गया था। ग्रामीण स्थानीय निकाय चुनावों में टीएमसी की भारी विजय को 2024 के लोकसभा चुनाव का परीक्षण माना जा रहा है। इससे पार्टी के उत्साह में काफी वृद्धि होगी। 8 जुलाई को हुए चुनाव में भारी हिंसा हुई तथा धांधली के आरोप लगे। चुनाव प्रक्रिया में न्यायिक हस्तक्षेप की शुरुआत चुनाव तिथि की घोषणा से हुई और यह नामांकन कराने तथा मत गणना तक जारी रही। विपक्ष ने पश्चिम बंगाल राज्य निर्वाचन आयुक्त पर चुनाव में कदाचार तथा पूर्वाग्रह के अनेक आरोप लगाते हुए कई मुकदमे दर्ज कराए।



टीएमसी इस फैसले को बंगाल की ग्रामीण जनता की विजय मानती है, पर विपक्षी नेताओं ने परिणामों के बारे में संदेह व्यक्त करते हुए मतगणना केन्द्रों पर कथित गड़बड़ियों के आरोप लगाए हैं। गड़बड़ियों के अनेक मामले सामने आए हैं जिनमें हिंसा तथा टीएमसी समर्थकों द्वारा विपक्षी काउंटिंग एजेंडों को डराना-धमकाना शामिल हैं। पंचायत चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन उसकी क्षमता पर सवाल खड़े करता है क्योंकि उसने आम चुनाव में पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों में से 35 पर विजय का लक्ष्य बनाया है। पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा पश्चिम बंगाल में मुख्य विपक्षी पार्टी के रूप में उभरी थी। लेकिन इस बार पार्टी के कई प्रमुख नेताओं के क्षेत्रों में भी उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। न केवल भाजपा, बल्कि टीएमसी के अन्य विरोधियों, वाम और कांग्रेस को भी सफलता पाने के लिए कठिन संघर्ष करना पड़ा है। लेकिन इसके बावजूद टीएमसी की विजय की भारी कीमत है और इसने स्वयं लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस बार पंचायत चुनाव सर्वाधिक रक्तरंजित रहे हैं जिसमें कम से कम 40 लोगों की जानें गईं। राज्य निर्वाचन आयोग तथा प्रशासन की आलोचना हो रही है क्योंकि वह गड़बड़ियां रोकने में विफल रहे। अनेक क्षेत्रों में मतदान पत्र नालों में फेंक दिए गए तथा मतगणना केन्द्रों पर विपक्षी एजेंटों को टीएमसी कार्यकर्ताओं ने धमकियां दीं या उनकी पिटाई की। अक्सर ऐसे मामलों में उनको पुलिस का सहयोग मिला। अनेक विपक्षी उम्मीदवारों तथा काउंटिंग एजेंटों ने उत्पीड़न, दबाव व हिंसा की शिकायतें दर्ज की हैं। इसके अलावा मतगणना केन्द्रों के भीतर अनेक मंत्री, विधायक या नेता दिखाई पड़े। पश्चिम बंगाल राज्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ भी पूर्वाग्रही तरीके से काम करने के व्यापक आरोप लगे हैं।

# पीएलआई योजना की समीक्षा जरूरी

प्रोडक्शन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना-पीएलआई विनिर्माण तंत्र को आत्मनिर्भर बना सकती है, लेकिन निर्यात आयातित उत्पादों पर आधारित नहीं होने चाहिए।



**ए.एस. मित्तल**

(लेखक, आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)



सितंबर, 2014 में 'मेक इन इंडिया' योजना शुरू की गई थी, पर वित्त वर्ष 15 से लेकर 20 तक छ: वित्त वर्षों में यह विनिर्माण क्षेत्र को गति नहीं दे सकी। 'मेक इन इंडिया' को गति देने के लिए 'आत्मनिर्भर भारत', यानी प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव-पीएलआई योजना शुरू की गई। उत्पादन को गति देने, निर्यात बढ़ाने तथा आयात घटाने के लिए इसे 21 मार्च, 2020 को शुरू किया गया। लेकिन क्या यह योजना कारगर सिद्ध हुई? 14 क्षेत्रों के लिए इसके अंतर्गत 1.97 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किए गए। इन क्षेत्रों में आटोमोबाइल, टेलीकाम और टेक्सटाइल शामिल हैं।

अतीत पर गौर करें तो सितंबर, 2022 में इसे नीति आयोग की 'इम्पावर्ड कमेटी' द्वारा अनुमति दी गई थी। इस पांच वर्षीय पीएलआई योजना का आधे से अधिक समय बीत गया है। अब इस योजना के प्रभावों तथा इसकी प्रभावशीलता के अध्ययन का समय आ गया है। राष्ट्रीय एकाउंट्स आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2015 में विनिर्माण मूल्य में 17.3 प्रतिशत सकल मूल्य योगदान-जीवीए शामिल हुआ जो वित्त वर्ष 23 में बढ़ कर 17.7 प्रतिशत हो गया। वित्त वर्ष 2015 के बाद पिछले नौ वित्तीय वर्षों में इसमें औसतन उत्पादन की 6 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई जो कि जीवीए का 5.6 प्रतिशत थी। योगदान तथा मूल्य संवर्धन वृद्धि की इस दर से विनिर्माण क्षेत्र में कोई खास आर्थिक वृद्धि नजर नहीं आती है। इसके साथ ही विनिर्माण क्षेत्र में कामकाज घट रहा है जो 2017-18 में 12.1 प्रतिशत से घट कर 2021-22 में 11.6 प्रतिशत रह गया। इस योजना से पांच साल में 6 मिलियन नए रोजगार सृजन का वादा था, पर इस बारे में कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं जारी किया गया है कि इससे कितने रोजगारों का सृजन हुआ है। इसी तरह पीएलआई का प्रभाव या इसकी प्रभावशीलता के अध्ययन के लिए कोई अध्ययन नहीं हुआ है।

शुरुआत में पीएलआई को तीन क्षेत्रों के लिए प्रस्तावित किया गया था, लेकिन बाद में इसका विस्तार 14 क्षेत्रों तक किया गया। इसके साथ ही बाद में इसमें तीन नए क्षेत्र और जोड़े गए जिसमें ई-बाइक, चमड़ा उद्योग तथा खिलौने शामिल हैं। इस प्रकार वर्तमान समय में पीएलआई योजना कुछ 17 क्षेत्रों में लागू है। हालांकि, नए क्षेत्रों में इसका विस्तार एक समग्र व समावेशी दृष्टिकोण के अंतर्गत हुआ। यह भी सच है कि प्रोत्साहनों का आर्थिक व्यवहार बदलने पर असाधारण प्रभाव पड़ता है और इनका प्रयोग सार्वजनिक कल्याण के लिए किया जाना चाहिए। इन प्रोत्साहनों को पूरी तरह सटीक व योजनाबद्ध तरीके से निर्धारित किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा न होने पर वे अपना उद्देश्य प्राप्त करने में असफल हो सकते हैं। विडंबना है कि पीएलआई योजना के अंतर्गत निर्धारित धनराशि का उपयोग बहुत कम हुआ।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा तीन साल से अधिक समय बीतने के बाद पीएलआई की हालिया समीक्षा से पता चलता है कि योजना के अंतर्गत निर्धारित 1.97 लाख करोड़ रुपये की धनराशि में से वित्त वर्ष 23 के अंत तक केवल 2,900 करोड़ रुपये का वितरण हुआ था जो कुल आबंटन का कवल 1.5 प्रतिशत है। यह वितरण अर्थव्यवस्था के आठ क्षेत्रों में हुआ था जिनमें एलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण, आईटी हार्डवेयर, बल्क ड्रग्स, चिकित्सा उपकरण, फार्मास्यूटिकल्स, दूरसंचाव व नेटवर्क उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण तथा ड्रोन व ड्रोन उपकरण क्षेत्र शामिल हैं। इनमें से भी प्रोत्साहनों का ज्यादातर हिस्सा केवल तीन क्षेत्रों- बड़े पैमाने के एलेक्ट्रानिक्स, फार्मास्यूटिकल्स व खाद्य उत्पाद में गया। इसके अलावा 6 क्षेत्रों में पीएलआई योजना के अंतर्गत धनराशि का कोई वितरण नहीं हुआ जिनमें स्टील, टेक्सटाइल, बैटरियां, व्हाइट गुड्स, सोलर पैनल व आटोमोटिव शामिल हैं।

योजना के समुचित क्रियान्वयन न होने के अनेक कारण बताए गए। समीक्षा के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार पोत्साहन विभाग-डीपीआईआईटी ने कहा, 'भारत की फ्लैगशिप पीएलआई ने मोबाइल विनिर्माण, फार्मास्यूटिकल्स, चिकित्सा उपकरणों तथा खाद्य प्रसंस्करण में 62,500 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया है। इसके परिणामस्वरूप उत्पादन व बिक्री में 6.75 लाख करोड़ से अधिक की वृद्धि हुई है, 3.25 मिलियन नए रोजगारों का सृजन हुआ है तथा मार्च, 2023 तक निर्यातों में 2.56 लाख करोड़ की वृद्धि हुई है।' मंत्रालय के बयान में यह भी कहा गया है कि 'जिन क्षेत्रों में पीएलआई योजना लागू है उनमें वित्त वर्ष 22 व वित्त वर्ष 23 के बीच एफडीआई का प्रवाह बढ़ा है। इनमें फार्मास्यूटिकल्स में 46 प्रतिशत खाद्य प्रसंस्करण में 26 प्रतिशत तथा चिकित्सा उपकरणों में 91 प्रतिशत एफडीआई वृद्धि हुई है। पीएलआई योजना ने भारत के निर्यातों की संरचना में बदलाव किया है और यह परंपरागत वस्तुओं के बजाय मूल्य संवर्धित उत्पादों, जैसे एलेक्ट्रानिक्व व दूरसंचार वस्तुओं, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों, आदि में दिखा है।' हालांकि, ऐसे में भी यह सवाल बना हुआ है कि पीएलआई का उद्देश्य 'मेक इन इंडिया' है अथवा 'असेंबल इन इंडिया'। डीपीआईआईटी का कहना है कि पीएलआई ने 'एलेक्ट्रानिक्स क्षेत्र में 23 प्रतिशत तथा विनिर्माण में 20 प्रतिशत मूल्य संवर्धन का काम किया है, पर कोई स्वतंत्र अध्ययन या डेटा इन आंकड़ों का समर्थन नहीं करते हैं।' आदर्श रूप से पीएलआई योजना का समर्थन वास्तव में 'मेक इन इंडिया' को मिलना चाहिए, 'असेम्बल इन इंडिया' को नहीं।

भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने हाल में अपने एक लेख में खुलासा किया है कि यदि भारत सचमुच मोबाइल फोन विनिर्माण की प्रमुख शक्ति बन गया होता तो यह केवल भारत में स्मार्टफोन असेम्बलिंग तक सीमित न रहता। उनके अनुसार, इससे भारत में कोई मूल्य संवर्धन नहीं होता है। रघुराम राजन ने दावा किया है कि 'शुद्ध निर्यात' अभी 'बहुत नकारात्मक' स्थिति में है और इस स्थिति में 2018 के बाद से कोई खास परिवर्तन नहीं हुआ है। भारत के व्यापार आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि हालिया वर्षों में एलेक्ट्रानिक वस्तुओं के निर्यात में काफी वृद्धि हुई है, पर इसकी तुलना में आयातों में वृद्धि और अधिक है। इसका अर्थ है कि ऐसी वस्तुओं के मामले में व्यापार घाटा भी बढ़ रहा है जो वित्त वर्ष 15 में 30.6 बिलियन डालर से बढ़ कर वित्त वर्ष 23 में 53.7 बिलियन डालर हो गया है। कुछ आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि पीएलआई योजना के क्रियान्वयन तथा उसकी प्रभावशीलता की समुचित निगरानी नहीं हुई है। हालांकि, पीएलआई की पिछली समीक्षा में नीति आयोग को लक्ष्य दिया गया था कि वह सार्वजनिक वित्त-पोषित परियोजनाओं व योजनाओं का आंकलन कर उनकी वास्तविक व तत्कालीन प्रगति के बारे में अपनी रिपोर्ट दे तथा पीएलआई की निगरानी करे।


2021-22 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में नीति आयोग ने कहा था कि वह 'पीएलआई योजनाओं की निगरानी के लिए पीएलआई डैशबोर्ड विकसित कर रहा है।' चूंकि पीएलआई का संबंध निवेश, उत्पादन, निर्यात तथा रोजगार सृजन में वृद्धि से है, इसलिए नीति आयोग द्वारा प्रस्तावित इस डैशबोर्ड का संबंध स्वाभाविक रूप से पीएलआई योजना वाले क्षेत्रों की प्रगति से है। लेकिन विडंबना है कि नीति आयोग के वादे के बावजूद यह डैशबोर्ड अभी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि पीएलआई योजना के समुचित क्रियान्वयन के बारे में आगे कैसे बढ़ा जाए। पीएलआई योजना का उद्देश्य उचित ही इससे जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में प्रतियोगिता को बढ़ावा देना है। लेकिन इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि निर्यातों को स्थानीय संसाधनों से तैयार उत्पादों के मामले में बढ़ाया जाना चाहिए। आयातित वस्तुओं के आधार पर निर्यात बढ़ाने को बहुत प्रभावशाली नहीं कहा जा सकता है। भारत की विनिर्माण क्षमता को मजबूत करने तथा प्रमुख क्षेत्रों में आयात पर निर्भरता घटाने के उद्देश्य से समय आ गया है कि पीएलआई योजना की प्रभावशीलता व प्रभाव का व्यावहारिक रूप से पुन: आंकलन किया जाए। इसका अर्थ इसकी गहन निगरानी है। प्रभावी क्रियान्वयन होने पर पीएलआई योजना आत्मनिर्भर विनिर्माण तंत्र बनाने में सहायक सिद्ध हो सकती है।

# शंघाई सहयोग संगठन की प्रासंगिकता

"सदस्य देशों की बदली हुई गतिशीलता को देखते हुए, एससीओ ने एक क्षेत्रीय निकाय के रूप में अपनी प्रासंगिकता खो दी है।"


**कुमारदीप बनर्जी**

(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



पिछले सप्ताह भारत द्वारा वस्तुत: आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक एक अंधेरे कमरे में हाथियों के साथ मनुष्यों की समानता को दर्शाती है। एससीओ, चीन, रूस और भारत का गठन करने वाले प्रत्येक प्रमुख साझेदार ने बहुत कम अभिसरण के साथ, कमरे में जानवर पर अपना निर्णय लेने का फैसला किया। भारत ने वस्तुत: केवल दो घंटे तक चलने वाले शिखर सम्मेलन की मेजबानी की, जिस पर चीनी शिक्षा जगत और थिंक टैंक से तीखी प्रतिक्रियाएं आईं। अपने वीडियो भाषण के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को यह कहते हुए उद्धृत किया गया था, हमें वास्तव में एक-दूसरे के मूल हितों और प्रमुख चिंताओं का सम्मान करना चाहिए, और विकास और कायाकल्प के लिए एक-दूसरे के प्रयासों का दृढ़ता से समर्थन करना चाहिए। हमें अपने क्षेत्र के समग्र और दीर्घकालिक हितों को ध्यान में रखना चाहिए और अपनी विदेश नीतियां स्वतंत्र रूप से बनानी चाहिए। हमें अपने क्षेत्र में नए शीत युद्ध या शिविर-आधारित टकराव को बढ़ावा देने के बाहरी प्रयासों के प्रति अत्यधिक सतर्क रहना चाहिए। हमें अपने आंतरिक मामलों में किसी भी हस्तक्षेप और किसी भी देश द्वारा किसी भी बहाने से रंग क्रांति के उकसावे को दृढ़ता से अस्वीकार करना चाहिए।

अमेरिका द्वारा भारत को पश्चिमी शिविरों में खींचे जाने के कई संदर्भ थे। चीनी राष्ट्रपति मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने सिंघुआ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय रणनीति संस्थान में अनुसंधान विभाग के निदेशक कियान फेंग का एक उद्धरण प्रकाशित किया, जिसमें उन्होंने चिंता व्यक्त की कि अमेरिका चीन और उसके पड़ोसी देशों के बीच दरार पैदा करने के लिए अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति का उपयोग कर रहा है। देश; और वाशिंगटन संगठन की एकजुटता को कमजोर करने की कोशिश करते हुए, भारत पर कब्ज़ा करने की कोशिश कर रहा है। पीएम मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा का उल्लेख अमेरिका के एक और प्रयास के रूप में और चीन के लिए खतरे के रूप में किया गया क्योंकि इसका उद्देश्य भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत को बढ़ावा देना था। एक अन्य चीनी मुखपत्र चाइना डेली ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग की कई पहलों की प्रशंसा करते हुए एक लंबा लेख प्रकाशित किया। अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर एक उज़्बेक विशेषज्ञ को चीन की बेल्ट एंड रोड पहल की प्रशंसा करते हुए उद्धृत किया गया, जो एशियाई, यूरोपीय और अफ्रीकी देशों के बीच घनिष्ठ बुनियादी ढांचे और आर्थिक और व्यापार संबंधों को बढ़ावा दे रहा है।



भारत ने लंबे समय से बेल्ट एंड रोड पहल की अपारदर्शी फंडिंग का विरोध किया है और इसका हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है। एससीओ शिखर सम्मेलन में अपनी टिप्पणी में पीएम मोदी ने कहा, किसी भी क्षेत्र की प्रगति के लिए मजबूत कनेक्टिविटी महत्वपूर्ण है। बेहतर कनेक्टिविटी न केवल आपसी व्यापार को बढ़ाती है बल्कि आपसी विश्वास को भी बढ़ावा देती है। हालाँकि, इन प्रयासों में, एससीओ चार्टर के बुनियादी सिद्धांतों को बनाए रखना आवश्यक है, विशेष रूप से सदस्य राज्यों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना। एससीओ में ईरान की सदस्यता के बाद, हम चाबहार बंदरगाह के उपयोग को अधिकतम करने की दिशा में काम कर सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा मध्य एशिया में भूमि से घिरे देशों के लिए हिंद महासागर तक पहुंचने के लिए एक सुरक्षित और कुशल मार्ग के रूप में काम कर सकता है। बीआरआई का उल्लेख किए बिना क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान पर जोर देना चीनियों को रास नहीं आया।

इस बीच, भारत एससीओ सदस्यों के लिए सहयोग के नए स्तंभों पर कायम रहा, जो उसने अपनी अध्यक्षता में स्टार्टअप और नवाचार, पारंपरिक चिकित्सा, युवा सशक्तिकरण, डिजिटल समावेशन और साझा बौद्ध विरासत पर बनाए थे। इनमें से लगभग सभी क्षेत्रों में भारत नेतृत्वकारी स्थिति में है, स्टार्टअप इनोवेशन क्षेत्र को छोड़कर, जहां चीन को बढ़त मिल सकती है। औसत स्तर पर, दोष रेखाओं के साथ किसी भी शिविर से टिप्पणियों को फ़िल्टर करने पर ऐसा लगता है कि सदस्य देशों की बदली हुई गतिशीलता को देखते हुए, एससीओ ने एक क्षेत्रीय निकाय के रूप में अपनी प्रासंगिकता खो दी है। कुछ लोग कह सकते हैं कि समूह में ईरान को शामिल करने से एससीओ बड़ा हो गया है और अब उसे पश्चिम एशिया में एक मजबूत सदस्य मिल गया है। हालांकि, तीन बड़े देशों, रूस, चीन और भारत के पास सामंजस्य बिठाने के लिए बहुत कुछ है।

भारत तब तक चीन के साथ कोई सार्थक बातचीत करने की स्थिति में नहीं होगा, जब तक कि उसकी सीमाओं पर सैन्य स्थिति का समाधान नहीं हो जाता और जमीनी सेनाएं युद्धक स्थिति से पीछे नहीं हट जातीं। आर्थिक रूप से कमजोर रूस भारत के लिए सबसे अच्छा विकल्प नहीं हो सकता है, खासकर, बीजिंग के मास्को के साथ घनिष्ठ संबंधों को देखते हुए। बदली हुई गतिशीलता का एससीओ और उसके सदस्यों पर प्रभाव पड़ना निश्चित है।

## आप की बात

### मोदी की फ्रांस यात्रा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की फ्रांस यात्रा दोनों देशों को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होगी। विशेष तौर से रक्षा सौदों के मामले में खुद प्रधानमंत्री द्वारा फ्रांस की यात्रा कई मायनों में भारत के लिए लाभप्रद सिद्ध होगा। वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय हालातों व रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते भारत को सर्वाधिक हथियार देने वाले रूस द्वारा भारत को की जाने वाली हथियारों की सप्लाई में बाधा आना शुरू हो गई है। ऐसे में भारत को अपनी रक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनने के लिए नया बाजार तलाशना जरूरी है। फ्रांस से नौसेना के प्रयोग वाले राफेल विमान व तीन पनडुब्बी प्राप्त होने पर भारत की सुरक्षा व्यवस्था जहां मजबूत होगी वहीं नौसेना का मनोबल प्रबल होगा। दुश्मन देश अपनी कुटिल नीतियों से भारत को परेशान करने से बाज जाएंगे। नौसेना के प्रयोग वाले राफेल तथा पनडुब्बियों की खरीद से भारत हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता का मुकाबला करने में सक्षम होगा। इसके साथ ही वह चीन के उन पड़ोसियों को महासागरों में सुरक्षा प्रदान की दिशा में भी आगे बढ़ेगा जो लगातार चीन की आक्रामकता का शिकार हैं। इससे क्वाड देशों के बीच तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का कद बढ़ेगा जो उसकी बढ़ती क्षमता के अनुरूप है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### राजनीतिक सेवानिवृत्ति

**हमारे देश** में लोक सेवक कर्मचारी एवं अधिकारियों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा निर्धारित है। व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में कर्म रत हो उसकी शारीरिक एवं मानसिक अवस्था उम्र बढ़ने के साथ प्रभावित होती है। उम्र के साथ व्यक्ति की कार्य क्षमता भी कम होने लगती है। लेकिन राजनीति के क्षेत्र में देखा जाए तो यह मिथक हमारे राजनेताओ के ऊपर लागू नहीं होता है। उम्रदराज नेताओं को राज्यपाल, राष्ट्रपति, निगम-मंडल के अध्यक्ष आदि पदों से नवाजे जाने की परंपरा हमारे देश में रही है। पद पर रहते हुए ये नेता सभी प्रकार की सुख सुविधाओं का लाभ उठाते हैं। शासकीय खर्च पर इन्हें इलाज की सुविधा भी प्राप्त होती है। आदर्श रूप से 60 वर्ष से ऊपर के सभी नेताओं को लाभ का पद स्वेच्छा से त्याग देना चाहिए। लेकिन पद के कारण जो सुविधाएं प्राप्त होती है उसका लोभ उन्हें ऐसा करने से रोकता है। विशेष परिस्थितियों को छोड़कर सभी राजनीतिक दल के नेताओं को विचार मंथन करके अपनी पार्टी के उम्रदराज नेताओं के लिए सक्रिय राजनीति से निवृत्ति के लिए नियम तय करने चाहिए ताकि युवा नेताओं को राजनीति में बेहतर कार्य करने के लिए अवसर प्राप्त हो सकें।

– **ललित महालकरी,** इंदौर

### पटना में लाठीचार्ज

**पटना** में पुलिस द्वारा लाठी भांजने की वीडियो व तस्वीरें की बाढ़ सी आ गई है। पटना में चार्जशीट के बाद उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के इस्तीफे सहित अनेक मांगों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। विधानसभा मार्च पर अड़े नेताओं के साथ पुलिस के टकराव के बाद पुलिस ने लाठीचार्ज के साथ आंसू गैस के गोले दागे। बिहार पुलिस ने सांसदों व विधायकों पर भी लाठियां बरसाईं। इस बीच भाजपा के जहानाबाद जिला महामंत्री विजय कुमार सिंह के निधन की सूचना के बाद कार्यकर्ता और उग्र हो गए। प्रशासन का दावा है कि विजय सिंह की मौत पिटाई से नहीं बल्कि गिरने से हुई। लेकिन वीडियो में साफ-साफ पता चल रहा है कि पुलिस ने बर्बरता से लाठी बरसाई। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ट्वीट कर लाठीचार्ज को लोकतंत्र पर हमला बताया है। राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने कहा कि अब नीतीश लाठी में तेल पिलाने वालों की संगत में हैं। उनका इशारा लालू यादव की ओर है जो सालों पहले लाठी को तेल पिलाने का सार्वजनिक प्रदर्शन कर चुके हैं। भाजपा स्वाभाविक रूप से इस घटना का लाभ उठाएगी।

– **सदन जी,** पटना

### हॉलीवुड में हड़ताल

**हॉलीवुड** यानी लॉस एंजिल्स का मनोरंजन उद्योग पूरी तरह से बंद हो चूका है। इसका कारण 1 लाख 60 हज़ार कलाकारों का हड़ताल पर जाने का फैसला है। पिछले मई महीने से पटकथा लेखकों की भी हड़ताल जारी है। इस तरह समूचे टीवी एवं मनोरंजन उद्योग में एक प्रकार से ताला लग गया है। ये कलाकारए दुनिया भर के सिने प्रेमियों के लिए आदर्श के समान हैं। दर्शक उन्हें दिलोजान से चाहते हैं। वैसे तो यह हड़ताल मेहनताना समेत अन्य सुविधाओं को बढ़वाने के लिए की गई है। मगर इसके पीछे असल मुद्दा आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस-एआई। है। कहते हैं कि एआई आने के बाद निर्माताओं में कलाकारों के प्रति सहानुभूति कम होती जा रही है। निर्माताओं व स्टूडियो मालिकों को लग रहा है कि अब कलाकारों की जरुरत लगभग समाप्त हो जाएगी और सारा काम एआई द्वारा हो जाएगा। डबिंग से लेकर एडिटिंग तक का काम अब एआई द्वारा किया जा रहा है। इससे मनोरंजन उद्योग में इंसानों की जरुरत बहुत कम हो जाएगी। इस हड़ताल को एआई व इंसान के बीच लड़ाई भी माना जा सकता है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# इंडो-यूएस की स्किल व स्केल मिल जाएं तो दुनिया को मिलेंगे बेहतरीन परिणामः योगी



## ● सीएम की मौजूदगी मे स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी व एसजीपीजीआई और गौतमबुद्धनगर के जिम्स के बीच हुआ पार्टनरशिप करार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पिछले 9 वर्षों में देश में नए-नए स्टार्टअप स्थापित हुए हैं। भारत ने यूनिकॉर्न के रूप में नया स्थान बनाया है। उत्तर प्रदेश भी इन वर्षों में तेजी के साथ आगे बढ़ा है। पूरी दुनिया में कोविड-19 महामारी के दौरान भारत का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। इसमें उत्तर प्रदेश अपना अग्रणी योगदान देते हुए बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं वाले प्रदेश के रूप में उभरा है। यूएस की आबादी की चार गुना आबादी भारत में है। अगर कोविड-19 की बात की जाए तो भारत में जो मृत्युदर रही, वह यूएस से आधी रही। जो यह दर्शता है कि दोनों देशों भारत-यूएस की स्किल और स्केल मिल जाएंगे तो दुनिया में इसके बेहतरीन परिणाम देखने को मिलेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को उत्तर प्रदेश हेल्थ टेक्नोलॉजी समिट 2023 के तहत यूएस की स्टैनफगोर्ड यूनिवर्सिटी और प्रदेश के दो प्रतिष्ठित संस्थानों एसजीपीजीआई और गौतमबुद्धनगर के जिम्स के साथ मेडिकल फील्ड में हुए पार्टनरशिप कार्यक्रम के दौरान अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडो-यूएस सेतु के ग्लोबल फाउंडेशन के साथ हुए इस पार्टनरशिप के लिए सरकार उत्सुकता के साथ पूरा सपोर्ट करेगी। आज उत्तर प्रदेश में यूएस के इनोवेशन स्टार्टअप के लिए एक अच्छा माहौल है। आज पार्टनरशिप कार्यक्रम से जुड़े प्रतिष्ठित संस्थान के साथ आईटी एंड इलेक्ट्रानिक विभाग भी इसे सपोर्ट करेगा ताकि इसके जल्द से जल्द सकारात्मक परिणाम देखने को मिलें। उत्तर प्रदेश सरकार ने अपनी स्टार्ट-अप पॉलिसी के तहत कई स्टार्ट-अप स्थापित किए हैं। इनकी स्थापना के लिए सरकार ने तमाम तरह के रिलैक्सेशन दिए हैं। इनको प्रिक्योर्ड करने के लिए भी व्यवस्था की गयी है। सरकार की इन नीतियों को फायदा उठाते हुए एसजीपीजीआई ने कोविड-19 के दौरान वर्चुअल आईसीयू की सुविधा प्रारंभ की। ऐसे में प्रदेश के किसी भी शहर में कोई प्रॉब्लम होती थी तो एसजीपीजीआई की टीम वहां पहुंचकर राहत देती थी। यह इनोवेशन का बेहतरीन उदाहरण है। प्रदेश में 1977 से लेकर 2017 के बीच इंसेफेलाइटिस से लगभग 50000 बच्चों की मौतें हुई थी। वहीं हमने पिछले 6 वर्षों में इंसेफेलाइटिस को पूरी तरह से समाप्त करने में सफलता प्राप्त की है। इस सफलता को प्राप्त करने में हेल्थ डिपार्टमेंट के साथ-साथ अन्य सहयोगी विभागों ने टीम वर्क के रूप में काम किया और बेहतरीन प्रदर्शन किया। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश ने मलेरिया, चिकनगुनिया, डेंगू समेत अन्य जल जनित और वेक्टर बोर्न डिजीज भी नियंत्रित करने में सफलता प्राप्त की है। हमारा मानना है कि मेडिकल हेल्थ में इस प्रकार के स्टार्ट-अप को बढ़ाने के लिए यह पार्टनरशिप बहुत उपयोगी साबित होगी। कार्यक्रम के दौरान सीएम ने सीतापुर के आई हॉस्पिटल को टेक्नोलॉजी से जोड़ने की अपील की, क्योंकि वह उस काल खंड में एक मात्र ऐसा हॉस्पिटल था, जहां देश ही नहीं विदेशों से भी लोग अपनी आंख का इलाज कराने आते थे। इसके लिए उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ अन्य सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, चिकित्सा शिक्षा के प्रमुख सचिव आदि मौजूद रहे।

# मुख्तार अंसारी की जेल अफसरों से सांठगांठ उजागर, जेलर वीरेन्द्र वर्मा निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जेल** में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की कारगार विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ करने का एक और मामला उजागर हुआ है। कुछ माह पूर्व में बांदा जेल में तैनात रहे जेलर वीरेन्द्र कुमार वर्मा की मदद से मुख्तार अंसारी को जरुरत की वस्तुएं पहुंची। इस प्रकरण की जांच हुई और अब शासन स्तर से जेलर वीरेन्द्र कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया गया है। बांदा जेल में कुछ माह पूर्व ही जेलर वीरेन्द्र कुमार वर्मा भी मुख्तार के रसूख में आ गए। जेलर वीरेन्द्र के मुख्तार को मदद का सिलसिला चर्चा में आया तो इसकी जांच शुरु हो गयी। उपमहानिरीक्षक कारागार, प्रयागराज परिक्षेत्र ने जांच आरम्भ की तो कई सबूत वीरेन्द्र कुमार वर्मा के विरुद्ध मिलते गए।

जांच के दौरान 21 अप्रैल और 29 जून को उपमहानिरीक्षक कारागार ने दो रिपोर्ट भी लगाई। जांच में आरोप सही पाए जाने पर जेलर वीरेन्द्र के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के आदेश हुए है।

विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की ओर से जारी प्रपत्र में अनुशासनिक कार्यवाही के निर्देश में स्पष्ट लिखा गया है कि सुल्तानपुर जेल में तैनात वीरेन्द्र कुमार वर्मा के पूर्व में बांदा जेल में जेलर के पद पर रहते हुए पद का दुरुपयोग किया गया। जिसके कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाता है।

# मेरठ-दिल्ली हाइवे पर सीएम योगी ने कांवड़ियों पर की पुष्पवर्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**दिल्ली**-मेरठ हाइवे पर शुक्रवार को कांवड़ यात्रा पर निकले शिवभक्तों को बेहद खास अहसास की अनुभूति हुई क्योंकि स्वयं सीएम योगी द्वारा उनपर पुष्प वर्षा की गई। सीएम योगी सीधे सहारनपुर से दिल्ली-मेरठ हाइवे पहुंचे, जहां उन्होंने हजारों की तादात में उपस्थित शिवभक्तों पर दोनों हाथों से पुष्प बरसाए।

सीएम के लिए यहां पर विशेष मंच बनाया गया था, जिस पर खड़े होकर उन्होंने पुष्प वर्षा की।सीएम को अपने बीच पाकर कांवड़ियों का उत्साह भी सातवें आसमान पर पहुंच गया। बैंड.बाजे और डीजे की धुन पर थिरकते हुए उन्होंने भी सीएम योगी का अभिनंदन किया। इस बीच शिवभक्तों की ओर से योगी-योगी, हर हर महादेव और जय भोले का उद्घोष भी सुनाई दिया। सीएम योगी के साथ जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद भी उपस्थित रहे।

इससे पहले शुक्रवार दोपहर को मेरठ के आसमान से शिवभक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। हेलिकॉप्टर से प्रशासनए पुलिस के वरिष्ठ अफसरों ने आसमान से कांवड़ियों पर फूल बरसाए। मेरठ से बरनावा तक कांवड़ियों पर फूल वर्षा की गई। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद लगातार हर साल कांवड़ यात्रा में कांवड़ियों पर फूल बरसाए जाते हैं। कुछ दिन पहले वाराणसी में भी अफसरों ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की थी। मेरठ पुलिस लाइन से कमिश्नर, डीएम समेत अन्य बड़े अधिकारियों ने हेलिकाप्टर से उड़ान भरी। हेलिकाप्टर से उड़कर पूरे जिले और जनपद की सीमाओं में कांवड़ यात्रा का हवाई सर्वेक्षण किया गया। इसके बाद पुष्पवर्षा हुई। डीएम और एसएसपी ने मेरठ जिले में कांवड़ियों का स्वागत हेलिकॉप्टर से फूल बरसा कर किया।

# उपभोक्ताओं का उत्पीड़न बंद करें अफसरः मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी अपनी लचर कार्य संस्कृति से उपभोक्ताओं का उत्पीड़न बंद नहीं करते तो इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से इनके खराब कार्यशैली की जानकारी मिलती रहती है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रदेश का ऊर्जा विभाग ऐसे कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा, जो विभाग की छवि धूमिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को समय पर व सही बिल देना विद्युत कार्मिकों की नैतिक जिम्मेदारी है। इस कार्य से वे दूर नहीं भाग सकते हैं। उपभोक्ताओं को बेवजह परेशान एवं उत्पीड़न करना विभाग के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि बड़े बकायेदारों से वसूली न करने वाले विद्युत कार्मिकों के कार्यों की भी विभाग हित में निगरानी की जायेगी। ऊर्जा मंत्री ने प्रयागराज के कुछ प्रीपेड उपभोक्ताओं को आरसी जारी किये जाने की समाचार पत्र में छपी खबर के प्रकरण के सम्बंध में मुख्य अभियंता वितरण संजय वर्मा द्वारा कार्मिकों के खिलाफ की गयी कार्रवाई के सम्बंध में ऊर्जा मंत्री को भेजी गयी रिपोर्ट का उन्होंने संज्ञान लिया। उन्होंने इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्मिकों की लापरवाही एवं गैर जिम्मेदारी पूर्ण कार्यों से उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। यह बहुत ही गम्भीर बात है और इसे हर हालत में ठीक करना है।

# स्वावलम्बी बनाने वाले कोर्स तैयार करें: राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को राजभवन में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठए वाराणसी द्वारा नैक मूल्यांकन हेतु की गई तैयारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्यपाल ने विद्यापीठ की टीम को नैक मूल्यांकन के सभी सातों क्राइटेरिया पर कार्य पूर्ण पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं त्रुटिरहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्राइटेरिया का प्रस्तुतीकरण प्रमाण सहित प्रस्तुत करें ताकि वेरिफिकेशन टीम आपत्ति न लगा सके। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धता एवं स्थानीय आवश्यकता को ध्यान में रखकर पाठयक्रम तथा प्रवेश हेतु सीटें निर्धारित की जाए। साथ ही विद्यार्थियों को स्वावलम्बी बनाने वाली शिक्षा पर बल देने वाले पाठ्यक्रम बनाए जाएं। कुलाधिपति ने कहा कि विद्यापीठ के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों द्वारा जो अच्छे एवं उच्च गुणवत्ता के कार्य किए गए हैं, उनका प्रमाण के साथ उचित ढंग से प्रस्तुतीकरण में प्रदर्शन होना चाहिए। उन्होंने क्राइटेरिया 5 की समीक्षा करते हुए कहा कि संस्थान का अगर कोई भी विद्यार्थी यदि विद्यापीठ की परीक्षाओं के अतिरिक्त अन्य परीक्षाओं में भाग लेकर उत्तीर्ण हुआ है तो विद्यापीठ उसे अपनी उपलब्धि मानते हुए प्रस्तुतिकरण में शामिल करे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि विद्यापीठ द्वारा प्रत्येक क्राइटेरिया की उपलब्धि को बिन्दुवार प्रमाण और फोटो कैप्शन के साथ प्रदर्शित किया जाना चाहिए तथा फोटो कैप्शन का अंकन चित्र में दर्शाये गये विवरण के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने सामाजिक कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि गांव की जो बेटियां विद्यापीठ में अध्ययन कर रही हैं शिक्षकों को चाहिए कि उनके गांव जाकर उनके परिवार से संवाद करें। इसके साथ ही कुलाधिपति ने कहा कि विद्यापीठ में पढ़ रहे छात्र.छात्राओं को दहेज न लेने का संकल्प करायें तथा दहेज मांगने वालों का तिरस्कार करने के लिए प्रेरित करें। कुलाधिपति ने बैठक के दौरान नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार नवीनतम पाठ्यक्रम की पुस्तकें प्रकाशित कराये जाने पर बल दिया और कहा कि उद्यमी कौशल पर केंद्रित रोजगार पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने का कार्य विद्यापीठ को करना चाहिए। शिक्षकों का ध्यान विद्यार्थियों को स्वावलम्बी बनाने वाली शिक्षा पर केन्द्रित रहे और सिलेबस में ऐसे ही रोजपरक विषयों को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापरक शिक्षा विद्यार्थियों को आने वाले समय में ज्ञान के साथ उनको रोजगार मुहैया कराने में सक्षम होगी।

# आजम खां की सुरक्षा हटाना दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा है कि भाजपा सरकार विपक्ष और विपक्षी नेताओं के प्रति विद्वेष भाव से काम करती है। मोहम्मद आजम खां साहब की सुरक्षा हटाना दुर्भाग्यपूर्ण है। स्वयं पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मोहम्मद आजम खां के प्रति भाजपा सरकार द्वारा लगातार उत्पीड़न की कार्यवाही पर चिंता एवं विरोध जता चुके हैं।

पटेल ने आज यहां प्रेसवार्ता में कहा कि मोहम्मद आजम खां साहब के जीवन को खतरा है। उनको सुरक्षा की आवश्यकता है। समाजवादी पार्टी भाजपा सरकार के कृत्य की भर्त्सना करती है। किसानों, व्यापारियों, नौजवानों, महिलाओं का जीवन सुरक्षित नहीं है। देश के सबसे बड़े राज्य में कथित डबल इंजन की सरकार में किसी को भी प्रताड़ित किया जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं है। नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाज के सभी वर्गों और जनप्रतिनिधियों के साथ अन्याय और अपमानजनक व्यवहार हो रहा है। भाजपा सरकार जानबूझकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान साहब को और उनके परिवार को परेशान कर रही है और प्रताड़ित कर रही है। प्रदेश में जब से भाजपा सरकार आई है तभी से मोहम्मद आजम खान साहब को तरह-तरह के झूठे मामलों में फंसा कर प्रताड़ित कर रही है। पटेल ने कहा कि मोहम्मद आजम खान साहब कई बार प्रदेश सरकार में मंत्री, विधायक और सांसद रहे हैं, उनकी जान के खतरे को देखते हुए सुरक्षा के लिए सरकार ने वाई श्रेणी की सुरक्षा दी थी लेकिन भाजपा सरकार ने बदले की भावना से उनकी सुरक्षा वापस ले ली है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कई नेताओं को जिनको किसी तरह से खतरा नहीं है, उन्हें इस सरकार ने वाई श्रेणी की सुरक्षा दे रखी है। समाजवादी पार्टी के नेताओं की सुरक्षा वापस लेना निंदनीय है। पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष के नेताओं को मानसिक शारीरिक और वैचारिक रूप से प्रताड़ित कर रही है। भाजपा सरकार का व्यवहार बेहद अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक है। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। हत्या, लूट, डकैती और महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। प्रदेश में हर तरफ असुरक्षा व्याप्त है। कोई भी सुरक्षित नहीं है। किसान, नौजवान, व्यापारी परेशान हैं, महंगाई चरम पर है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कहा था कि 90 दिन में महंगाई खत्म कर देंगे लेकिन 2014 से 2023 आ गया महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। किसानों की खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। सरकार किसानों को एमएसपी नहीं दे रही है। गन्ना किसानों का हजारों करोड़ रुपए बकाया। किसान आवारा पशुओं से परेशान है। महंगाई से आम जनता का जीवन दूभर हो गया है। भाजपा सरकार झूठे आंकड़े पेश कर रही है। भाजपा सरकार हर आदमी की जबान पर ताला लगाने का काम कर रही है।

# पीएम आवास ग्रामीण के तहत यूपी को मिला अतिरिक्त 1.44 लाख घरों का कोटा

## ● रंग लाई सीएम योगी की अपील, ग्रामीण विकास मंत्रालय ने दी मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के ग्रामीण लोगों को अधिक घर मुहैया कराने के उद्देश्य से सीएम योगी द्वारा की गई पहल रंग लाई है। केंद्र सरकार ने सीएम योगी की अपील पर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत प्रदेश को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अतिरिक्त 144220 घरों का कोटा आवंटित किया है। इस तरह तैयार आवासों में राज्य का कुल कोटा 2168574 पहुंच जाएगा।

उल्लेखनीय है कि सीएम योगी ने 18 मई 2023 को केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय को अतिरिक्त आवास लक्ष्य आवंटित करने का निवेदन किया था। सीएम योगी की इस पहल पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रदेश सरकार के ग्राम विकास विभाग को पत्र लिखकर अनुमोदन की जानकारी दी है।

पत्र में लिखा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मई 2023 में पत्र लिखकर अतिरिक्त लक्ष्य की मांग की थी। ग्रामीण विकास मंत्रालय में सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आपके राज्य को 144220 घरों का अतिरिक्त लक्ष्य आवंटित किया गया है। योजना के अनुरूप राज्य को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए कम से कम 60 प्रतिशत लक्ष्य निर्धारित करने की आवश्यकता है, जो आवास डेटाबेस में उनकी उपलब्धता पर निर्भर करता है। यह भी अनुरोध है कि मंत्रालय द्वारा जारी आवास पर उपयोगकर्ता मैनुअल के अनुसार अपने राज्य में जिला/ब्लॉक/जीपी-वार और श्रेणी-वार लक्ष्यों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

ग्रामीण विकास मंत्रालय के पत्र में यह भी अनुरोध किया गया है कि राज्य उपयोगकर्ता नियमावली के अनुसार आवाससॉफ्ट पर लक्ष्य तय करने के लिए अपने राज्य के सभी जिलों/ब्लॉकों/जीपी को आवश्यक निर्देश जारी करेंगे और घरों का समय पर पूरा होना सुनिश्चित करने के लिए इन घरों की मंजूरी में तेजी लाएंगे। इसके अलावा, राज्य से एक महीने के भीतर यानी 13 अगस्त 2023 तक पात्र परिवारों को घर स्वीकृत करने का भी अनुरोध किया जाता है। पत्र में ये भी कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2.95 करोड़ घरों के लक्ष्य के भीतर शेष घरों को पूरा करने के लिए योजना को मार्च 2024 तक जारी रखने की मंजूरी दी है।

# पौधे लगाने के साथ ही उनका संरक्षण भी कर रही योगी सरकार

## ● 22 जुलाई को लगभग 85 प्रतिशत, स्वतंत्रता दिवस के दिन शत-प्रतिशत पौधरोपण किए जाने का लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पौधा** लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही उसका संरक्षण करना भी आवश्यक है। ऐसे में योगी सरकार पौधरोपण के साथ उन्हे संरक्षित करने की भी व्यवस्था कर रही है। इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही बैठक में विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना कर चुके हैं। इसी को आगे बढ़ाते हुए स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से भी समस्त नगरीय निकायों को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं और पौधरोपण के साथ उनके संरक्षण की व्यवस्था करने को कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश के कुल हरित क्षेत्र को वर्तमान के 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 2026-27 तक 15 प्रतिशत तक ले जाने के लक्ष्य को पाने के लिए नगर विकास विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में वृक्षारोपण के लिए 34़97 लाख के लक्ष्य की प्राप्ति निर्धारित समय में की जानी है। इस लक्ष्य के अनुरूप विभाग की ओर से सभी के द्वारा प्रयास किए जाने की अपेक्षा की गई है। निर्देशों के क्रम में कहा गया है कि सभी नगरीय निकाय यह सुनिश्चित करेंगे कि किस पौधे की देखभाल कौन करेगा और कैसे करेगा। सभी को पूरी गंभीरता के साथ एकजुट होकर यह कार्य करना होगा। सभी निकाय सुनिश्चित करेंगे कि हर पौधा जियोटैग हो। समस्त स्थलों की जीपीएस के माध्यम से जियो टैगिंग की जाएगी। पौधों के साथ सेल्फी लें और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उन्हें अपलोड किया जाए। इसके साथ ही, पेड़ लगाओ पेड़ बचाओं के संदेश से जनजन को जोड़ने की आवश्यकता है। इसके अंतर्गत 22 जुलाई को लगभग 85 प्रतिशत पौधारोपण के लक्ष्य को प्राप्त करना है जबकि स्वतंत्रता दिवस के दिन शत-प्रतिशत पौधरोपण के लक्ष्य को प्राप्त करना है। यह महाभियान बिना जनसहभागिता के सफल नहीं हो सकता। सभी जनप्रतिनिधियों अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि यह अपने-अपने क्षेत्र में आमजन को इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करें। पौधरोपण को जनांदोलन बनाने के क्रम में हर नगर पंचायत मे 5 हजार नगर पालिका परिषद में 10 हजार व नगर निगम में पचास हजार से 25 लाख तक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। नगर पंचायत,नगर पालिका परिषद, नगर निगम बैठक कर विस्तारित कार्ययोजना तैयार करें।

# मुख्यमंत्री योगी ने सहारनपुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई व जमीनी सर्वेक्षण

## ● कांवड़ यात्रा मार्ग का हवाई निरीक्षण भी किया

## अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ राहत कार्य युद्ध स्तर पर चलाए जाने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को ग्राउंड जीरो पर उतरकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बाढ़ के हालात की जानकारी ली। सीएम योगी सबसे पहले कस्बा सुल्तानपुर-चिलकाना के मंडी परिसर में पहुंचे और वहां मौजूद बाढ़ पीड़ितों में राहत सामग्री एवं सहायता राशि वितरित की। उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही बाढ़ पीड़ितों को आश्वस्त किया कि सरकार हर प्रकार से आपके साथ है। मुख्यमंत्री ने इसके बाद जीवी जैन डिग्री कॉजेल में स्थित बाढ़ राहत शिविर का भी दौरा किया और बाढ़ पीड़ितों से बातचीत की। सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शनिवार को सहारनपुर में कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की जाए। उन्होंने बताया कि आज मेरठ, मुजफ्फरनगर और शामली में कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की गयी है। सरकार बाढ़ पीड़ितों की सहायता के साथ ही आस्था का सम्मान करने के लिए भी कटिबद्ध है। कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा का ध्यान रखने के लिए सीएम ने अफसरों को निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री ने बाढ़ पीड़ितों से बातचीत में कहा कि इस आपदा के समय में आपके सामने किसी भी प्रकार की कमी सरकार नहीं आने देगी। जिन किसानों की फसलों का नुकसान हुआ है, हम उसका सर्वे कराएंगे और तुरंत आर्थिक सहायता देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों के कटान के से जिन खेतों को नुकसान हुआ है उसे बाढ़ उतरने के साथ ही ठीक कराने का कार्य किया जाएगा। बाढ़ पीड़ितों और आपदा की चपेट में आने वाले लोगों के लिए राहत शिविर लगाये गये हैं। सरकार बाढ़ पीड़ितों के भोजन, स्वास्थ्य और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कर रही है। इस आपदा से आपको शीघ्र राहत मिले इसकी कामना करता हूं और आश्वस्त करता हूं कि सरकार हर वक्त आपके साथ है। हमारे जन प्रतिनिधि और सरकारी अधिकारी कर्मचारी आपकी मदद के लिए यहां हमेशा मौजूद रहेंगे। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया कि पश्चिमी यूपी के कुछ जनपदों में बाढ़ और जल जमाव के मामले सामने आये हैं। यमुनाए हिंडन, धनोला और पांवधोनी नदियों में बाढ़ और जलजमाव का आज हवाई और जमीनी निरीक्षण किया गया है। सहारनपुर शहर के 28 मोहल्ले और ग्रामीण इलाकों के 118 गांव की कुल पौने तीन लाख की आबादी प्रभावित हुई है। इसके अलावा 13 हजार एकड़ कृषि भूमि बाढ़ की चपेट में आई है। इस आपदा में सात जनहानि और तीन पशुहानि भी हुई है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा हुई है। इसके अलावा जो मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं उनके लिए मुआवजा और तिरपाल की व्यवस्था की गई है। सभी संबंधित विभागों को भी अलर्ट कर दिया गया है। बता दें कि सहारनपुर शहर के बीचो-बीच से बहने वाली पांवधोई और ढमोला नदीं उफान पर आ गई। जिसके बाद प्रशासन की ओर से तत्काल कंट्रोल रूम बनाया गया और एनडीआरएफ की टीमों ने लोगों को रेस्क्यू किया। इस दौरान लोगों के घरों में पानी चला गया था। इन पीड़ितों को राहत शिविरों में शिफ्ट किया गया है। एक शिविर आवास विकास कालोनी में जेवी जैन डिग्री कॉलेज में बनाया गया है। जहां पहुंचकर मुख्यमंत्री बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की। इसके पश्चात सीएम योगी ने पुलिस लाइन सभागार में जिले के जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अफसरों के साथ बाढ़ के मद्देनजर महत्वपूर्ण बैठक की।

सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावितों की मदद में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरते जाने के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राहत शिविर में रह रहे लोगों को किसी भी तरह से कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। उनके रहन-सहन और खानपान की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। सुबह नाश्ता, लंच और डिनर की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। बच्चों को भी नियमित रूप से ब्रेड, दूध, बिस्किट मिले। जरूरत पर इलाज भी किया जाए। सीएम ने राहत शिविरों में रह रहे लोगों को 10 किलो आलू, 10 किलो आटा, 10 किलो चावल, 2 किलो अरहर दाल, 1 किलो नमक, हल्दी, धनिया, दूध, रिफइंड तेल, चना, गुड़, माचिस, बिस्किट आदि तथा महिलाओं के लिए डिग्निटी किट वितरित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ राहत कार्य युद्ध स्तर पर चलाए जाने का निर्देश दिया। कहा कि मोबाइल चिकित्सा दल बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पूरी तरह एक्टिव और राउंड पर रहे। उन्होंने कहा कि राहत शिविरों में डॉक्टरों और मोबाइल मेडिकल टीम के पास हर हाल में एंटी वेनम, एंटी रेबीज और हर तरह के विषैले जानवरों के काटने से बचाने वाला इंजेक्शन हो। वहीं स्थानीय नेताओं को प्रशासन के काम में सहयोग देने की भी बात कही है। मुख्यमंत्री ने पुलिस के अधिकारियों से कहा कि बाढ़ प्रभावित और बाढ़ राहत शिविरों में पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बीमारी से यदि पशु हानि होती है, तो पशुपालक को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। राहत शिविरों में समुचित सफाई और लाइटिंग हो।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद प्रभावित क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर सफाई कराई जाए। इससे इन क्षेत्रों में संक्रामक बीमारी फैलने न पाए। उन्होंने बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त होने वाले सड़कों और गलियों की भी शीघ्र मरम्मत कराए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, देवबंद से विधायक एवं मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, विधायक कीरत सिंह के अलावा जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र, एसएसपी विपिन ताडा और जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने की विकास कार्यों की गहन समीक्षा

● मत्स्य पालन व दुग्ध उत्पादन से संबंधित योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करने के दिए निर्देश




**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित सभी लाभार्थीपरक योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्रों को मिले, यह सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यो का नियमित रूप से अनुश्रवण करें तथा लापरवाही बरतने वालों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने खराब प्रगति वाली योजनओं में तत्काल सुधार करने हेतु भी निर्देशित किया।

विकास कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्रात: 10:00 बजे से 12:00 बजे तक कार्यालय मे जनता की समस्याए नियमित रूप से सुनकर उनका प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मत्स्य पालन किसानो की आय को शीघ्रता से बढ़ाने का सबसे अच्छा विकल्प है कई प्रदेशों मे किसान मत्स्य पालन कर अपनी आय बढ़ाते हुये तेजी से समृद्ध हुये है। उन्होने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक किसानों को मत्स्य पालन सम्बन्धित योजनाओं का लाभ दिये जाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। रेन वाटर हार्वेस्टिंग के मानको के अन्तर्गत आने वाले सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सयंत्र स्थापित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। नहरो में टेल तक पानी अथवा पानी के बहाव को रोकने हेतु आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। निराश्रित गोवंशों के संरक्षण हेतु भूमि चिन्हीकरण फाइल में देरी पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार पुवायां को कड़ी फटकार लगाते हुये जल्द कार्यवाही पूर्ण कर फाइल प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिये कि खण्ड विकास अधिकारी प्रतिदिन एक गोशाला अवश्य चेक करे। जिलाधिकारी ने आगामी वृक्षारोपण महाभियान के अन्तर्गत सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर स्थलों का चिन्हीकरण करते हुये 18 जुलाई तक गड्ढा खुदान का कार्य पूर्ण करें। बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये परिषदीय विद्यालयों में दी जा रही शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि विद्यालय के निरीक्षण के दौरान शिक्षण कार्य की गुणवत्ता अवश्य देखें। जिलाधिकारी ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य को निद्रेशित किया कि कौशल विकास योजनान्तर्गत दिये जा रहे प्रशिक्षण की गुणवत्ता अवश्य चेक करें। संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना, छोटे गावों तथा कस्बों में स्वास्थ्य सेवाएं, ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, खाद्यान वितरण, वृद्धावस्था पेंशन, स्वरोजगार योजनाओं आदि की भी जिलाधिकारी ने समीक्षा की। बैठक के दौरान सीडीओ एसबी सिंह, डीएफओ प्रखर गुप्ता, सीएमओ डा. आर के गौतम, जिला विकास अधिकारी पवन कुमार सिंह, परियोजना निदेशक अवधेशराम सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

● खामियों को दुरुस्त करने और मरीज को सभी सुविधाएं देने के दिए निर्देश



**बरेली।** बरेली मंडल की कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने आज जिला अस्पताल का औचक किया अपनी निरीक्षण में उन्होंने रजिस्ट्रेशन काउंटर ओपीडी रेडियोलॉजी इमरजेंसी और अनेक विभागों का निरीक्षण किया रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों का पर्चा जल्द से जल्द बनने के निर्देश दिए ओपीडी में सभी डॉक्टर अपने-अपने कक्ष में बैठे मिले उन्होंने सभी डॉक्टरों को मरीज का समुचित इलाज करने के निर्देश दिए उसके बाद कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने रेडियोलॉजी डिपार्टमेंट का निरीक्षण किया उन्होंने अल्ट्रासाउंड और एक्सरे में देरी न करने के निर्देश दिए और मरीजों से पूछा की अल्ट्रासाउंड में कोई देरी तो नहीं हो रही है बरसात के मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए जिला अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों की लंबी कतार हो रही है ऐसे में कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने अस्पताल की सीएमएस डॉक्टर अलका शर्मा को निर्देशित किया कि वह डॉक्टरों की मीटिंग ले और उनका समय पर आने और मरीज का समुचित इलाज करने और शासन के निर्देश अनुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए उन्होंने जिला अस्पताल में जल भराव को लेकर चिंता व्यक्ति की ओर कहा कि साफसफाई रहना चाहिए जल भराव नहीं होना चाहिए इसके लिए जो भी आवश्यक कदम उठाया जाए उठाए जाने चाहिए कमिश्नर ने वार्ड में भर्ती मरीजों का भी हाल पूछा और यह भी जाना कि उनका इलाज कैसा हो रहा है कोई पैसा इत्यादि तो नहीं मांग रहा है निरीक्षण के समय सीएमओ डॉक्टर बलवीर सिंह डॉक्टर सौरभ सिंह डॉक्टर अलका शर्मा डॉक्टर एल के सक्सेना उपस्थित थे डिप्टी कमिश्नर प्रशासन अरुण कुमार भी निरीक्षण के समय मंडलायुक्त के साथ थे कमिश्नर के दौरे को लेकर जिला अस्पताल में हड़कंप मच गया और सभी अपनी ड्यूटी पर मौजूद पाए गए उन्होंने सीएमएस से को निर्देशित किया कि वह डॉक्टर के साथ मीटिंग करके बेहतर संवाद बनाएं और मरीज का इलाज करें।

# सीतापुर जिला अस्पताल के मरीजों का इलाज प्रशिक्षु डॉक्टर के कंधों पर

**सीतापुर।** वैसे तो 50 लाख से भी अधिक आबादी वाले सीतापुर जनपद के जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों के इलाज की जिम्मेदारी कितने डाक्टरों पर है यह जानकर आप हैरान रह जाएगें, और मरीजों को परेशान होना पड़ता है, क्योंकि 39 डाक्टरों के पद सृजित है तैनाती सिर्फ 18 डाक्टरों की है। औसत में तीन हजार मरीज ओपीडी में हर रोज आते है। 213 बेड मरीजों से फुल रहने के चलते अतिरिक्त बेड की व्यवस्था करानी रहती है। इन बेडों पर दो-दो मरीज भी इलाज कराने को मजबूर होते है। यह हाल तब है जब चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग के राज्यमंत्री मंयकेश्वर शरण सिंह सीतापुर जिले के प्रभारी मंत्री है, यहां से डाक्टरों का गैर जनपद तो तबादला हो जाता है लेकिन आता कोई नहीं है। अब प्रशिक्षण पाने के लिए आए 17 प्रशिक्षु डाक्टरों से मरीजो का उपचार कराया जा रहा है। असल सवाल यह है कि राजधानी से सटे सीतापुर जनपद में डाक्टरों के सृजित 39 पदों के मुकाबले सिर्फ 18 डाक्टर मरीजो का इलाज कैसे करते होगें यह खुद सोचने वाली बात है। सीतापुर का जिला अस्पताल जो पहले से ही जर्जर हो चुका है, दूसरी जगह बिल्डिंग बनवाए जाने को लेकर शासन को भी सीएमएस आर.के.सिंह द्वारा लिखा जा चुका है। न नई बिल्डिंग बन पा रही है और न ही स्वीकृत पदों के अनुरुप डाक्टरों की नियुक्ति की जा रही है, मगर आलम देखिए पिछले दिनों डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने जब निरीक्षण किया तो उन्होने सब कुछ ठीक ठाक होना बताया। समय-समय पर मंत्रियों, शासन से आए अधिकारियों और जिले के आला अधिकारियों द्वारा सीतापुर जिला अस्पताल का निरीक्षण किए जाते है, तब भी जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को अच्छा बताया जाता है। मगर कोई यह नहीं बताता कि डाक्टरों की कमी से बीमार चल रहे जिला अस्पताल का इलाज कौन करेगा। जब जिला अस्पताल ही बीमार होगा तो मरीजों का समुचित इलाज भला कैसे हो रहा होगा। इसका अंदाजा लगाया जा सकता है जिला अस्पताल के डाक्टर आर.के.सिह भी डाक्टरों के आने का इंतजार कर रहे है।

# डीएम ने कटान प्रभावित इलाकों का लिया जायजा

● डीएम ने अफसरों संग जाना प्रभावितों का दुख दर्द

● विस्थापित परिवारों को उपलब्ध कराए सभी जरूरी, मुकम्मल सुविधाएः डीएम



**लखीमपुर खीरी।** जिले में कटान प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेकर प्रभावितों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंहए सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता संग तहसील गोला गोकर्णनाथए ब्लॉक बिजुआ के कटान प्रभावित क्षेत्र ग्राम रूरा सुल्तानपुर के मजरा कोरियाना का दौरा किया। डीएम ने राहतए बचाव कार्यों का सघन पर्यवेक्षण कर फील्ड में कार्य कर रहे अधिकारियोंए कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

डीएम ने ग्राम प्रधान जगजीत सिंह सहित सभी ग्रामवासियों/ प्रभावित परिवारों से पूरे अपनत्व के साथ वन.टू.वन भेंटकर उनका कुशलक्षेम जाना। ग्रामीणों को सतर्क रहने के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। रोज़मर्रा की जिंदगी के अनुभवों और दुरूह क्षेत्र में निवास करने के कारण आने वाली समस्याओं की जानकारी कर आश्वस्त किया कि समस्याओं को तत्परता के साथ निराकरण कराया जायेगा। कहा कि शासन.प्रशासन हर सम्भव मदद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा जनपदवासियों की सेवा के लिए सदैव तत्पर है। भरोसा दिया कि हर संकट में शासन.प्रशासन उनके साथ खड़ा है। डीएम ने विद्युत महकमे के अफसरों को कटान से प्रभावित होने वाले विद्युत पोल को तत्काल हटवाए जाने के निर्देश दिए। ईई बाढ़ खंड राजीव कुमार को कटान से प्रभावित क्षेत्रों को बचाने के लिए डूब क्षेत्र के बाहर आपातकालीन कटावरोधी कार्य कराने के निर्देश दिए। कटान प्रभावित क्षेत्र के समीप रहने वाले ग्रामीणों को सेफ जोन में रखा जाए। सीएमओ को निर्देश दिए कि विस्थापित परिवारों को पर्याप्त, जरूरी, मुकम्मल चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराएं। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री और शासन के उच्चाधिकारियों के निर्देश हैं कि जिले के सभी कटान पीड़ितों को उनकी पात्रता के अनुसार त्वरित राहत पहुंचाई जाए। स्पष्ट निर्देश प्राप्त हुए हैं कि कटान और बाढ़ के कारण जिन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं अथवा फसलों को नुकसान हुआ है।

## संदिग्ध हालात में युवक ने खाया जहर

**बरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से एक युवक की हालत बिगड़ गई उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया घरवालों ने मोहल्ले की रहने वाली एक युवती के घरवालों पर युवक को जहर देने का आरोप लगाया पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रेम नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुरखा बानखाना निवासी विकास पुत्र पन्नीलाल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घरवालों ने बताया कि विकास नोएडा में एक कंपनी में काम करता है उसके लगभग 3 सालों से मोहल्ले की रहने वाली एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहे थे युवती ने उससे विवाह करने का वादा किया था इसके चलते विकास में उस युवती पर काफी रुपया भी खर्च किया था लेकिन कुछ दिनों से युवती के प्रेम प्रसंग किसी अन्य युवक से शुरू हो गए जिसके चलते विकास काफी परेशान था और कल दिन में वह नोएडा से घर वापस लौटा उसने युवती से बातचीत करने की कोशिश की।

## क्विक न्यूज

### दहेज लोभी पति ने की 10 लाख रुपए की मांग बच्चे को छीनकर पत्नी को घर से निकाला

**बरेली।** दहेज को लेकर महिलाओं पर लगातार अत्याचार होते चले आएं हैं।सरकार की लाख कोशिशों के बाद भी ये दहेज रूपी कलंक खत्म होने का नाम नहीं लेता। अभी भी इसकी नजीर सामने आती ही रहती है। शुक्रवार को एक महिला ने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर दहेजलोभी ससुरालियों के खिलाफशिकायत करते हुए कहा कि दहेज की डिमांड पूरी ना होने पर उसे घर से मारपीट कर निकाल दिया और उसके 8 माह के दुधमुंहे बच्चे को भी छीन लिया। महिला ने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर अपने बच्चे को वापस कराने की मांग की है।एसएसपी ऑफिस पहुंची महिला अजमी का कहना है कि वो थाना शाही क्षेत्र के दुनका की रहने वाली है। उसकी दो साल पहले उसी के क्षेत्र के रहने वाले गबस्सर पुत्र अफसर अली के साथ हुई। गबस्सर के पिता मजूदा ग्राम प्रधान हैं। अजमी ने बताया कि उसके माता पिता ने उसकी शादी में लगभग 15 लाख रुपए खर्च किए थे। धूमधाम से उसकी शादी कराई थी। शादी के बाद से उसपर जुल्म होना शुरू हो गया। लगातार उससे और दहेज लाने की मांग की जाने लगी। उससे मायके से 10 लाख रुपए और लाने की मांग की जाने लगी। इसके चलते उसे कई बार मारापीटा भी गया। उसका एक 8 माह का बच्चा भी है। उसको एक बार गर्भपात की दवा खिलाकर उसका गर्भपात भी किया गया। अजमी ने बताया कि बीती 4 जुलाई को उससे 10 लाख रुपए मायके से लाने की मांग करते हुए उसके पति ससुर सास और मायके के अन्य सदस्यों ने मारापीटा और उसका 8 माह का दुधमुंहा बच्चा छीन लिया। अजमी ने इस बाबत शाही थाने में अपने साथ घटी घटना की एफआईआर दर्ज कराई है। आज अजमी ने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर अपने बच्चे की मांग की है। अजमी के भाई जलीस का कहना है कि उसकी बहन के ससुरालीजन उसके खिलाफ षड्यंत्र रचकर मुकदमा लिखकर जेल भेजने की फिराक में लगे हुए हैं।

### रोमांचक डील्स और ऑफ़र का मौका

कानपुर। प्राइम डे 2023 से पहले अमेजन बिजनेस ने आज 15-16 जुलाई को वार्षिक प्राइम डे प्रोग्राम के दौरान अपने बिजनेस कस्टमर्स को शिडस्कवर जॉयश् का आनंद उठाने और अधिक बचत करने में मदद करने के लिए विभिन्न कैटेगरी में रोमांचक डील्स और ऑफ़र की घोषणा की है। दो दिनों तक बेस्ट डील्स के साथ, ग्राहकों को नए लॉन्च और रोमांचक ऑफर का फायदा मिलेगा। इसी के साथ ही अमेजन बिजनेस ग्राहक प्रोडक्ट की एक विशाल रेंज के शानदार कलेक्शनए रिवॉर्ड पॉइंट आदि का लाभ उठा सकते हैं।

### प्राइम डे पर डिस्कवर जॉय का मजा

लखनऊ। 13 जुलाई 2023रू प्राइम डे 2023 से पहले, अमेजन बिजनेस ने आज 15.16 जुलाई को भारत में अमेजन के वार्षिक प्राइम डे प्रोग्राम के दौरान अपने बिजनेस कस्टमर्स को डिस्कवर जॉय का आनंद उठाने और अधिक बचत करने में मदद करने के लिए विभिन्न कैटेगरी में रोमांचक डील्स और ऑफ़र की घोषणा की है। दो दिनों तक बेस्ट डील्स के साथए ग्राहकों को नए लॉन्च और रोमांचक ऑफर का फायदा मिलेगा। इस प्राइम डे परए अमेजन बिजनेस की मुख्यतरू यही कोशिश है कि एमएसएमई ग्राहकों को सशक्त बनाते हुए उनकी कारोबार से जुड़ी जरूरी वस्तुओं की खरीदारी के लिए टॉप कैटेगरी में 19 करोड़ से अधिक जीएसटी सक्षम उत्पादों की पेशकश की जाए।

### सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत

बरेली। गांव की बाजार में सब्जी बेचने के बाद मोटरसाइकिल से घर लौट रहे युवक को तेजी से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्यवाही शुरु कर दी। भमोरा थाने के गांव नवदिया निवासी 40 वर्षीय उमाशंकर पुत्र होरीलाल को बीती रात 10.00 बजे जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया अस्पताल में मौजूद मृतक के पिता ने बताया कि उमाशंकर भमोरा थाना क्षेत्र के गांव देवचरा में लगने वाली बाजार में सब्जी बेचने के लिए मोटरसाइकिल से गया था जहां से रात में सब्जी बेचने के बाद वह घर वापस लौट रहा था लेकिन रास्ते में ही आलमपुर जाफराबाद गांव के पास तेजी से आ रही ट्रैक्टर ट्राली में उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर ट्राली को रोकने की कोशिश की तब उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची उमाशंकर की मौत हो चुकी थी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे घरवाले उसे जिला अस्पताल लाए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतक 4 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम रामप्यारी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर उसके चालक व मालिक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी।

## युवक को शराब में मिलाकर जहर दिया हालत नाजुक

**बरेली ।** पुरानी रंजिश के चलते एक युवक को गांव के ही रहने वाले युवक के घर से बुलाकर खेत में ले जाने के बाद शराब में मिलाकर जहरीला पदार्थ पिला दिया जिससे युवक की हालत बिगड़ गई घर वालों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया ।फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव लोहार नगला निवासी सुनील को बीती रात इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि सुनील का कुछ दिनों पहले गांव के ही रहने वाले योगेंद्र से किसी बात को लेकर विवाद हो गया तब योगेंद्र ने अपने साथियों की मदद से सुनील की जमकर पिटाई कर दी जिससे वह घायल हो गया घटना के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया लेकिन योगेंद्र सुनील से रंजिश मानता रहा और कल शाम को वह सुनील को उसके घर से बुलाकर अपने साथ ले गया और घर से कुछ ही दूरी पर स्थित एक खेत में जाने के बाद उसे शराब में मिलाकर जहरीला पदार्थ पिला दिया।

# ग्रामीणों की समस्याओं का नहीं हो पा रहा है समाधान

● लापरवाही के चलते ज्यादातर पंचायत भवन रहते है बंद

**सीतापुर।** यूपी के सीतापुर में पंचायत भवनों की स्थिति ठीक नहीं है। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते ज्यादातर पंचायत भवन बंद ही रहते है। मनमानी इस कदर है कि सहायक पंचायत भी इसमें बैठकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे है। ऐसे में ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण घर बैठे नहीं हो पा रहा है। उनके लिए कोषो दूरी तय कर ब्लाक के चक्कर लगाना मजबूरी बन गया है। ग्रामीण स्तर पर लाखों खर्च कर बनवाए गए पंचायत भवन महज शोपीस बनकर रह गए है। यह वीडियो ब्लाक रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत बाकर नगर में बनवाए गए पंचायत भवन का है। वीडियो में आप देख सकते है कि पंचायत भवन के मुख्य गेट पर लगा ताला शायद कई महीनो से खुला ही नहीं है। इसकी तस्दीक गेट के सामने उगी बड़ी-बड़ी घास और झाड़िया कर रही है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि गेट के मुख्य द्वारा पर बड़ी-बड़ी घास,झाड़िया उग आई है. जिससे पता चलता है कि यहां कई महीनों से सफाई नहीं कराई गई है। यही हाल पंचायत भवन के अंदर परिसर का है। वीडियो में आप देख सकते है कि परिसर के अंदर भी बड़ी-बड़ी घास उग आई है, और जिम्मेदार इस तरफ से बेखबर है। अंदर से बाहर तक उगी घास और झाड़ियां ही यह बताने को काफी है कि इस पंचायत भवन का शायद ताल कभी खुलता ही नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान भगवानदीन और पंचायत सहायक प्रीत कुमारी भी कभी पंचायत भवन नहीं आती है। ऐसे में उन सभी को जरुरत के लिए 30 किलोमीटर दूर रामपुर मथुरा ब्लाक मुख्यालय जाना पड़ता है।

# डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने दी गांव में दस्तक



**लखीमपुर खीरी।** कटान प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेकर प्रभावितों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से डीएम के निर्देश पर कटान प्रभावित तहसीलों में संबंधित उप जिलाधिकारी ने स्थलीय भ्रमण किया। कटान की वस्तुस्थिति जानीए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। अफसरों ने प्रभावित परिवारों से संवाद किया। इन सभी प्रभावित गांव में प्रशासनिक टीमों ने डेरा डाल दिया। एसडीएम गोला रत्नाकर मिश्रा, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड राजीव कुमार ने तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता के साथ तहसील गोला क्षेत्र के ग्राम नयापुरवा का भ्रमण कियाए जहां बाढ़ एवं कटान की स्थिति सामान्य मिली। एसडीएम के नेतृत्व में अफसरों की टीम ने ग्रामीणों से संवाद करके उनका कुशल क्षेम जाना। ग्रामवासियों को बाढ़ से संभावित खतरों के प्रति आगाह किया। बचाव के समाधान बताए।

धौरहरा। एसडीएम ने ग्राम प्रतापपुर जंगल मटेरा में राहत चौपाल लगाई। चौपाल में ग्रामवासियों को बाढ़ से संभावित खतरों के प्रति आगाह किया। बचाव के समाधान बताए। गर्भवती, धात्री महिलाओं की सूची तैयार रखने को कहा गया। दिव्यांगजन और वृद्धजन व्यक्तियों की सूची भी तैयार करने के लिए आदेशित किया। राहत से संबंधित शासन की योजनाओं के प्रति ग्राम वासियों को अवगत कराया। अफसरों ने गांव का भ्रमण किया। ग्रामवासियों से जन संवाद कर बाढ़ से संभावित खतरों, बचाव पर एक परिचर्चा की। चिकित्सा, खाद एवं रसद विभाग को भी निर्देशित किया कि बाढ़ के समय गांव में समय से पूर्व पहुंचकर राहत पहुंचाने का प्रयास करेंगे। चौपाल में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, क्षेत्रीय लेखपाल, ग्राम प्रधान, आशा, आंगनवाड़ी ने प्रतिभाग किया।

पलिया। अत्यधिक वर्षा और नदियों की स्थिति के चलते बाढ़ की आशंका के दृष्टिगत संवेदनशील ग्राम सरखना पूरब में राहत चौपाल का आयोजन किया।चौपाल के दौरान बाढ़ आपदा के समय होने वाले नुकसान को कम करने या रोके जाने के उद्देश्य से लोगों को सचेत किया तथा बाढ़ प्रबंधन एवं बचाव संबंधित जानकारियां दी। ग्रामवासियों से आपदा के समय तत्काल सहयोग प्राप्त करने हेतु संबंधित क्षेत्रीय लेखपाल, राजस्व निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार की भूमिका से अवगत कराते हुए संपर्क करने की सलाह दी।

# प्रवास कार्यक्रम के तहत नकुल दुबे पहुंचे छोटीकाशी





**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** मुख्य अतिथि के रूप में गोला विधानसभा क्षेत्र के कई कार्यक्रमों में शिरकत की इसी क्रम में सर्वप्रथम भीरा, मैलानी, संसारपुर में स्वागत कार्यक्रम, के पश्चात गोला के सदर चौराहा इंदिरा पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। नगर के सरस्वती मैरिज लॉन में जनसभा व संवाद कार्यक्रम किया। जिसमें मुख्य अतिथि नकुल दुबे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की मौजूदा केंद्र सरकार ने जनता को सिर्फ सपने दिखाने का काम किया है। चाहे वह गैस सिलेंडर की बात हो एमहिला सुरक्षा की बात होए महंगाई की बात हो एभ्रष्टाचार की बात हो धरातल पर कोई भी काम नहीं किया गया, सिर्फ हवा हवाई बातें ही होती रही हैं द्य काँग्रेस पार्टी ने देश को बनाने का काम किया है और आज भी जनता की लड़ाई लड़ रही है।इसलिए देश और समाज को बचाने के लिए हम सभी को आगामी लोकसभा चुनाव में काँग्रेस पार्टी का साथ देना है।

कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत के साथ भव्य प्रदर्शन किया। मुख्य रूप से अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में प्रदेश सचिव गुरमीत सिंह भुल्लर, प्रदेश सचिव रिशाल अहमद एयुवा नेता कैप्टन मोनिश अली नकवी एजिला प्रवक्ता अमित गुप्ताए चंद्रप्रकाशएप्रदेश महासचिव पिछड़ा वर्ग विभाग रामकुमार वर्मा एपीसीसी सदस्य केके मिश्रा एपीसीसी सदस्य प्रेम कुमार वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष मतीन शाह, ब्लॉक अध्यक्ष रघुनंदन राज पासी, पीसीसी सदस्य बलराम गुप्ता, नगर अध्यक्ष पलिया अजय दरोगा, सत्य बंधु गौड, विशोक मिश्रा, विनीता राज, बलराम वरुण प्रदुमन कुमार मिश्रा एडवोकेट, शेष मिश्रा, मुजीब उरहमान, किसान कांग्रेस के नेता विपुल गुप्ता, पीसीसी सदस्य दीपक बाजपेई, पंडित कालिका प्रसाद अवस्थी, नगर अध्यक्ष सत्यप्रकाश बाजपेई, पीसीसी सदस्य किरण पटेल, देवेंद्र पंकज, आसिफ अली भीरा, अवनीश प्रकाश अवस्थी उर्फ सोनू भैया, बादल खान, अनंतराम गौतम, शालू मिश्रा, सलमान खान, लतीफ आजम, सतीश चंद्र मिश्रा आरटीआई चेयरमैन, वहाज अंसारी, अजय कुमार गुड्डू शुक्ला, सहित सैकड़ों काँग्रेस जनों ने सहभागिता की।

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने किया जिला पुरुष चिकित्सालय का निरीक्षण

● ब्लड बैंक, इमरजेंसी, चिल्ड्रन वार्ड व एनआरसी सहित शासन की योजनाओं की जानी हकीकत

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**उत्तर प्रदेश** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री डॉ देवेंद्र शर्मा ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला पुरुष चिकित्सालय एमसीएच विंग ओयल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी सहित एनआरसी और चिल्ड्रन वार्ड का निरीक्षण किया। दवाओं की उपलब्धता जानीए मरीजों के तीमारदारों से बात की। प्रधानमंत्री जन औषधि का भी निरीक्षण किया। उन्हे सीएमएस जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ आईके रामचंदानी और सीएमएस एमसीएच विंग डॉण् एसी श्रीवास्तव द्वारा चिकित्सालय का भ्रमण कराया गया।

उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री डॉ देवेंद्र शर्मा अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को करीब 11रू30 जिला पुरुष अस्पताल ओयल पहुंचे। उनके साथ डिप्टी सीएमओ डॉ धनीराम भार्गवए सीएचसी फूलबेहड़ अधीक्षक डॉण् अमितेश द्विवेदी मौजूद थे। उन्होंने सबसे पहले ब्लड बैंक फिर इमरजेंसी और उसके बाद एनआरसी और चिल्ड्रन वार्ड का निरीक्षण किया है। उन्होंने एनआरसी में भर्ती नन्हे.मुन्ने बच्चों की माताओं से मिल रही दवाओंए भोजन और अन्य सेवाओं की जानकारी की। सभी मरीजों ने दवाओं व मिल रही सुविधाओं पर संतोष जाहिर किया। उन्होंने बाल रोग विशेषज्ञ डॉ आरपी वर्मा से भी दी जा रही सुविधाओं की जानकारी की।

अपने निरीक्षण के क्रम में बताते हुए उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री डॉ देवेंद्र शर्मा ने कहा कि वे जिला खीरी के तीन दिवसीय भ्रमण पर हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों के तीमारदारों से उन्होंने बात की है जिला पुरुष चिकित्सालय में बेहतर सेवाएं दी जा रही है। शासन की मंशा के अनुरूप कार्य हो रहा है। एनआरसी में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था थीए दवाओं की उपलब्धता थी। बच्चों को दिया जाने वाला दूध और नाश्ता खाना सब कुछ सफाई से बनाया जा रहा था। उन्होंने जिला पुरुष चिकित्सालय में दी जा रही सेवाओं पर संतोष जाहिर किया साथ ही साफसफाई की व्यवस्था पर भी संतोष व्यक्त किया। जिला पुरुष चिकित्सालय अधीक्षक डॉ आईके रामचंदानी के कार्य की प्रशंसा की। साथ ही कहा कि अभी कुछ ही समय में मेडिकल कॉलेज की सेवाएं मिलने लगेंगी। शासन इसे लेकर तेजी से काम कर रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर करने को लेकर तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों में ही मेडिकल कॉलेज की सेवाओं को जल्द ही जिले में शुरू करना है और मेडिकल कॉलेज का काम काफी हद तक पूरा भी हो चुका है। जल्द ही जिले के आम नागरिक को स्वास्थ्य की बेहतर सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री जन औषधि को लेकर कहा कि लोगों को महंगी दवाओं से छुटकारा मिल गया है और जिला अस्पताल सहित तहसील स्तर पर भी प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खुलने से आम जनमानस को काफी सुविधा हुई हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट था और इसे और बेहतर करने के प्रयास निरंतर जारी है। आज लोगों को बेहद कम कीमत पर अच्छी क्वालिटी की दवाई मिल रही हैं। यह प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का बड़ा लाभ है। वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ एसके मिश्रा मैट्रन रजनी मसीहए जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगमए जिला बाल संरक्षण अधिकारी गंगा सागर यादवए काउंसलर देवनंदन श्रीवास्तव भाजपा नेता हिमांशु पुरी आदि मौजूद रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 15 जुलाई, 2023



# चोरों के गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, लाखों का माल बरामद

● गिरोह के सरगना समेत सभी सदस्यों पर पहले से दर्ज हैं कई मुकदमे



**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**नवाबगंज** थाना क्षेत्र में पुलिस ने आज अंतरजनपदीय चोर गिरोह के चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया, इनके पास से बैटरी, इनवर्टर, प्रिंटर आदि लाखों रुपए के कीमती सामान बरामद किए गए। यह जानकारी पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नवाबगंज पुलिस ने अपने दलबल के साथ रात्रि करीब डेढ़ बजे थाना क्षेत्र के मन्झना पुल पर नाकेबंदी करके एक अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के सरगना कन्नौज जिले के छिबरामऊ थाना के ग्राम भारापुर निवासी अजीत कुमार जाटव उम्र करीव 29 बर्ष व इसी थाना के ग्राम कसावा निवासी अश्वनी राठौर उम्र करीब 35 वर्ष व थाना तिर्वा निवासी नागेश उम्र करीब 39 वर्ष तथा फर्रुखाबाद जिले के थाना शमशाबाद के ग्राम बलीपुर भगवंतपुर ऊर्फ उलियापुर निवासी सुवोध यादव उम्र करीब 40 वर्ष सहित चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि इन पकड़े गए शातिर चोरों ने पुलिस को बताया कि वह दिन में घूम फिर करके निजी व सरकारी स्कूल पंचायत भवनों में रेकी करके रात्रि में बैटरी ,इनवर्टर, सोलर प्लेट, आदि सामानों की चोरी करके सभी सामानों को बेचकर बराबर बराबर धन बांट लेते थे और अपने शौक पूरे करते थे। इन शातिर चोरों ने नवाबगंज थाना के ग्राम पंचायत सिरोली, फत्तनपुर ग्राम पंचायत घर गुसरापुर पंचायत घर सचिवालय एवं शमशाबाद के ग्राम बालीपुर भगवान उलियापुर के ग्राम पंचायत सचिवालय, कन्नौज जिले के सौरिख गांव बेहटा रामपुर ग्राम पंचायत सचिवालय आदि में चोरी किया जाने की घटनाओं को अंजाम देने की स्वकिरोक्ति की है।

# जिले में लगेंगे 72 लाख 98 हजार 500 पौधेः जिलाधिकारी



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने जिला पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री ने सांसद, विधायकों समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारियों के साथ पौधरोपण की बाबत वीडियो कांफ्रेंसिंग की थी। 22 जुलाई व 15 अगस्त को पौधारोपण की तिथि निर्धारित की गई है। जिन विभागों के पास भूमि है, वह पौधरोपण कराकर तार फेंसिंग आदि की व्यवस्था करें।

शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेऊट सभाकक्ष में हुई बैठक में निर्देश दिए कि ग्राम्य विकास, जिला पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायत तय करें कि धार्मिक नगरी में ऋषि मुनियों के धार्मिक स्थल के नाम से भी वाटिका बनाकर पौधरोपण करायें। ऐसी जगह चिन्हित करें जहां लोग घूमने-फिरने जाते हो। नवग्रह वाटिका भी बनायें, ताकि जो पर्यटक आए उन्हें शोभायमान लगे। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों से कहा कि नगर पालिका और नगर पंचायतों पर जगह चिन्हित कर नंदनवन बनाकर पौधरोपण करायें। ग्राम विकास विभाग प्रत्येक ब्लॉक में दो-दो गांव में पौधरोपण करायें। नगर पालिका, नगर पंचायतों में अध्यक्ष व सभासदों से पौधरोपण करायें।

# नये जिलाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर जारी है महामंथन

●रविवार शाम पार्टी हाईकमान को दावेदारों के नाम सौंपेंगे पर्यवेक्षक

●दूसरे दिन भी जारी रहा मेल मुलाकातों का दौर



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**लोकसभा** चुनाव 2024 को लेकर रणनीति बनाने में जुटी भाजपा चुनाव में उतरने से पूर्व जनपद में नये जिलाध्यक्ष की ताजपोशी का रास्ता तय करने के लिये हाईकमान द्वारा जिले का पर्यवेक्षक बनाकर भेजे गये रामनिवास यादव ने दूसरे दिन भी भाजपा जनप्रतिनिधियों, नेताओं व कार्यकर्ताओं से महामंथन का दौर जारी रखा। सूत्रों की मानें तो 15 जुलाई की देर शाम तक वह लखनऊ पहुंचने के बाद पार्टी हाईकमान को जिलाध्यक्षी के दावेदारों में शामिल नामों का पैनल सौंप देंगे। जिला पर्यवेक्षक के सामने ब्राह्मण समाज के 14, ओबीसी समाज के 9, क्षत्रिय समाज के 7 एवं अनुसूचित जाति से दो लोगों ने अपनी दावेदारी पेश की है। खास बात तो यह है कि जिलाध्यक्षी के दावेदारों में तीन महिला नेत्रियां भी शामिल हैं।

भाजपा पर्यवेक्षक रामनिवास यादव से जब मीडिया ने भेंट कर नये जिलाध्यक्ष के बारे में चर्चा की तो उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पार्टी हाईकमान की मंशा है कि जिसे भी नया जिलाध्यक्ष बनाया जाये वह जनप्रतिनिधियों, नेताओं व कार्यकर्ताओं में सर्वमान्य हो। इसके लिये वह निरंतर छोटे से लेकर बड़े कार्यकर्ताओं, नेताओं व जनप्रतिनिधियों से मंथन करने का प्रयास कर रहे हैं। ताकि सभी दावेदारों के बारे में सभी की क्या राय है।

भाजपा के जिला प्रभारी संजीव श्रृंगी ऋषि से जब पार्टी के नये जिलाध्यक्ष को लेकर भेंट की तो उन्होंने साफ तौर पर कहा कि झांसी मंडल में तीन जनपद आते हैं और चार नये जिलाध्यक्ष बनाये जाने है जिसमें ललितपुर, जालौन से एक-एक व झांसी जनपद से दो जिलाध्यक्ष सहित चार जिलाध्यक्ष शामिल हैं। इस लिहाज से झांसी मंडल में सामाजिक समीकरणों का पूरा ध्यान रखा जायेगा। उन्होंने जोर देते हुये कहा कि चारों नये जिलाध्यक्षों के नाम तय करने से पहले पार्टी हाईकमान सामाजिक समीकरणों पर पूरा ध्यान केंद्रित करेगी।

# तालाब में हजारों मछलियों के मरने से मचा हड़कंप



**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा में एक तालाब में हजारों मछलियों के मरने से हड़कंप मच गया, इलाके में दुर्गंध से स्थानीय लोगों का जीना मुश्किल हो गया है. सूचना पर पहुंचे प्रशासन के अफसरों ने पानी का सैम्पल कलेक्ट कर जांच के लिए भेजा है और मृत मछलियों को दफनाने के आदेश दिए हैं. गांव वालों का कहना है कि किसी अराजक तत्व ने तालाब में कोई जहरीला पदार्थ डाल दिया है, जिससे इतनी बड़ी संख्या में मछलियों की मौत हुई है। ग्रामीणों ने बीमारियों के फैलने के डर से तुरंत सफाई कराने की मांग की है। प्रदूषण क्षेत्रीय अधिकारी राजेंद्र प्रसाद से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया उस तालाब का बीओडी लोड बढ़ जाने के कारण ऑक्सीजन कम हो गया इसलिए मछलियां मर रही है इसका 3 मिलीग्राम पर लीटर के आसपास होना चाहिए। बबेरू तहसील क्षेत्र के जमरेही नाथ बाबा स्थान तालाब का है। जहां स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी अराजक तत्व ने कोई जहरीला पदार्थ तालाब में डाला है, लेकिन प्रदूषण अधिकारी के अनुसार बीओडी का लोड 3 मिलीग्राम पर लीटर होना चाहिए कम होने पर ऑक्सीजन की मात्रा बहुत कम हो जाती है जिससे जीव जंतुओं की मौत होने लगती है इसका प्रति महीने प्रदूषण विभाग सैंपल लेता है।

# सीपीएस में धूमधाम से मना गया 25वां स्थापना दिवस



**फतेहपुर।** शहर के चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल के 25वें स्थापना दिवस का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के दिनों दिन उन्नति, शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सफलता का परचम लहराने में अग्रणी, बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा की पहल करने वाला प्रथम माध्यमिक विद्यालय, एडुकॉम द्वारा स्मार्ट बोर्ड पर शिक्षा देने वाला प्रथम विद्यालय, बालिकाओं के लिए सीपीएस महिला महाविद्यालय ओंकार स्पोर्ट्स एकडमी, ओंकार संगीत एकडमी जैसे अनेक इतिहास रचे। विद्यालय की निर्देशिका इंजीनियर प्राची श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक अनुराग श्रीवास्तव, किरन सिंह व अन्य विशिष्ट अतिथियों संगीता द्विवेदी, अंजू त्रिपाठी को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत व अभिनन्दन किया। निर्णायक मंडल प्रियंका बाजपेई, ललिता, किरण शर्मा द्वारा लोकगीतों में प्रथम सूर्या हाउस व अंबर हाउस द्वितीय और नृत्य में प्रथम ज्वाला हाउस व धरा हाउस द्वितीय रहा। विजेता ग्रुप को ट्राफी देकर पुरस्कृत व सम्मानित किया गया।

# महिला संरक्षण व हितों से संबंधित विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन

● अपर जिला जज ने महिलाओं को दी अधिकारों व सुरक्षा संबंधी जानकारी

**संवाददाता।** खागा, फतेहपुर



**राज्य** विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुपालन व जनपद न्यायाधीश के दिशा निर्देशन में महिलाओं के हित एवं संरक्षण से संबंधित विविध विषयों पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन शुक्रवार को खागा तहसील सभागार में आयोजित किया गया।

शिविर में अपर जिला जज/सचिव नित्या पाण्डेय ने बालिकाओं, युवतियों व महिलाओं को उनके शिक्षा का अधिकार, भरण-पोषण अधिकार, कार्य स्थल पर छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न से संबंधित संरक्षण का अधिकार, पुरुषों के समान पारिश्रमिक का अधिकार, यौन उत्पीड़न पर पीड़िता का नाम सार्वजनिक न होने का अधिकार, पति अथवा रिश्तेदारों के खिलाफ घरेलू हिंसा से सुरक्षा का अधिकार, कामकाजी महिलाओं को मातृत्व संबंधी लाभ का अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अधिकार, रात में गिरफ्तार न होने का अधिकार, सम्पत्ति में बराबरी का अधिकार, पीड़िताओं को क्षतिपूर्ति पाने आदि के अधिकारों की जानकारी दी गयी। डा. कामना द्वारा सर्वाइकल कैंसर व पीसीपीएनडीटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

महिला थानाध्यक्ष कांति द्वारा महिला सशक्तीकरण एवं महिला हेल्प लाइन की जानकारी दी गयी। तहसीलदार रवि शंकर द्वारा महिलाओं के अधिकारों का सही प्रयोग किये जाने एवं बालिकाओं को शिक्षित किये जाने से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी।

## क्विक न्यूज

### तीन अभियुक्तों की 21 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क

**हमीरपुर।** मौदहा पुलिस ने आज डरा धमकाकर बलपूर्वक अर्जित की गयी संपत्ति तीन गैंगेस्टर एक्ट के अभियुक्तों की 21 करोड़ 90 लाख 89 हजार की संपत्ति कुर्क की है। पुलिस के मुताबिक मौदहा क्षेत्र क परछा गांव निवासी अभियुक्त मुईनुद्दीन उर्फजुम्मू, सरफुद्दीन उर्फ बुद्धू, आफताब तीनों के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि ये पेशवेर अपराधी हैं। डरा धमका बलपूर्वक लोगो की जमीन व मकान पर कब्जा कर लेते थे। अभियुक्तों ने अकूत संपत्ति पत्नी, पुत्र बहन के नाम करा रखी है इनकी संपत्ति 51 हेक्टेअर भूमि, 16 मकान, दस वाहन, 51 हजार रुपये बैंक जमा कुल इनकी कीमत 21 करोड़ 90 लाख 89 हजार 234 रुपये बतायी गयी है।

### जिलाधिकारी ने बैठक में डीआई का वेतन रोका

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खाद्य पदार्थों एवं औषधियों में मिलावट की रोकथाम के संबंध में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में बैठक में अनुपस्थित खाद्य सुरक्षा अधिकारी सरीला संजय कुमार का एक दिन का बेतन काटने व ड्रग इंस्पेक्टर मनोज सिंह का वेतन रोकने व लिपिक विवेक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कहीं मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री किसी भी दशा में नही होनी चाहिये, मिलावटी खाद्य पदार्थों पर माहवार टारगेट तय करके लगातार प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाए छापेमारी तथा सैंपलिंग का कार्य नियमित रूप से किया जाए। ऐसे सैम्पल प्राथमिकता से ले जिनके फेल होने की संभावना अधिक हो। जिलाधिकारी ने कहा कि ड्रग इंस्पेक्टर नियमित रूप से मेडिकल स्टोर की जांच की जाए। कहा कि फेल नमूनों के वाद समय से दायर कर प्रभावी ढंग से पैरवी की जाय ताकि मिलावट खोरो पर शीघ्रता से कार्यवाही की जा सके।

### दिवंगत पत्रकार सुरेश चंद्र गुप्ता का शहीदी दिवस मनाया

**बांदा।** बांदा प्रेस क्लब के तत्वाधान में गुरुवार को बबेरू में पत्रकार स्व. सुरेश चंद्र गुप्ता का शहीद दिवस मनाया गया। इस मौके पर जिले भर से पहुंचे पत्रकारों ने उनके स्मारक पर पहुंचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण, हवन, पूजन इत्यादि कर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद हुई संगोष्ठी में शहीद पत्रकार सुरेश चंद गुप्ता की निर्भीक पत्रकारिता की चर्चा करते हुए उनके पद चिन्हों पर एकजुट होकर इस मिशन को और आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बांदा प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश निगम दद्दा थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार डॉ. बुद्धि प्रकाश अग्निहोत्री ने की।

# पेज एक का शेष

## चांद के...

के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग के लिए उतरना शुरू कर देगा। आज रवाना हुआ चंद्र मिशन 2019 के चंद्रयान-2 का अनुवर्ती मिशन है। भारत के इस तीसरे चंद्र मिशन में भी अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का लक्ष्य चंद्रमा की सतह पर लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग का है। सॉफ्ट लैंडिंग इस अभियान का सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा होगी। चंद्रयान-2 मिशन के दौरान अंतिम क्षणों में लैंडर विक्रम पथ विचलन के चलते सॉफ्ट लैंडिंग करने में सफल नहीं हुआ था। यदि इस बार इस मिशन में सफलता मिलती है तो भारत ऐसी उपलब्धि हासिल कर चुके अमेरिका, चीन और पूर्व सोवियत संघ जैसे देशों के क्लब में शामिल हो जाएगा और यह ऐसा कीर्तिमान स्थापित करने वाला विश्व का चौथा देश बन जाएगा। चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के बाद इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने मिशन नियंत्रण कक्ष (एमसीसी) से कहा कि रॉकेट ने चंद्रयान-3 को कक्षा में सटीकता के साथ स्थापित कर दिया। उन्होंने कहा कि बधाई हो, भारत के चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की ओर अपनी यात्रा शुरू कर दी है। हमारे प्रिय एलवीएम-3 ने पहले ही चंद्रयान-3 को पृथ्वी के चारों ओर सटीक कक्षा में स्थापित कर दिया है... और आइए हम चंद्रयान-3 को आगे की कक्षा में बढ़ाने की प्रक्रिया तथा आने वाले दिनों में चंद्रमा की ओर इसकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं व्यक्त करें। बाद में, संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 को चंद्रमा की कक्षा में पहुंचाने की कवायद एक अगस्त से किए जाने की योजना है। उन्होंने कहा कि सॉफ्ट लैंडिंग 23 अगस्त को शाम पांच बजकर 47 मिनट पर कराए जाने की योजना है। मिशन निदेशक एस मोहन कुमार ने कहा कि एलवीएम3 रॉकेट एक बार फिर इसरो का सबसे विश्वसनीय भारी प्रक्षेपण वाहन साबित हुआ है। उन्होंने कहा, 'हम राष्ट्रीय आवश्यकताओं के साथ-साथ उपग्रह संबंधी मांग को ध्यान में रखते हुए इस वाहन की प्रक्षेपण आवृत्ति बढ़ाने की प्रक्रिया में हैं। परियोजना निदेशक पी वीरमुथुवेल ने कहा कि प्रणोदन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल में बिजली उत्पादन सहित अंतरिक्ष यान के सभी मानक सामान्य हैं। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने आज के प्रक्षेपण को भारत के लिए गौरव का क्षण करार दिया। भारत को गौरवान्वित करने के लिए इसरो टीम की सराहना करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने 'श्रीहरिकोटा के द्वार खोलकर तथा भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को सक्षम करके इसे संभव बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हाल ही में कहा था कि सफलता की कोई सीमा नहीं है और मुझे लगता है कि चंद्रयान ब्रह्मांड के अज्ञात क्षितिजों का पता लगाने के लिए आकाश की सीमा से आगे निकल गया है। सिंह ने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक कहे जाने वाले दिवंगत विक्रम साराभाई की सराहना करते हुए कहा कि आज का दिन उनके सपनों की पुष्टि का दिन भी है। उन्होंने कहा, यह दिन उस सपने की पुष्टि है जो विक्रम साराभाई ने छह दशक पहले देखा था। उनके पास संसाधनों की भले ही कमी रही हो, लेकिन आत्मविश्वास की कभी कमी नहीं थी। मंत्री ने कहा कि साराभाई और उनकी टीम को खुद पर, भारत की क्षमता और इसकी कुशलता पर भरोसा था। सिंह और कई पूर्व इसरो प्रमुख इस प्रक्षेपण को देखने के लिए उपस्थित थे। इससे पहले, चंद्रयान-1 को 2008 और चंद्रयान-2 मिशन को 2019 में अंजाम दिया गया था। पिछली बार की तरह इस बार भी चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र को अन्वेषण के लिए चुना गया है क्योंकि चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव, उत्तरी ध्रुव की तुलना में बहुत बड़ा है। इसके आस-पास स्थाई रूप से छाया वाले क्षेत्रों में पानी की मौजूदगी की संभावना हो सकती है। इसरो के अनुसार, एलवीएम3एम4 रॉकेट सफलतापूर्वक छह जटिल अभियानों को अंजाम दे चुका है। यह भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ग्राहक उपग्रहों को ले जाने वाला सबसे बड़ा एवं भारी प्रक्षेपण यान भी है। चंद्रयान-2 मिशन (22 जुलाई, 2019) के समान जुलाई महीने के दौरान चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण का कारण यह है कि वर्ष में इस अवधि के दौरान पृथ्वी और चंद्रमा एक-दूसरे के करीब होंगे। चंद्रयान-3 मिशन में एक स्वदेशी प्रणोदन मॉड्यूल, लैंडर मॉड्यूल और एक रोवर शामिल है जिसका उद्देश्य अंतर-ग्रहीय अभियानों के लिए आवश्यक नई प्रौद्योगिकियों को विकसित करना और प्रदर्शित करना है। लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग के बाद इसके भीतर से रोवर बाहर निकलेगा और चंद्र सतह पर घूमते हुए अपने उपकरण-एपीएक्सएस-एल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर की मदद से अन्वेषण कार्य को अंजाम देगा। यह चंद्र सतह की रासायनिक संरचना और खनिज संरचना के बारे में समझ बढ़ाने संबंधी कार्य करेगा। रोवर की अभियान अवधि एक चंद्र दिवस (धरती के 14 दिन) के बराबर होगी। इसमें चंद्रमा पर लैंडिंग स्थल के आसपास की मिट्टी और चट्टानों की मौलिक संरचना का निर्धारण करने के लिए लेजर इंड्यूस्ड ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप (एलआईबीएस) उपकरण लगा है।

## भारत की...

अंतरिक्ष के क्षेत्र में 14 जुलाई 2023 का दिन हमेशा स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा तथा यह राष्ट्र की आशाओं और सपनों को आगे बढ़ाएगा। मोदी ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, चंद्रयान-3 मिशन के लिए शुभकामनाएं, मैं आप सभी से इस मिशन और अंतरिक्ष, विज्ञान एवं नवाचार में की गई देश की प्रगति के बारे में और अधिक जानने का आग्रह करता हूं। इससे आप सभी बेहद गौरवान्वित महसूस करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि चंद्रयान-2 के प्रमुख वैज्ञानिक परिणामों में चंद्र सोडियम के लिए पहला वैश्विक मानचित्र, क्रेटर आकार वितरण पर उन्नत जानकारी, आईआईआरएस उपकरण के साथ चंद्र सतह पर जल से निर्मित बर्फ का स्पष्ट रूप से पता लगाना और बहुत कुछ शामिल है। उन्होंने कहा कि इस मिशन को लगभग 50 प्रकाशनों में चित्रित किया गया है। उन्होंने कहा, जहां तक भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र का प्रश्न है, 14 जुलाई 2023 हमेशा स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। हमारा तीसरा चंद्र मिशन चंद्रयान-3 अपनी यात्रा का शुभारंभ करेगा। यह उल्लेखनीय मिशन हमारे देश की आशाओं और सपनों को आगे बढ़ाएगा। मोदी ने कहा कि चंद्रयान-2 भी उतना ही महत्वपूर्ण था, क्योंकि इससे जुड़े ऑर्बिटर के डेटा ने पहली बार रिमोट सेंसिंग के माध्यम से क्रोमियम, मैंगनीज और सोडियम की उपस्थिति का पता लगाया था और इससे चंद्रमा के मैगमैटिक विकास के बारे में अधिक जानकारी भी मिलेगी। उन्होंने कहा, हमारे वैज्ञानिकों को धन्यवाद, अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत का इतिहास बहुत समृद्ध है। चंद्रयान-1 को वैश्विक चंद्र मिशनों में एक पथ प्रदर्शक माना जाता है, क्योंकि इसने चंद्रमा पर जल के अणुओं की उपस्थिति की पुष्टि की है। यह दुनिया भर के 200 से अधिक वैज्ञानिक प्रकाशनों में प्रकाशित हुआ। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-1 तक, चंद्रमा को एक पूर्ण रूप शुष्क, भूवैज्ञानिक रूप से निष्क्रिय और निर्जन खगोलीय पिंड माना जाता था और अब, इसे जल और इसकी उप-सतह पर बर्फ की उपस्थिति के साथ एक गतिशील और भूवैज्ञानिक रूप से सक्रिय खगोलीय खंड के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा, हो सकता है कि भविष्य में इस पर संभावित रूप से निवास किया जा सके।

## रक्षा सहयोग...

है। प्रधानमंत्री ने कहा, यही चिंता की बात है। ऐसी समस्याओं का समाधान तलाशने के लिए देशों को एकजुट होकर प्रयास करना जरूरी है। हमारा मानना है कि सभी विवादों को बातचीत और कूटनीति से ही सुलझाया जा सकता है। भारत दीर्घकालिक शांति की बहाली के लिए योगदान देने को तैयार है। मोदी ने कहा, भारत और फ्रांस आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई में एकजुट रहे हैं। हमारा मानना है कि सीमा पार आतंकवाद को खत्म करने के लिए कड़ी कार्वाई की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम फ्रांस में भारत के यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) को शुरू करने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि भारत बंदरगाह शहर मार्सिले में एक नया वाणिज्य दूतावास खोलेगा।इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस समारोह के तहत शुक्रवार को आयोजित बैस्टिल दिवस परेड में राष्ट्रपति मैक्रों के साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों के साथ भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के राफेल लड़ाकू विमान भी फ्लाईपास्ट में शामिल हुए। इसीक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को फ्रांस की नेशनल असेंबली की अध्यक्ष एल ब्राउन पिवेट से मुलाकात की और इस दौरान दोनों नेताओं ने लोकतंत्र, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के साझा मूल्यों पर प्रकाश डाला। मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां पहुंचे हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मोदी ने पिवेट से उनके आधिकारिक आवास पर दोपहर के भोजन पर मुलाकात की। बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने लोकतंत्र, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के साझा मूल्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने दोनों देशों की संसद के बीच समन्वय को और बढ़ाने के तौर-तरीकों पर चर्चा भी की। बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, प्रौद्योगिकी और संस्कृति सहित रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

## बैस्टिल परेड...

और भी मजबूत हों। राष्ट्रपति मैक्रों ने ट्वीट किया, विश्व इतिहास में एक दिग्गज, भविष्य में निर्णायक भूमिका निभाने वाला, एक रणनीतिक साझेदार, एक मित्र। हमें 14 जुलाई की परेड में अपने सम्मानित अतिथि के रूप में भारत का स्वागत करने पर गर्व है। उन्होंने कहा, इस 14 जुलाई को भारत के सैनिक और राफेल विमान हमारे सैनिकों के साथ मार्च कर रहे हैं और उड़ान भर रहे हैं। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि हम उन लोगों की स्मृति का सम्मान करते हैं जिन्होंने प्रथम विश्व युद्ध में फ्रांसीसियों के साथ लड़ाई लड़ी थी। हम यह कभी नहीं भूलेंगे। सारे जहां से अच्छा की धुन पर मार्च करते हुए भारत की तीनों सेनाओं के 241 सदस्यीय दल ने परेड में भाग लिया। परेड में एक सैन्य बैंड ने भी हिस्सा लिया। भारतीय सेना की टुकड़ी का नेतृत्व राजपूताना राइफल्स रेजिमेंट के साथ पंजाब रेजिमेंट ने किया। हाशिमारा वायुसेना स्टेशन से 101 स्क्वाड्रन से राफेल लड़ाकू विमान परेड के दौरान फ्लाई पास्ट का हिस्सा बने। प्रधानमंत्री मोदी ने मंच के सामने से गुजरते समय भारतीय दल को सलामी दी, जहां वह मैक्रों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठे हुए थे। फ्रांसीसी राष्ट्रीय दिवस या बैस्टिल दिवस का फ्रांस के इतिहास में एक विशेष स्थान है क्योंकि यह 1789 में हुई फ्रांसीसी क्रांति के दौरान बैस्टिल जेल पर हुए हमले की याद दिलाता है। इस समारोह का मुख्य आकर्षण बैस्टिल दिवस परेड होती है।

## कुछ कम...

जलस्तर 208.42 मीटर, अपराह्न एक बजे 208.27 मीटर और अपराह्न तीन बजे 208.25 मीटर पर आ गया। शाम छह बजे यह 208.17 मीटर के स्तर पर था। दिल्ली में यमुना नदी 1978 के 207.49 मीटर के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए बुधवार को 207.71 मीटर के निशान पर पहुंच गई थी।

## महाराष्ट्रः अजित...

रूप में शपथ ली थी। महाराष्ट्र सरकार में अब 28 कैबिनेट मंत्री हैं, लेकिन कोई राज्य मंत्री नहीं हैं। मंत्रिमंडल में अधिकतम 43 मंत्री हो सकते हैं। शिवसेना के मंत्रियों को न केवल अजित पवार को वित्त मंत्रालय सौंपे जाने से निराशा हो सकती है, बल्कि राकांपा नेताओं के लिए कुछ कैबिनेट मंत्रियों को अपने विभाग छोड़ने भी पड़े हैं। इनमें शिंदे नीत शिवसेना के सत्तार तथा भाजपा के मंगल प्रभात लोढ़ा हैं। मुख्यमंत्री शिंदे ने खुद पांच मंत्रालय छोड़े हैं जिनमें लोक निर्माण विभाग, विपणन, आपदा प्रबंधन, राहत और पुनर्वास, मृदा तथा जल संरक्षण और अल्पसंख्यक विकास विभाग हैं। लोक निर्माण विभाग का प्रभार शिवसेना के दादा भुसे को दिया गया, वहीं मृदा तथा जल संरक्षण विभाग की जिम्मेदारी संजय राठौड़ के पास होगी। राठौड़ इससे पहले खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग देख रहे थे, जिसका प्रभार अब राकांपा के धर्मराव बाबा अत्राम को सौंपा गया है। अब्दुल सत्तार अब कृषि मंत्री की जगह अल्पसंख्यक विकास और विपणन मंत्री होंगे। छगन भुजबल को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा नेता लोढ़ा के पास तीन विभागों की जिम्मेदारी थी, जिनमें महिला और बाल विकास, पर्यटन और कौशल एवं उद्यमिता हैं। इनमें से महिला और बाल विकास विभाग राकांपा की अदिति तटकरे को दिया गया है, वहीं पर्यटन मंत्री के रूप में भाजपा के गिरीश महाजन काम करेंगे। शिंदे मंत्रिमंडल में सबसे धनवान मंत्री लोढ़ा को 2022 में भाजपा-शिवसेना सरकार बनने के बाद पहली बार मंत्री बनाया गया था। उनके कुछ फैसले और बयानों से विवाद भी पैदा हुआ था। वह कौशल एवं उद्यमिता विभाग का काम देखते रहेंगे। शिवसेना के दादा भुसे लोक निर्माण विभाग का कामकाज देखेंगे, जो पहले मुख्यमंत्री शिंदे के पास था। भुसे पहले पत्तन विकास विभाग का काम देख रहे थे, जिसे अब राकांपा नेता संजय बनसोडे को दिया गया है। बनसोडे खेल और युवा मामलों के विभाग की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। राकांपा नेता अनिल पाटिल अब राज्य के राहत, पुनर्वास और आपदा प्रबंधन मंत्री होंगे। भाजपा नेता अतुल सावे अब आवास विकास मंत्री के रूप में सरकार में काम करेंगे। उनके पास पहले अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य पिछड़ा कल्याण तथा सहकारिता विभाग का प्रभार था। लोक निर्माण विभाग और खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्रालयों का कामकाज देख रहे भाजपा नेता रवींद्र चव्हाण के पास अब केवल लोक निर्माण विभाग मंत्रालय (सार्वजनिक उपक्रमों के अतिरिक्त) बचा है। ग्रामीण विकास और पंचायत राज तथा चिकित्सा शिक्षा जैसे दो महत्वपूर्ण मंत्रालय पहले फडणवीस के करीबी सहयोगी गिरीश महाजन के पास थे। शुक्रवार को हुए विभाग वितरण में राकांपा नेता हसन मुशरिफ को चिकित्सा शिक्षा मंत्रालय दिया गया है। मुशरिफ महा विकास आघाड़ी सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री थे। महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने कहा कि अब शिवसेना के उन विधायकों से बदला लिया जा रहा है जिन्होंने जून 2022 में उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत की थी।

## शिंदे व...

और अन्य विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाएं दायर की थीं। पीठ ने कहा कि हम दो सप्ताह में लौटाने योग्य नोटिस जारी करेंगे। इस पीठ में न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। शिवसेना (यूबीटी) की ओर से दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर शीर्ष अदालत के 11 मई के आदेश के बावजूद अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला लेने में देरी कर रहे हैं। अधिवक्ता निशांत पाटिल और अमित आनंद तिवारी के माध्यम से दाखिल इस याचिका में कहा गया है कि महाराष्ट्र विधानसभा के दोषी सदस्यों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं के निपटारे में जानबूझकर देरी किए जाने के प्रतिवादी अध्यक्ष के आचरण के मद्देनजर याचिकाकर्ता इस अदालत से उसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद-32 के तहत हासिल असाधारण क्षेत्राधिकार का इस्तेमाल करने का अनुरोध करने के लिए बाध्य है। याचिका में दावा किया गया है कि लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर उचित अवधि के भीतर फैसला लिए जाने के शीर्ष अदालत के 11 मई के आदेश के बावजूद विधानसभा अध्यक्ष ने इस संबंध में एक भी बार सुनवाई नहीं की है।

## यूपी के...

मौजूद भारत के मिशन के माध्यम से यूपी के कृषि से जुड़े उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन करें। सीएम योगी ने कहा कि आम महोत्सव किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाने का एक मंच है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश सरकार किसानों के हित से जुड़े सभी आवश्यक कदम उठा रही है।सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के अंदर 4 स्थानों पर पैक हाउस बनाए हैं। अभी पिछले दिनों वाराणसी के पैकहाउस से दो टन आम हमें दुबई भेजने का अवसर प्राप्त हुआ। ऐसे ही कार्यक्रम हमें सहारनपुर, अमरोहा और लखनऊ पैकहाउस से आयोजित करने होंगे। उन्होंने कहा कि औद्यानिक फसल के साथ-साथ हमें यहां की सब्जियों को भी वैश्विक बाजार में पहुंचाना होगा। इसके लिए हमारे कृषि वैज्ञानिकों और उद्यान विभाग के अधिकारियों को सामूहिक प्रयास करना होगा तब ही हम नई संभावनाओं को तलाश पाएंगे और उत्तर प्रदेश के कृषि एवं औद्यानिक उत्पादों को एक अलग पहचान दिला पाएंगे। कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह एवं आम उत्पादक किसान मौजूद थे।

## आम खरीददार..

और बहरीन पहुंच पा रहे हैं। बहरीन के लतीश भाटिया ने कहा कि यह महोत्सव हमारे उत्तर प्रदेश के आमों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हम दो से तीन टन आम प्रत्येक सप्ताह निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएम योगी यहां के आमों को नई पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इससे आम के किसानों के साथ आम से बने उत्पादों का कारोबार करने वालों को काफी फायदा मिलेगा। भाटिया ने इसके लिए सीएम योगी का आभार जताया।

# कनाडा भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा दे : जयशंकर

● कनाडाई विदेश मंत्री से मुलाकात की

भाषा। जकार्ता

**विदेश मंत्री एस** जयशंकर ने शुक्रवार को कनाडा की विदेश मंत्री मिलानी जॉली से मुलाकात की जिस दौरान उन्होंने हिंसा को उकसाने वाली स्थिति से कड़ाई से निपटने और कनाडा में भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की भारत विरोधी गतिविधियों के बीच जयशंकर ने इस बात का उल्लेख किया। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आसियान क्षेत्रीय फोरम की बैठक से इतर यह मुलाकात हुई। जयशंकर ने बैठक के बाद ट्वीट किया, जकार्ता में कनाडाई विदेश मंत्री मिलानी जॉली से मुलाकात की और हिंद-प्रशांत क्षेत्र तथा हमारे आर्थिक सहयोग पर चर्चा की। उन्होंने ट्वीट में लिखा, हमारे राजनयिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के महत्व को और हिंसा को भड़काने वाली स्थिति से कड़ाई से निपटने की जरूरत को रेखांकित किया। कुछ दिन पहले ही ऑनलाइन खालिस्तान समर्थक पोस्टर के प्रसार के बाद कनाडा ने भारत को भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया था। भारत ने कनाडा, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे अपने साझेदार देशों से कहा है कि चरमपंथी खालिस्तानी विचारधारा को बढ़ने नहीं दें और इनका बढ़ना रिश्तों के लिए अच्छा नहीं है।



## जयशंकर ने जकार्ता में चीन के शीर्ष राजनयिक वांग ई से मुलाकात की

**जकार्ता।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को यहां शीर्ष चीनी राजनयिक वांग ई से मुलाकात की और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता से संबंधित लंबित मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक यहां आसियान क्षेत्रीय मंच (एआरएफ) की मंत्रिस्तरीय बैठक के इतर हुई। जयशंकर ने ट्वीट किया, विदेश मामलों के लिए सीपीसी केंद्रीय आयोग के कार्यालय निदेशक वांग ई के साथ आज बैठक की। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति से संबंधित लंबित मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, हमारी बातचीत में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन/आसियान क्षेत्रीय फोरम (एआरएफ) एजेंडा, ब्रिक्स और हिंद-प्रशांत क्षेत्र भी शामिल था। भारत का लगभग तीन साल से चीन के साथ सैन्य गतिरोध बना हुआ है। जयशंकर ने दावा किया है कि यह उनके राजनयिक करियर की सबसे जटिल चुनौती है। चीन के पूर्व विदेश मंत्री वांग मौजूदा विदेश मंत्री किन गैंग के अस्वस्थ होने के कारण जकार्ता में आसियान बैठकों में भाग ले रहे हैं।

## अमेरिका की संसदीय समिति ने अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न अंग बताने वाला प्रस्ताव पारित किया

**सैन फ्रांसिस्को।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिकी यात्रा के कुछ वक्त बाद अमेरिकी संसद की एक समिति ने अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न अंग बताने वाला प्रस्ताव पारित किया है। यह प्रस्ताव सांसद जेफ मर्कले, बिल हेगेर्टी, टिम काइने और क्रिस वान होलेन ने बृहस्पतिवार को पेश किया था। मीडिया को जारी एक बयान में कहा गया है कि प्रस्ताव में इस बात की पुनः पुष्टि की गई है कि अमेरिका मैकमोहन लाइन को पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) और भारत के राज्य अरुणाचल प्रदेश के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा के तौर पर मान्यता देता है। इससे चीन का यह दावा कमजोर होता है कि अरुणाचल प्रदेश अविभाज्य हिस्सा पीआरसी का है। इस प्रस्ताव को अब मतदान के लिए सीनेट में पेश किया जाएगा। सांसद मर्कले ने कहा, स्वतंत्रता और नियम आधारित व्यवस्था का समर्थन करने वाले अमेरिकी मूल्य दुनियाभर में हमारे सभी कार्यों और संबंधो के केंद्र में होने चाहिए, खासतौर पर तब, जब पीआरसी सरकार एक वैकल्पिक दृष्टिकोण अपना रही है। मर्कले चीन से जुड़े मामलों पर अमेरिकी संसद की एक समिति के सह-अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा, समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव को पारित करना इस बात को और पुष्ट करता है कि अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न हिस्सा मानता है, न कि चीन का। इसके साथ ही यह क्षेत्र और समान विचारधारा वाले अंतरराष्ट्रीय साझेदारों को मजबूत सहयोग प्रदान करने की अमेरिकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सांसद कॉर्नेन ने कहा, भारत और चीन के बीच साझा सीमा को लेकर तनाव बढ़ रहा है।

## भारत-यूएई : प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित होगा

**दुबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शनिवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की एक दिवसीय यात्रा पर अबू धाबी पहुंचने के बाद ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा और रक्षा क्षेत्रों पर विशेष तौर पर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। इस दौरान दोनों रणनीतिक साझेदार एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद प्रगति की समीक्षा करेंगे। यूएई में भारत के राजदूत संजय सुधीर ने कहा, इस रिश्ते की खूबसूरती यह है कि हमारे नेता नियमित रूप से संपर्क में रहे हैं, यहां तक कि कोविड के दौरान भी वे ऑनलाइन माध्यम से एक-दूसरे के साथ जुड़े रहे थे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच आर्थिक जुड़ाव को नई ऊर्जा देने वाले व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) पर भी कोविड-19 महामारी के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे। सुधीर ने कहा, केवल एक वर्ष में, हमारा व्यापार 19 प्रतिशत बढ़ गया है और अब कुल व्यापार लगभग 85 अरब अमेरिकी डॉलर है।

## क्विक न्यूज

### दक्षिण अफ्रीका में 21 ट्रक फूंके गए, सेना तैनात

**केपटाउन (द. अफ्रीका)।** दक्षिण अफ्रीका में गत पांच दिन के दौरान अगल-अलग हिस्सो में राष्ट्रीय राजमार्गो पर आवश्यक सामान ले जा रहे कम से कम 21 ट्रकों को आग लगाए जाने के बाद शुक्रवार को चार प्रांतो में सेना को तैनात किया गया है। सरकार ने यह कदम पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा को अदालत के फैसले के बाद वापस जेल भेजने से संभावित तौर पर हिंसा भड़कने की आशंका के बीच उठाया है। हालांकि, अधिकारियो ने दोनो मामलो के बीच संबंध होने से इनकार किया है। दक्षिण अफ्रीका की शीर्ष संवैधानिक अदालत द्वारा जुमा को वर्ष 2021 मे चिकित्सा पैरोल पर समयपूर्व रिहा करने को अमान्य करार दिए जाने के एक दिन बाद सैनिकों की तैनाती पुलिस की मदद करने के लिए की गई है। कारावास विभाग ने अबतक नही बताया है कि वह जुमा को क्या अदालत की अवमानना मे बाकी बची 15 महीने की सजा पूरी करने के लिए जेल भेजेगा या नही। लेकिन दो साल पहले जब जुमा को शुरुआत मे जेल भेजा गया था तब हिंसा भड़क गई थी और दक्षिण अफ्रीका के 30 साल के इतिहास के सबसे हिंसक प्रदर्शन हुए थे जिनमे 350 से अधिक लोग मारे गए थे। पुलिस ने कहा कि उनके पास ट्रक मे आग लगाने की घटना का वर्ष 2021 के संघर्ष या जुमा से जुड़े होने के सबूत नही है लेकिन पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ आए अदालत के फैसले के बाद देश में तनाव की स्थिति है। ट्रक को आग लगाने की घटना वर्ष 2021 हिंसा की दूसरी सालगिरह के अवसर पर रविवार को शुरू हुई थी। पूर्व राष्ट्रपति के प्रवक्ता मज़वानेले मनि ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि जुमा (81) दक्षिण अफ्रीका में नही है और अपना इलाज कराने के लिए रूस गए हुए है। हालांकि उन्होने बीमारी के बारे मे जानकारी नही दी और न ही उनकी वापसी की तारीख का ही खुलासा किया। अधिकारी अबतक ट्रक पर हमले के पीछे की मंशा का पता नही लगाया है और न ही स्थापित कर सके कि ए देश की विभिन्न घटनाएं एक दूसरे से जुड़ी है। परंतु पुलिस मामलो के मंत्री भेकी सेले ने कहा कि यह संभव है कि दक्षिण अफ्रीका को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के लिए ट्रक पर हमले किए गए हो और पुलिस उन 12 लोगों की तलाश कर रही है जिनके तार हमले से जुड़े होने की आशंका है।

### ब्लिंकन ने इंडोनेशिया में वांग ई से मुलाकात की

**जकार्ता (इंडोनेशिया)।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को चीन के शीर्ष राजनयिक से मुलाकात की और इंडोनेशिया मे क्षेत्रीय कूटनीतिक बैठकों से इतर वार्ता के प्रयासो के तहत जटिल मुद्दो पर चर्चा की। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने क्षेत्रीय महाशक्तियो का आह्वान किया है कि वे क्षेत्र को प्रतिस्पर्धा का मैदान बनने से रोकें। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि ब्लिंकन ने ताइवान जलडमरूमध्य मे शांति और स्थिरता कायम रखने के महत्व पर जोर दिया और चीन मे विदेश मामलो के लिए सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के केंद्रीय आयोग के प्रमुख वांग ई से बृहस्पतिवार देर रात जकार्ता मे अपनी मुलाकात मे चीन की कार्वाइयो पर वाशिंगटन और उसके सहयोगियो की ओर से चिंता जताई। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक बयान मे कहा, यह बैठक विभिन्न मुद्दो पर अमेरिकी हितो को स्पष्ट करने और गलत धारणा और गलत अनुमान के जोखिम को कम करके प्रतिस्पर्धा का जिम्मेदारी से प्रबंधन करने के लिए संचार के माध्यम खुले रखने के चल रहे प्रयासो का हिस्सा थी। ब्लिंकन ने पिछले महीने बीजिंग की दो दिवसीय यात्रा की थी और चीन के नेताओ से मुलाकात की थी। उनका कहना था कि यात्रा का उद्देश्य गलत धारणाओ और गलत अनुमानो पर ध्यान केंद्रित करना और यह सुनिश्चित करना है कि प्रतिस्पर्धा संघर्ष मे नही बदले। वाशिंगटन और बीजिंग को हालांकि एक दूसरे की कार्वाई और इरादो पर गहरा संदेह है। मिलर ने कहा कि ब्लिंकन ने जकार्ता में वांग के साथ अपनी मुलाकात को अमेरिकी हितो और मूल्यो को आगे बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया ताकि अमेरिका और उसके सहयोगी देशो तथा साझेदारो द्वारा पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) के संबंध मे साझा की गई चिंताओ को सीधे उठाया जा सके। मिलर ने कहा, उन्होने साफ किया कि अमेरिका अपने सहयोगी देशो और साझेदारो के साथ एक स्वतंत्र, खुली और नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएगा।

### ब्रिटेनः हड़ताल पर जा रहे लंदन के गेटविक हवाई अड्डे के कर्मचारी, यात्रियों को हो सकती है परेशानी

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन के गेटविक हवाई अड्डे पर वेतन विवाद के चलते लगभग एक हजार कर्मचारी हड़ताल करने जा रहे है, जिसकी वजह से गर्मी की छुट्टियां मनाने के लिए यहां आने या जाने वाले हजारो लोगों के सामने मुश्किले पैदा हो सकती है। द यूनाइट नामक कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को कहा कि सैकड़ो कर्मचारी 28 जुलाई से चार दिन की हड़ताल पर चले जाएंगे और इसके बाद वह चार अगस्त से फिर चार दिन की हड़ताल करेंगे। संघ ने कहा कि हड़ताल के चलते गर्मी की छुट्टियो मे उड़ानो मे अनिवार्य रूप से व्यवधान पैदा होगा। प्रभावित विमानन कंपनियो मे ब्रिटिश एयरवेज , ईजी जेट , रयान एयर , टीयूआई , वेस्टजेट और विज एयर शामिल है। गैटविक हवाई अड्डा हीथ्रो के बाद लंदन का दूसरा सबसे व्यस्त एयरपोर्ट है। गर्मी के दौरान इस हवाई अड्डे पर आवाजाही बढ़ जाती है। विमानन डेटा से संबंधित कंपनी सिरियम के अनुसार हड़ताल के दिनो मे गैटविक हवाई अड्डे से कुल 4,410 उड़ान प्रस्थान करेंगी, जिनमे कुल 840,000 यात्री सफर कर सकते है। हड़ताल में शामिल कर्मचारी निजी कंपनियो एएससी, मेंजीस एविएशन, जीजीएस और डीएचएल सर्विसेज के लिए काम करते है।

### नीदरलैंड्स में 22 नवंबर को मध्यावधि आम चुनाव

**द हेग।** नीदरलैंड्स में 22 नवंबर को मध्यावधि आम चुनाव होंगे। देश की कार्यवाहक सरकार ने शुक्रवार को यह घोषणा की। इससे एक सप्ताह पहले प्रधानमंत्री मार्क रट ने प्रवासन पर लगाम लगाने के उपायो पर सहमत होने में विफलता के कारण चार दलों की गठबंधन सरकार से इस्तीफा दे दिया था। संसद के निचले सदन की 150 सीटों के लिए मतदान के बाद नेताओं की एक नई पीढ़ी सामने आएगी क्योंकि रुटे सरकार में शामिल रहे प्रमुख नेताओं ने राजनीति से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। नीदरलैंड्स के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे रट ने सोमवार को कहा था कि चुनाव के बाद नया गठबंधन बनने पर वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे।

### भारतीय मूल के वकील पर व्यक्ति को थप्पड़ मारने, दुर्व्यवहार करने का आरोप

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के 54 वर्षीय वकील पर सिंगापुर के एक रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति को चोट पहुंचाने और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगा है। यह घटना 12 जुलाई की है। यहां की एक अदालत ने आरोपी के खिलाफ सुनवाई शुरू की। चैनल न्यूज एशिया की खबर के मुताबिक, रवि मदासामी पर 12 जुलाई को शाम करीब साढ़े पांच बजे यियो चू कांग मास रैपिड ट्रांजिट (एमआरटी) स्टेशन के पास सेल्वाराजा टी. नाम के व्यक्ति को थप्पड़ मारने और उस पर चिल्लाने का आरोप है। पूर्व में रवि को मानसिक विकार से ग्रसित पाए जाने पर चिकित्सीय परीक्षण के लिए मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में भेजने का आदेश दिया गया था। आरोपी को यदि स्वेच्छा से चोट पहुंचाने का दोषी पाया जाता है, तो उसे तीन साल तक की जेल या 5,000 सिंगापुरी डॉलर तक का जुर्माना या दोनो हो सकते है।

### चीन : 25 छात्रों को जहर देने वाली किंडर-गार्टन शिक्षक को फांसी

**बीजिंग।** मध्य चीन की एक अदालत ने शुक्रवार को किंडर-गार्टन की एक महिला शिक्षक को फांसी की सजा सुनाई, जिसने अपने 25 छात्रों को जहर दे दिया था। घटना में एक बच्चे की मौत हो गई थी। जियाओजुओ शहर के हेनान प्रांत की नंबर। इंटरमीडिएट कोर्ट के बाहर चस्पा एक पोस्टर मे कहा गया कि वांग युन को बृहस्पतिवार को फांसी दी गई। नोटिस के मुताबिक, छात्रो के प्रबंधन पर एक सहकर्मी के साथ बहस के बाद 40 वर्षीय वांग ने 27 मार्च 2019 को मेंगमेंग प्री-स्कूल एजुकेशन मे बच्चो को परोसे गए दलिया में विषैला सोडियम नाइट्राइट मिलाया था, जिसके लिए उसे दोषी ठहराया गया। नोटिस के मुताबिक, एक बच्चे को छोड़कर अन्य छात्र जल्दी ठीक हो गए लेकिन 10 महीने के उपचार के बाद एक बीमार बच्चे के कई अंगो ने काम करना बंद कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### नैनो सैटेलाइट के प्रक्षेपण के लिए स्काईरूट से चर्चा कर रही फ्रांसीसी कंपनी

**पेरिस।** फ्रांस की कंपनी प्रोमेथी ने शुक्रवार को कहा कि वह भारतीय स्टार्ट-अप स्काईरूट एयरोस्पेस द्वारा बनाए जा रहे विक्रम सीरीज के प्रक्षेपण यान का इस्तेमाल करके पृथ्वी की कक्षा (ऑर्बिट) में नैनो सेटेलाइट स्थापित करने की संभावना तलाश रही है। स्काईरूट के सह-संस्थापक पवन कुमार चंदना ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस की आधिकारिक यात्रा के मौके पर प्रोमेथी के अध्यक्ष ओलिवियर पिएप्लू के साथ चर्चा की। दोनों कंपनियो के एक बयान मे कहा गया है कि चंदना और पिएप्लू ने जेपेटस अर्थ ऑब्जर्वेशन कॉन्स्टलेशन की परिनियोजन प्रक्रिया मे स्काईरूट के विक्रम यान के संघटन का अध्ययन करने का निर्णय लिया है। जनवरी 2020 मे पिएप्लू और जियाओ-मिन्ह गुएन द्वारा स्थापित प्रोमेथी अंतरिक्ष, डिजिटल और सेवाओं के क्षेत्र में मान्यता प्राप्त विशेषज्ञो की एक कंपनी है।

# वैगनर के सैनिकों को एक इकाई के रूप में काम करने को कहा था : पुतिन

भाषा। मास्को

**रूसी राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उन्होंने निजी सैन्य समूह वैगनर के सैनिकों को एक ही अधिकारी के नेतृत्व में एक इकाई के रूप में काम करना जारी रखने का विकल्प दिया था। उन्होंने कहा कि पिछले महीने समूह ने विद्रोह करने के पांच दिन बाद उनसे मुलाकात की थी और उस दौरान उन्होंने यह विकल्प दिया था। पुतिन ने समाचार पत्र कोमर्सेंट को 29 जून को हुए अपने उस कार्यक्रम के बारे में बताया जिसमें सैन्य समूह वैगनर के प्रमुख एवगेनी प्रिगोझिन सहित वैगनर के 35 कमांडर ने भाग लिया था। पुतिन ने बताया कि उन्होंने उनसे यूक्रेन में उनकी कार्वाई और उनके विद्रोह के बारे में बात की थी और उन्हें भविष्य की सेवा के लिए विभिन्न विकल्पों की पेशकश की थी। उन्होंने कहा कि वे सभी एक जगह एकत्रित होकर अपनी सेवा दे सकते हैं। पुतिन ने पहले कहा था कि वैगनर सैनिकों को यह तय करना होगा कि वे रूसी रक्षा मंत्रालय के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर करें, पड़ोसी देश बेलारूस चले जाएं या सेवानिवृत्त हो जाएं। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने अपना प्रस्ताव रखा था तो कई लोगों ने इस संबंध में सहमति जताई थी लेकिन प्रिगोझिन ने इस विचार को खारिज कर दिया था और कहा था कि सैनिक इस तरह के फैसले से सहमत नहीं होंगे। पुतिन ने कहा है कि निजी सैन्य समूह वैगनर कानूनी इकाई के रूप में अस्तित्व में ही नहीं है। उन्होंने कहा, निजी सैन्य संगठनों के संबंध में कोई कानून नहीं है। इसका अस्तित्व ही नहीं है। वैगनर के सैनिकों ने 23 और 24 जून को 24 घंटे से भी कम समय तक विद्रोह किया था और इस दौरान वे दक्षिणी रूसी शहर रोस्तोव-ऑन-डॉन में घुस गए थे और वहां सैन्य मुख्यालय पर कब्जा कर लिया था। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा था कि वैगनर सैनिक रूसी सेना को अपने हथियार सौंपने में लगे हैं।



## यूक्रेनी महिलाओं के लिए दुख से बाहर निकलने का जरिया बनी चित्रकारी

**कीव।** रूस-यूक्रेन युद्ध मे अपनो को खोने वाली यूक्रेनी महिलाएं दुख से बाहर निकलने और भावनाओ को व्यक्त करने के लिए चित्रकारी का सहारा ले रही है। ए महिलाएं कीव मे संचालित अलाइव नाम की एक कला चिकित्सा परियोजना का हिस्सा है। युद्ध मे अपने पति को खो चुकी इरीना फारियन भी उन महिलाओ मे शामिल है, जो इस परियोजना से जुड़ी हुई है। दुख से उबरने के लिए इन दिनो वह अपनी एक ऑयल पेंटिंग को अंतिम रूप दे रही है। उनकी कलाकृति मे दो पेड़ आपस मे ऐसे जुड़े हुए है, जैसे कि एक-दूसरे की आगोश मे हो। उदासीनता को प्रकट करने के लिए पृष्ठभूमि मे नीले रंग का इस्तेमाल किया गया है, जबकि एक चमकदार पीला सूरज कलाकृति मे नई जान डालता है। कलाकृति मे बने पेड़ो के बारे मे फारियन कहती है, मै महसूस करती हूं कि ए (पेड़) मै और मेरे पति है। वे दो आत्माओ की तरह है, दो दिल और एक शरीर की तरह है।

# चीन हर क्षेत्र में घुस गया है : संसदीय समिति

● ब्रिटेन की जासूसी के लिए खतरा पैदा करता है

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन की** एक संसदीय समिति ने कहा कि चीन अपने आकार और महत्वाकांक्षा के कारण ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था के प्रत्एक क्षेत्र में सफलतापूर्वक घुस गया है और उसने आगाह किया कि चीन एक तकनीकी और आर्थिक महाशक्ति बनना चाहता है जिस पर अन्य देश निर्भर हो जो ब्रिटेन के लिए बड़ा खतरा दिखाता है। हाउस ऑफ कॉमंस की खुफिया और सुरक्षा समिति (आईएससी) ने बृहस्पतिवार को जारी व्यापक रिपोर्ट में कहा कि चीन जासूसी के लिए राज्य द्वारा प्रायोजित और गैर-राज्य द्वारा प्रायोजित तत्वों के इस्तेमाल के साथ खुफिया खतरा पैदा कर रहा है। उसने कहा कि चीन की राष्ट्रीय अनिवार्यता चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के प्रभुत्व और शासन की है तथा वैश्विक स्तर पर तकनीकी और आर्थिक महाशक्ति बनने की है जिस पर अन्य देश निर्भर हो जो कि ब्रिटेन के लिए बड़ा खतरा दिखाता है। रिपोर्ट में कहा गया है, चीन के पास दुनिया में सबसे बड़ा सरकारी खुफिया तंत्र है जो ब्रिटेन के खुफिया समुदाय को बौना बना रहा है और हमारी एजेंसियों के लिए इससे निपटना एक चुनौती बन गई है। इसमें कहा गया है, इसका मतलब है कि चीन के स्वामित्व वाली और गैर स्वामित्व वाली कंपनियों के साथ ही अकादमिक तथा सांस्कृतिक प्रतिष्ठान और सामान्य चीनी नागरिक (स्वेच्छा से या बिना स्वेच्छा से) विदेशों में जासूसी तथा हस्तक्षेप के अभियानों के लिए जिम्मेदार हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, अगर सरकार चीन से उत्पन्न खतरे से निपटने को लेकर गंभीर है तो उसे यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि उसके पास ऐसी व्यवस्था हो कि सुरक्षा चिंताएं निरंतर आर्थिक हितों पर भारी न पड़े।

# चीन ने अमेरिका पर अंतरिक्ष का सैन्यीकरण करने का आरोप लगाया



भाषा। बीजिंग

**सैन्य संपर्कों** में रुकावट के बीच, ताइवान जलडमरूमध्य के माध्यम से अमेरिकी नौसेना के पी-8ए पोसीडॉन पनडुब्बी रोधी विमान के गुजरने का विरोध करने के एक दिन बाद चीन ने अमेरिका पर बाहरी अंतरिक्ष का सैन्ईकरण करने का आरोप लगाया है। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल टैन केफेई ने शुक्रवार को कहा कि सेना की नवीनतम शाखा के रूप में 2019 में स्पेस फोर्स की स्थापना सहित अमेरिकी कार्वाइयों का अंतरिक्ष सुरक्षा और वैश्विक रणनीतिक स्थिरता पर बहुत नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। टैन ने कहा, हाल के वर्षों में, अमेरिका ने अंतरिक्ष के सैन्ईकरण को तेज कर दिया है। मैं यहां दोहराना चाहूंगा कि चीन अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग का पालन करता है, हथियारीकरण और अंतरिक्ष को युद्धक्षेत्र बनाने का दृढ़ता से विरोध करता है, और अंतरिक्ष में किसी भी प्रकार की हथियारों की दौड़ का विरोध करता है। मंत्रालय ने कहा कि टैन चीन की बढ़ती क्षमताओं पर अंतरिक्ष बल के नेताओं द्वारा हाल ही में व्यक्त की गई चिंताओं का जवाब दे रहे थे, जिसे उन्होंने शास्त्रीय संज्ञानात्मक असंगति कहा था।अंतरिक्ष में चीन की प्रगति में उसका अपना परिक्रमा करने वाला अंतरिक्ष स्टेशन और चालक दल वाले चंद्र मिशन की योजना शामिल है। अपने एक निष्क्रिय मौसम उपग्रह को 2007 में मिसाइल से उड़ाने के बाद उसे अंतरराष्ट्रीय निंदा का सामना करना पड़ा, जिससे मलबा क्षेत्र में बिखर गया था जो कक्षा में अन्य वस्तुओं के लिए खतरा बना हुआ है।

### चीनी उत्पादों पर निर्भरता कम करने के जर्मनी के आह्वान की चीन ने निंदा की

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को जर्मनी के उस आह्वान की निंदा की जिसमें चीनी उत्पादों पर निर्भरता कम करने को कहा गया था। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि जर्मन सरकार की इस तरह की नीति विश्व में केवल आपसी दूरी को बढ़ाएगी।

# भारत ने जी20 में सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया है : आईएमएफ

भाषा। वाशिंगटन



**भारत ने** जी20 की प्राथमिकताओं पर प्रगति करने की दिशा में बहुत सक्रिय रुख अपनाया है और इसकी अध्यक्षता की प्रमुख प्राथमिकताएं वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं के लिए वित्तपोषण बढ़ाना और व्यापक आर्थिक समन्वय को मजबूत करना है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने यह जानकारी दी।भारत ने एक दिसंबर, 2022 को साल भर के लिए जी20 की अध्यक्षता संभाली और देश भर के शहरों में 200 से अधिक बैठकों और संबंधित कार्यक्रमों की मेजबानी कर रहा है।जी20, या ग्रुप ऑफ 20 , दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतरसरकारी मंच है।आईएमएफ की संचार विभाग की निदेशक जूली कोजाक ने कहा, उसकी अध्यक्षता की प्रमुख प्राथमिकताएं वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं के लिए वित्तपोषण बढ़ाना और ऋण, बहुपक्षीय विकास बैंकों या एमडीडी में सुधार और डिजिटलीकरण सहित कई नीतिगत क्षेत्रों में व्यापक आर्थिक समन्वय को मजबूत करना है। कोजाक ने बृहस्पतिवार को यहां संवाददाताओं से कहा, भारत ने विभिन्न जी20 प्राथमिकताओं पर प्रगति करने की दिशा में बहुत सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया है। उन्होंने कहा कि भारत की जी20 की अध्यक्षता एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की थीम पर केंद्रित है।उन्होंने डिजिटलीकरण पर कहा कि भारत के पास एक विश्व स्तरीय डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा है जिसे वह अन्य जी20 सदस्यों को प्रदर्शित कर रहा है। कोजाक ने कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत समूह, डिजिटलीकरण के अवसरों और जोखिमों जैसे- क्रिप्टो परिसंपत्तियों के व्यापक-वित्तीय निहितार्थों के बारे में अपनी समझ विकसित कर रहा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हम भारत के साथ मिलकर काम जारी रखना चाहते हैं और जुलाई में जी20 की बैठकों और सितंबर में नेताओं के शिखर सम्मेलन में जी20 के अन्य साथियों के साथ मिलकर काम जारी रखना चाहते हैं। कोजाक ने कहा कि प्रबंध निदेशक और पहले प्रबंध निदेशक जी20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक में भाग लेने के लिए 17 और 18 जुलाई को भारत की यात्रा करेंगे। जी20 में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं।

## भारत ने अमेरिकी कारोबारों को पर्यटन क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास (डोनर) मंत्री जी किशन रेड्डी ने अमेरिकी कारोबारियो और कंपनियो को भारत के जीवंत तथा विविध पर्यटन क्षेत्र मे निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। पांच दिवसीय यात्रा पर बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे रेड्डी ने भारत के महावाणिज्य दूतावास में आयोजित प्रवासी समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमेरिकी कारोबारियो और कंनियो को निवेश के लिए आमंत्रित किया। रेड्डी ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर कहा कि वह शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच से अहम भाषण देंगे। इसके अलावा वह विभिन्न आधिकारिक और प्रवासी समुदाय के कार्यक्रमों में भाग लेंगे। न्यूयॉर्क मे भारतीय महावाणिज्य दूतावास मे भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्यो को संबोधित कर रहे रेड्डी ने भारत की आर्थिक वृद्धि, नरेन्द्र मोदी सरकार की मेक इन इंडिया पहल, देश में स्टार्टअप पारिस्थितिकी के साथ ही देशभर में पर्यटन समेत उद्योगो को बढ़ावा देने के लिए उठाए जा रहे विभिन्न कदमो का जिक्र किया। उन्होने आश्वासन दिया कि भारत मे पर्यटन क्षेत्र मे निवेश करने के इच्छुक अमेरिका के कारोबारियो और कंपनियो का सरकार तथा उनके मंत्रालय द्वारा तहेदिल से स्वागत किया जाएगा और उन्हे पूरा सहयोग दिया जाएगा।

**सार्वजनिक सूचना**

श्री गौरव बंसल ने ग्राम खुरेजी खास का क्षेत्र, जो शिव पुरी, इलाका शाहदरा, दिल्ली के नाम से जानी जाने वाली कॉलोनी की आबादी में स्थित संपत्ति सं. 61 के आधी छत के अधिकार के साथ संपूर्ण भूतल और संपूर्ण प्रथम तल, एरिया परिमाप 127.92 वर्ग मीटर (153 वर्ग गज) खसरा नंबर 09 का हिस्सा किला नंबर 27 से 30, के लिए आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से ऋण मांग रहे हैं, इसके बाद इसे "उक्त संपत्ति" कहा जाएगा। वह (1) श्रीमती बीना गुप्ता (पत्नी), (2) सुश्री दिव्या गुप्ता (बेटी) और (3) श्री गौरव बंसल (पुत्र) मृतक स्वर्गीय श्री दौलत राम गुप्ता के कानूनी उत्तराधिकारी हैं। उक्त व्यक्तियों का कोई अन्य कानूनी उत्तराधिकारी नहीं है। अब, मैं आम जनता के लिए यह घोषणा करना चाहता हूं कि कोई भी व्यक्ति जिसका उक्त संपत्ति/शेयर या दस्तावेजों के खिलाफ कोई अधिकार, स्वामित या हित है, तो वह दस दिनों के भीतर दस्तावेजी वैध साक्ष्य के साथ हमारे दिल्ली कार्यालय में आकर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है यदि कोई ऐसा नहीं करते है, तो उसे अस्वामिक और अप्रतिबंधित माना जाएगा और तदनुसार आगे बढ़ाया जाएगा।

मैसर्स पास एंड एसोसिएट्स, एलएलपी
ए-233, प्रथम तल, शिवालिक, मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017, मो. 9991116006

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक फ्रीहोल्ड आवासीय प्लाट जिसका रकबा 100 वर्गगज यानि 84 वर्गमीटर अंश खसरा न0-517, स्थित वार्ड-13, मौ0 इन्द्रा नगर, गढ़मुक्तेशवर परगना व तहसील गढ़मुक्तेशवर, जिला हापुड़, उ० प्र० का है। उक्त प्लॉट की श्रीमती पारूल शर्मा पत्नी श्री रोहित शर्मा बैनामे से मालिक है। उक्त प्लॉट का एक बैनामा जो कि श्री जर्नादन पुत्र श्री राम नंदन ने श्री श्रीराम गुप्ता पुत्र श्री परमानन्द गुप्ता के नाम किया था जिसका बही न. 1, जिल्द न. 1340, पेज न.136 / 139 क्रमांक 5467 दिनांक 29.09.2009, सब रजिस्ट्रार-गढ़मुक्तेशवर के यहाँ दर्ज होकर हुआ था कहीं खो गया है तथा इस संबंध में एक सूचना पहले से ही पुलिस में दायर की गई है। तथा उक्त सम्पत्ति पर वास्तु हाउसिंग फाइनेन्स कॉरपोरेशन लि0 द्वारा होम लोन लिया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति, निकाय कॉर्पोरेट, सरकारी/गैर-सरकारी प्राधिकरण/या कोई अन्य सार्वजनिक/निजी बैंक (संस्था) आदि को कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी या वास्तु हाउसिंग फाइनेन्स कॉरपोरेशन लि0 सैकिण्ड फ्लोर, कमर्सियल मॉर्केट, संजय विहार आवास विकास, अपोजिट प्राचीन शिव मंदिर, हापुड़-245101 उ0 प्र0 को लिखित में आपत्ति दे सकता है। इसके बाद इस पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जायेगा।

अरूण गोस्वामी (एडवोकेट)
चैम्बर नं० 119, प्रथम तल, मेन रोड, तहसील कम्पाउंड, गाजियाबाद, मो. 9997806112

**PUBLIC NOTICE**

The general public is hereby informed that M/s. The Building Solutions is a partnership firm which was reconstituted on 04th July, 2023 due to retirement of the partner Ms. Sunaina Singh. The said partner intends to retire from the partnership firm w.e.f. 04th July, 2023 by virtue of a deed of retirement executed amongst us on 04th July, 2023. By this notice we M/s. The Building Solutions inform the public in general that, we (1) Vijay Kumar and (2) Sushil Kumar, are the only partners of M/s. The Building Solutions and who are having any transactions with the above said firm now and in further should contact us only.

**Public Notice**

This is to inform general public that Mrs. Nighat Khatoon acquired the Residential Plot no 006, land area measuring 250 sq. mtrs. Block B Sector 108, Noida, District Gautam Buddh Nagar, Uttar Pradesh vide Transfer Deed dated 16.03.2023, Doc no. 1878.Above said owner have misplaced the Original Lease Deed dated 30.12.2008 Doc. No. 9545, SRO- Noida-II. Anyone who find the above said documents, kindly handover the same to the Manager of Kotak Mahindra Bank Ltd. 2nd floor Ambadeep Tower, Connaught Place, New Delhi, New Delhi 110001.Now, Mrs. Nighat Khatoon is intending to sell the above-said property to Mrs. Pramila Devi and Mrs. Babli Singh and further Mrs. Pramila Devi and Mrs. Babli Singh, is mortgaging the said property with Kotak Mahindra Bank & in case anyone has any objection, the same may be raised within 15 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

"Notice is hereby given to the public at large, on behalf of my client, ICICI Bank Ltd., ("Bank"), that the original title deeds (hereinafter referred as " Lost Documents") listed herein below pertaining to the immovable property (More particularly described in "Schedule") of Mr. Ashish Kumar s/o Tejpal Singh r/o N4-001, Lifestyle Homes, 33A, Homes Avenue, Vatika India Next, Gurgaon (Adhar-565815778060), which was kept with my client by way of security, have been misplaced from the custody of my client.

LOST DOCUMENTS

Conveyance deed dt. 13-12.2019 executed by VATIKA LTD (as VENDOR), in favour of Mr. Ashish Kumar & Mrs. Vishu Kumari (as VENDEE) duly registered with SRO-MANESAR as Document no. 7204 AND Deed of Apartment dt. 13-12.2019 executed by Mr. Ashish Kumar & Mrs. Vishu Kumari duly registered with SRO-MANESAR as Document no. 7205 in respect of Property, as mentioned in Schedule Below.

Any person(s) coming into possession of the aforesaid Documents and / or any person(s) who is/are having knowledge of the whereabouts of the Documents, are hereby requested to intimate the undersigned forthwith, about the same at the below address.

Public are warned not to deal with the Documents and any person receiving or dealing with the said Documents would do so at their own risk and responsibility (including criminal liability) and my client shall not be liable in any manner whatsoever for any loss incurred by such person(s) on account of any such unauthorised dealing. In the event no information is received within 15 days from date hereof, my client will proceed to take such action including applying to concerned authorities for issue of duly Certified Copies of the Documents and further it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc."

SCHEDULE

Residential Apartment no. 001 having super area 162.580 Sq. meters (1750.00 sq feet), on GROUND floor of building N4 block no – N, situated in residential colony known as "LIFESTYLE HOMES" in village SIHI Sec-83 now falling under Sector 83, Tehsil & distt. Gurgaon along with car parking Space(s) No(s) HSG-011-N4-2030 located in Lower Basement of said building.

VIPUL KR. RAHEJA (Advocate)
Chamber no. 55, Civil Side, Tis Hazari Courts, Delhi
Mob-9873150663

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पवनेश./ LBDEH00005929336/ LBGHZ00005989307 | फ्लैट नंबर- बी- जीओ3, ग्राउंड फ्लोर, रेजिज़ोन रेजीडेंसी, टॉवर-बी, मयूर विहार, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून/ जुलाई 10, 2023 | फ़रवरी 24, 2023 रु. 95,00,766/- | नोएडा/ देहरादून |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जुलाई 15, 2023
स्थान : नोएडा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

पायनियर
नई दिल्ली , शनिवार, 15 जुलाई, 2023



# भयावह हिंसा भी भाजपा के शानदार प्रदर्शन को रोक नहीं सकती

## बंगाल पंचायत चुनाव पर गृहमंत्री की प्रतिक्रिया

**भाषा।** नई दिल्ली



**पश्चिम** बंगाल में पंचायत चुनाव संपन्न होने के कुछ दिनों बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भयावह हिंसा भी भाजपा को चुनाव में शानदार प्रदर्शन करने से नहीं रोक सकती। शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पिछले चुनाव की तुलना में अपनी सीटों की संख्या लगभग दोगुनी कर ली है जो लोगों द्वारा उस पर जताए गए भरोसे में उल्लेखनीय वृद्धि का संकेत है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, पश्चिम बंगाल में भयावह हिंसा भी भाजपा को पंचायत चुनाव में शानदार प्रदर्शन करने से नहीं रोक सकी। भाजपा ने पिछले चुनाव से अपनी सीटों की संख्या लगभग दोगुनी कर ली है, जो लोगों के भरोसे में उल्लेखनीय वृद्धि का संकेत है। शाह ने कहा कि नतीजों से पता चलता है कि लोगों का स्नेह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के साथ है और यह निश्चित रूप से लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पार्टी को जबरदस्त ऊंचाइयों तक ले जाएगा। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल की जनता को मेरा हृदय से आभार और सुकांत मजूमदार, शुभेंदु अधिकारी और कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत बधाई जो प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद पार्टी के साथ मजबूती से खड़े रहे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया है कि आठ जून को चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद से चुनाव संबंधी हिंसा में 19 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के थे। हालांकि, पुलिस सूत्रों ने मरने वालों की संख्या 37 बताई है।अब तक घोषित परिणामों के अनुसार, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने कुल 63,219 में से 35,000 से अधिक ग्राम पंचायत सीटें जीत ली हैं। भाजपा ने लगभग 10,000 सीटें जीतीं, जबकि वाम-कांग्रेस को लगभग 6,000 सीटें मिलीं। टीएमसी ने 880 सीटों पर जीत के साथ सभी 20 जिला परिषदों पर नियंत्रण हासिल किया है, जबकि निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा ने कुल 928 में से 31 सीटें जीती हैं। कांग्रेस-वाम मोर्चा गठबंधन ने 15 सीटें हासिल कीं।

### बंगाल पंचायत चुनाव हिंसा : भाजपा ने राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के कानूनी सलाहकार विभाग ने राज्य में पंचायत चुनाव के दौरान हुई हिंसा को लेकर शुक्रवार को राज्यपाल सी वी आनंद बोस से हस्तक्षेप की मांग की। भाजपा ने दावा किया कि इस हिंसा ने राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का दम घुटने और कानून एवं व्यवस्था की कमी को उजागर किया है। भाजपा के कानूनी सलाहकार विभाग ने एक ज्ञापन में कहा कि ग्रामीण चुनाव प्रक्रिया के दौरान कई लोगों की जान चली गई है, जिससे पता चलता है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव एक दूर का सपना बन गया है। भाजपा ने पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र को बहाल करने के लिए राज्यपाल से हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए दावा किया कि पंचायत चुनाव ने राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का दम घुटने और कानून-व्यवस्था की कमी को उजागर कर दिया है। भाजपा ने राजभवन को सौंपे गए अभ्यावेदन में आरोप लगाया गया है कि बड़ी संख्या में चुनाव संबंधी हिंसक घटनाओं का होना पश्चिम बंगाल के लिए बेहद चिंताजनक है और देश के अन्य राज्यों में शायद ही ऐसा कभी देखा जाता है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया है कि आठ जून को चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद से चुनाव संबंधी हिंसा में 19 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से थे, पुलिस सूत्रों ने मरने वालों की संख्या 38 बताई है, लेकिन उसने इस बात से सहमति जताई कि जान गंवाने वाले कम से कम 60 प्रतिशत लोग टीएमसी से जुड़े थे।

## बालासोर ट्रेन हादसाः तीन आरोपी रेलवे अधिकारियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**भाषा।** भुवनेश्वर

भुवनेश्वर की एक विशेष अदालत ने बालासोर ट्रेन हादसे के तीन आरोपी रेलवे अधिकारियों की सीबीआई रिमांड की अवधि समाप्त होने के बाद शुक्रवार को उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रेलवे द्वारा निलंबित तीनों अधिकारियों की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें यहां सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया था। इन निलंबित अधिकारियों में वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (सिग्नल) अरुण कुमार महंत, सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद आमिर खान और टेक्निशियन पप्पू कुमार हैं। तीनों को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सात जुलाई को गिरफ्तार किया था। भुवनेश्वर विशेष सीबीआई अदालत ने सीबीआई को सात जुलाई को आरोपियों की पांच दिन की रिमांड दी थी।

## एनआईए ने श्रीनगर में लश्कर-ए-तैयबा के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने शुक्रवार को प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि ए दोनों पाकिस्तान में मौजूद अपने आकाओं के निर्देश पर हथियारों और धन एकत्र करने में सक्रिय रूप से शामिल थे। एनआईए की जांच से पता चला है कि आतंकवादी समूह जम्मू-कश्मीर में हमलों के लिए विस्फोटक उपकरण आईईडी या तो ड्रोन के माध्यम से पहुंचा रहे थे या इन्हें स्थानीय स्तर पर तैयार किया जा रहा था। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि जम्मू-कश्मीर आतंकी साजिश मामले में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एनआईए ने श्रीनगर से कश्मीरी आतंकवादी समूहों से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया। बयान के अनुसार गिरफ्तार मुशाइब फैयाज बाबा उर्फ शोएब (20) और हिलाल याकूब देवा उर्फ सेठी सोब (35) दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के रहने वाले हैं और पाकिस्तान में मौजूद अपने कमांडरों और लश्कर-ए-तैयबा जैसे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के आकाओं के लिए काम कर रहे थे। एजेंसी ने कहा कि ए गिरफ्तारियां हाल के दिनों में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के सदस्यों और उनके सहयोगियों के आवासों पर छापेमारी के बाद की गई हैं। उसने कहा कि मामले में अपनी जांच के तहत एजेंसी द्वारा कई डिजिटल उपकरणों को जब्त किया गया। बयान के अनुसार जांच में पता चला कि दोनों आरोपी सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान स्थित कमांडरों और विभिन्न आतंकवादी संगठनों के सक्रिय सदस्यों के साथ लगातार संपर्क में थे।

## क्विक न्यूज

### उत्तराखंडः विधानसभा अध्यक्ष ने मालन पुल टूटने पर नाराजगी जताई, जांच के दिए गए आदेश

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण द्वारा कोटद्वार में भारी बारिश के कारण मालन पुल के टूटने को लेकर शुक्रवार को गहरी नाराजगी व्यक्त किए जाने के बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच के आदेश दे दिए। प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के सचिव पंकज पांडे ने बताया कि उन्होने विभागाध्यक्ष को कोटद्वार तथा हरिद्वार मे पुलो के क्षतिग्रस्त होने के कारणो की गहन जांच कर तीन दिन में रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा है। कोटद्वार से विधायक भूषण का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वह पुल का निरीक्षण करने के बाद प्रदेश के आपदा प्रबंधन सचिव रंजीत सिन्हा से फोन पर बात करते हुए घटना पर रोष प्रकट कर रही हैं। भूषण ने सचिव से कहा कि वह पुलों की मरम्मत के बारे मे आपदा प्रबंधन विभाग, लोक निर्माण विभाग और जिलाधिकारी को लगातार एक साल से चिट्ठी लिख रही है और हर बैठक में इस ओर ध्यान दिला रही है लेकिन इस पर कोई ध्यान नही दिया गया। उन्होंने कहा कि पुल के टूटने से उनके क्षेत्र की आधी जनसंख्या का संपर्क टूट गया है और इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान होना चाहिए। भूषण प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता भुवन चंद्र खंडूरी की पुत्री हैं। पौड़ी जिले के कोटद्वार में बृहस्पतिवार को भारी बारिश के दौरान मालन नदी पर बना 325 मीटर लंबा पुल बीच से टूट गया था। इस दौरान पुल से गुजर रहे तीन लोगों में से एक नदी में बह गया था जबकि दो अन्य घायल हो गए थे। राज्य आपदा प्रतिवादन बल की टीम ने गहन तलाशी अभियान चलाकर प्रसन्न कुमार डबराल नाम के व्यक्ति का शव बरामद कर लिया है। यह शव उत्तर प्रदेश की सीमा के अंदर चतुर्वाला गांव के निकट से बरामद किया गया। प्रशासन ने डबराल के परिजनों को आपदा मद से चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान की है। इसके अतिरिक्त हरिद्वार के ग्रामीण इलाके में भी एक पुल का खंभा क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। प्रदेश मे विभिन्न जगहों पर बंद सड़कों तथा पुलों पर यातायात बाधित होने के संबंध में पांडे ने अपने विभाग के अधिकारियों के अलावा सीमा सड़क संगठन, राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड और राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकारियो के साथ एक बैठक की।

### कांग्रेस ने तेलंगाना के लिए चुनाव अभियान समिति का गठन किया, 17 पर्यवेक्षक भी नियुक्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने तेलंगाना मे इस साल के आखिर मे होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को चुनाव अभियान समिति का गठन किया जिसकी अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ नेता मधु याक्षी गौड़ करेंगे। पार्टी ने चुनाव तैयारियो की देखरेख के लिए राज्य के सभी 17 लोकसभा क्षेत्रों मे पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए हैं। पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चुनाव अभियान समिति का गठन किया और पर्यवेक्षको की नियुक्ति की।पूर्व सांसद गौड़ चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष बनाए गए है जबकि हाल ही में कांग्रेस मे शामिल हुए पूर्व सांसद पी श्रीनिवास रेड्डी को समिति का सह-अध्यक्ष बनाया गया है जबकि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता सैयद अजमतुल्लाह हुसैनी को संयोजक नियुक्त किया गया है।कांग्रेस ने चुनाव अभियान समिति के तहत कार्यकारिणी का भी गठन किया है जिसमें 37 नेता सदस्य और कई अन्य पदाधिकारी विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।पार्टी ने राज्य के सभी 17 लोकसभा क्षेत्रों मे पर्यवेक्षको की नियुक्ति भी की है। प्रकाश राठौर को अदिलाबाद, श्रीनिवास माने को भोंगीर, प्रसाद अब्बया को हैदराबाद, क्रिस्टोफर तिलक को करीमनगर और आरिफ नसीम खान को खम्मम लोकसभा क्षेत्र के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है। कांग्रेस के अनुसार नियुक्त किए गए पर्यवेक्षक विधानसभा चुनाव की तैयारियो की देखरेख करेंगे। पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए ज्यादातर नेताओं का संबंध महाराष्ट्र और कर्नाटक से है।तेलंगाना में इस साल नवंबर- दिसंबर मे विधानसभा चुनाव होने है। राज्य में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सत्तारूढ़ है जिसे कांग्रेस कड़ी चुनौती देने का प्रयास कर रही है।

### स्मॉल कैप से दीर्घकालिक वृद्धि का लाभ

**मुंबई।** भारत की एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफइन्शुरन्स-टाटा एआईए ने अपना पहला समर्पित स्मॉल कैप फंड टाटा एआईए स्मॉल कैप डिस्कवरी फंड प्रस्तुत कियाहै। नए फंड में पॉलिसी धारकों को स्मॉल कैप मार्केट कैपिटलाइज़ेशन स्टॉक्स में निवेश करके पूंजी में दीर्घकालिक वृद्धि करने के अवसर मिलेंगे। एनएफओ विंडो 10 जुलाई से 24 जुलाई 2023 तक खुली रहेगी प्रति यूनिट कीमत 10 रूपए होगी जो सिर्फएनएफओ अवधि में लागू होगी। समॉल कैप डिस्कवरी फंड के लॉन्च परए टाटा एआईए लाइफइन्शुरन्स के एग्जीक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट और चीफइन्वेस्टमेंट ऑफिसर हर्षद पाटील ने कहा कि नवजयअमृत काल के दौरान अर्थव्यवस्था को फॉर्मलाइज़ करने पर सरकार ने अपना ध्यान केंद्रित किया है, जिससे छोटे व्यवसायों को काफी फायदा होगा। इसके अलावा, उपभोग मांग में वृद्धिए खर्च योग्य आय में बढ़ोतरी और विनिर्माण के लिए समर्थन से कई छोटी कंपनियों को अपने क्षेत्रों में प्रभावी बनने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इन ताकतों को देखते हुएए टाटा एआईए स्मॉल.कैप डिस्कवरी फंड हमारे पॉलिसीधारकों को ऐसे अवसरों को जल्दी पहचानकर और मध्यम से लंबी अवधि में उनमें निवेश करके अपने निवेश को अधिकतम करने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है।

### पश्चिम बंगाल स्कूल शिक्षक भर्ती घोटाला : ईडी ने टीएमसी से निष्कासित नेताओं की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में कथित स्कूल शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़ी धनशोधन जांच के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की युवा इकाई से निष्कासित नेताओं कुंतल घोष एवं शांतनु बनर्जी और एक अन्य व्यक्ति की 15 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क की गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कुर्क की गई संपत्तियां बैंक खाते, शेयर, म्यूचुअल फंड, आवासीय फ्लैट और जमीन के रूप मे है। धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जब्त की गई संपत्तियो का कुल मूल्य 15.03 करोड़ रुपए है। उसने आरोप लगाया कि इनका संबंध आरोपी व्यक्तियो घोष, बनर्जी और अयान सिल से है, जिन्होंने प्राथमिक शिक्षक पदो के इच्छुक उम्मीदवारो से धन की अवैध वसूली मे एजेंट के रूप मे काम किया था। प्रवर्तन निदेशालय ने पहले तीनो को गिरफ्तार किया था। सिल बनर्जी का कथित सहयोगी है। टीएमसी के पूर्व नेता पार्थ चटर्जी, उनकी कथित सहयोगी अर्पिता मुखर्जी, टीएमसी विधायक एवं पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य और टीएसी के शीर्ष नेताओ के करीबी माने जाने वाले सुजय कृष्ण भद्र को भी गिरफ्तार किया गया है। ईडी द्वारा गिरफ्तारी के बाद चटर्जी को भी टीएमसी ने निलंबित कर दिया गया था।

### कोयले की रॉयल्टी एवं जमीन के मुआवजे पर सोरेन के आरोप आधारहीन : जोशी

**धनबाद।** झारखंड में कोयले की रॉयल्टी और कोयला कंपनियों द्वारा अधिगृहीत जमीन के मुआवजे का भुगतान न किए जाने के प्रदेश सरकार के आरोपों को आधारहीन करार देते हुए केन्द्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि केन्द्र सरकार नियमित रूप से प्रति माह रॉयल्टी और मुआवजे का भुगतान राज्य सरकार को कर रही है। प्रदेश की दो दिन की यात्रा पर यहां आए जोशी ने पत्रकारों के सवाल के जवाब में यह बात कही। जोशी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस आरोप को आधारहीन और तथ्यहीन करार दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य सरकार को कोयला कंपनियां अधिगृहीत जमीन का मुआवजा और कोयला उत्पादन पर रॉयल्टी नियमित रूप से नही दे रही है। केन्द्रीय मंत्री ने संवाददाताओं के सवाल के जवाब मे कहा, मुख्यमंत्री गलत बोल रहे हैं।

# नकारात्मक राजनीति कर रही भाजपा : तेजस्वी

**भाषा।** पटना



● भाजपा नेता की मौत के लिए उनकी सरकार को जिम्मेदार ठहराने पर भगवा पार्टी की आलोचना की

**बिहार के** उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने एक जुलूस में भाग लेने के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता की मौत के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराने को लेकर विपक्षी दल भाजपा की शुक्रवार को आलोचना की। तेजस्वी ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने जहानाबाद जिले के महासचिव विजय सिंह की मौत की जांच के लिए पार्टी के चार सदस्ईय दल का गठन किया है। विजय सिंह की बृहस्पतिवार को यहां एक सरकारी अस्पताल में मौत हो गई थी। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी ने आरोप लगाया, प्रशासन पहले ही उन परिस्थितियों के बारे में बता चुका है जिनके कारण भाजपा के विधानसभा मार्च के दौरान लाठीचार्ज हुआ। वे मिर्च पाउडर से भरी बोरियां लेकर आए थे जिसे उन्होंने पुलिस कर्मियों पर फेंका। तेजस्वी ने भाजपा पर विधानसभा के हाल में समाप्त हुए मानसून सत्र के दौरान नकारात्मक राजनीति करने का आरोप लगाया। मानसून सत्र विपक्षी दल के सदस्यों द्वारा किए गए हंगामे के कारण बार-बार बाधित हुआ। राजद नेता ने कहा, उन्होंने लोगों के मुद्दों को उठाने का अवसर बर्बाद कर दिया जिस पर सरकार जवाब देना चाहती थी। तेजस्वी ने कहा कि वह सिंह की मौत पर टिप्पणी नहीं करना चाहेंगे क्योंकि इसकी अभी जांच जारी है, लेकिन उनका इलाज करने वाले चिकित्सकों ने कहा है कि उनके शरीर पर चोट के कोई बाहरी निशान नहीं थे और पुलिस ने भी दावा किया है कि सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि वह उस जगह नहीं थे, जहां हल्का बल प्रयोग हुआ था। उन्होंने कहा, बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार को मौत के लिए क्यों जिम्मेदार ठहराया जा रहा है? क्या दिल्ली में किसानों के लंबे आंदोलन के दौरान उनकी मौत के लिए प्रधानमंत्री को जिम्मेदार ठहराया गया था? तेजस्वी ने कहा कि भाजपा शासित मणिपुर में जारी हिंसा के लिए अब तक कोई जवाबदेही तय नहीं की गई है। इस बीच भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर से मुलाकात की। चौधरी ने राजभवन से बाहर निकलने पर संवाददाताओं से कहा, हमने सिंह की मौत की जांच सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) या उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश से कराने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल के साथ पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के सांसद प्रिंस राज भी थे।

## अधिकारी सरकार के प्रवक्ता की तरह काम कर रहे हैं, सत्ता बदलते ही कार्रवाई होगी : भाजपा



**पटना।** बिहार में विधानसभा मार्च के दौरान पार्टी नेता की मौत के मामले में अधिकारियों के बयानों के लिए उन्हें आड़े हाथों लेते हुए विपक्षी भारतीय जनता पार्टी ने उन पर सरकार के प्रवक्ता की तरह काम करने का आरोप लगाया और कहा कि सत्ता बदलते ही उनके खिलाफ कार्वाई होगी। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने विधानसभा के बाहर संवाददाताओं से कहा, कुछ अधिकारी वर्तमान सरकार के प्रवक्ता की तरह काम कर रहे हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि हम उन पर नजर रख रहे हैं। शासन बदलते ही हम कार्वाई करेंगे। सिन्हा ने राज्य की नीतीश कुमार सरकार के खिलाफ भाजपा बृहस्पतिवार को भाजपा के विधानसभा मार्च में हिस्सा लेने के दौरान पार्टी के जहानाबाद जिला महासचिव विजय सिंह के मौत की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने से पहले ही पुलिस और अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियो द्वारा दिए गए बयानो पर कड़ी आपत्ति जताई।स्थानीय प्रशासन का कहना है कि विजय सिंह डाक बंगला चौराहे के करीब नही थे, जहां पुलिस ने प्रदर्शनकारियो को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछार की तथा बल प्रयोग किया। राज्य सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि भाजपा नेता का दुर्भाग्यपूर्ण निधन जांच का विषय है लेकिन पुलिस द्वारा लाठीचार्ज के लिए विपक्षी दल जिम्मेदार है।

## चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक और उपलब्धि : भूपेन्द्र पटेल

**अहमदाबाद।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने कहा कि भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान-3 का शुक्रवार को सफल प्रक्षेपण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के लिए एक और उपलब्धि है। भारत ने शुक्रवार को यहां एलवीएम3-एम4 रॉकेट के जरिए अपने तीसरे चंद्र मिशन- चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण किया। इस अभियान के तहत चंद्र सतह पर एक बार फिर सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग 23 अगस्त को शाम पांच बजकर 47 मिनट पर किए जाने की योजना है। गुजरात के मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक भूपेन्द्र पटेल ने मिशन से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी और चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण पर खुशी जताई।

# पंजाब और हरियाणा में बाढ़ से 39 लोगों की मौत, राहत कार्य जारी



**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब और** हरियाणा में बारिश और बाढ़ जनित घटनाओं में कुल 39 लोगों की मौत हुई है। वहीं, दोनों राज्यों में शुक्रवार को भी बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव कार्य जारी रहा। दोनों राज्यों में इस सप्ताह लगातार तीन दिन तक भारी बारिश हुई लेकिन अब कुछ इलाकों से पानी कम होने लगा है। जिला प्रशासन सेना के जवानों, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के साथ मिलकर बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने के काम में जुटा है और सूखा राशन, दवाएं,पीने का पानी और मवेशियों का चारा वितरित कर रहा है। अधिकारियों के मुताबिक पंजाब में जलजमाव वाले क्षेत्रों से करीब 22,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है जबकि पड़ोसी हरियाणा में 4,495 लोगों को खतरे वाले इलाकों से निकाला गया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पंजाब में बारिश जनित घटनाओं में अब तक 19 लोगों की जान गई है जबकि हरियाणा में यह संख्या 20 है। उन्होंने बताया कि शनिवार और सोमवार के बीच दोनों राज्यों में हुई भारी बारिश से पंजाब के 14 और हरियाणा के 13 जिले प्रभावित हुए हैं।अधिकारियों ने बताया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जालंधर के फिरोजपुर इलाके और जालंधर के लोहियां का दौरा किया और हालात का जायजा लिया।

### गृह मंत्री अमित शाह ने 180 करोड़ रुपए की सहायता राशि मंजूर की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बाढ़ प्रभावित हिमाचल प्रदेश के लिए राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) के केंद्रीय हिस्से के रूप में 180.40 करोड़ रुपए की अग्रिम राशि जारी करने के लिए शुक्रवार को मंजूरी दे दी। यहां जारी एक आधिकारिक बयान मे कहा गया है कि धनराशि जारी होने से राज्य सरकार को मानसून के दौरान प्रभावित लोगो के लिए राहत उपाय करने मे मदद मिलेगी। इसमें कहा गया है कि गृह मंत्री ने हिमाचल प्रदेश को अंतरिम राहत के रूप मे 2023-24 के लिए एसडीआरएफ के केंद्रीय हिस्से की दूसरी किस्त - 180.40 करोड़ रुपए - जारी करने को मंजूरी दे दी। हिमाचल प्रदेश मे बाढ़ प्रभावित लोगो की सहायता के लिए केंद्र सरकार ने एसडीआरएफ से केंद्रीय हिस्से की पहली किस्त - 180.40 करोड़ रुपए - 10 जुलाई को राज्य को जारी की थी।

## मोदी को फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिलने पर गर्व महसूस कर रहा है भारत : भाजपा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय ज**नता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों द्वारा वहां के सर्वोच्च नागरिक एवं सैन्य सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर से नवाजे जाने पर भारत गौरवान्वित और प्रसन्न महसूस कर रहा है।मोदी इस सम्मान से नवाजे जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गए हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने उन्हें इस सम्मान से नवाजा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 14 देशों ने मोदी को अपने शीर्ष सम्मान से नवाजा है, जबकि पांच अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भी उन्हें इसी तरह के सम्मान से सम्मानित किया है।उन्होंने कहा कि अमेरिका, रूस, फलस्तीन और इजराइल उन देशों में शामिल हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री को सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि यह विभिन्न देशों को एक साथ लाने की प्रधानमंत्री मोदी की क्षमता को दर्शाता है और दुनिया भर में उनके द्वारा अर्जित सम्मान को रेखांकित करता है।गोयल ने मोदी को सबसे लोकप्रिय वैश्विक नेता बताते हुए कहा कि दुनिया उन पर भरोसा करती है और इसने उन्हें सबसे चहेता नेता बनाया है।उन्होंने कहा कि भारतीयों को इस पर बहुत खुशी और गर्व महसूस होता है क्योंकि वह दुनिया भर में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ा रहे हैं।उन्होंने कहा कि इससे पहले किसी अन्य भारतीय नेता को फ्रांसीसी सम्मान नहीं मिला था और मोदी नेल्सन मंडेला, किंग चार्ल्स और एंजेला मर्केल जैसे नेताओं की सूची में शामिल हो गए हैं।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक ट्वीट में कहा,"यह सम्मान दोनों राष्ट्रों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़ प्रयासों की मान्यता में एक महत्वपूर्ण अवसर है और 140 करोड़ भारतीयों के लिए एक बड़ा सम्मान है, जिसका वह प्रतिनिधित्व करते हैं। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि यह सम्मान वैश्विक मंच पर हमारे राष्ट्र को आगे ले जाने के लिए 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक भावना का सम्मान है।

### पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री

**पोर्ट ब्लेयर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 जुलाई को अंडमान- निकोबार द्वीप समूह के पोर्ट ब्लेयर मे वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल भवन का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। अधिकारियो ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियो ने बताया कि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सुबह नौ बजे हवाईअड्डे पहुंचेंगे, जबकि मोदी लगभग डेढ़ घंटे बाद डिजिटल माध्यम से टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण ने यात्रियो की आवाजाही मे वृद्धि के बाद 707.73 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से नए एकीकृत टर्मिनल भवन के निर्माण का काम शुरू किया था।

## अरुणाचल को जल्द मिलेंगे तीन डॉपलर रडार स्टेशन : रीजीजू

**ईटानगर।** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को घोषणा की कि अरुणाचल प्रदेश में व्यापक मौसम अध्ययन उपकरण और तीन बड़े डॉपलर रडार स्टेशन जल्द स्थापित किए जाएंगे। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री ने यहां एक दिवसीय किसान जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि उपकरणों की स्थापना से राज्य में मौसम का सटीक पूर्वानुमान मिलेगा, जिससे किसानों को उत्पादकता बढ़ाने और नुकसान को कम करने के लिए अपनी कृषि गतिविधियों की योजना बनाने में लाभ होगा। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक अनुप्रयोगों का उपयोग करके कृषि उत्पादकता बढ़ाने का आग्रह किया। रीजीजू ने कहा कि चूंकि जलवायु हर किसी के जीवन में एक महत्वपूर्ण कारक है और ग्लोबल वार्मिंग के कारण तेजी से बदलती जलवायु का प्रभाव पड़ने वाला है, इसलिए सभी को जीवनशैली बदलने और इस संबंध में वैज्ञानिक रूप से प्रतिक्रिया देने की जरूरत है।

# भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था लगातार मजबूत हुईः राष्ट्रपति मुर्मू

**भाषा।** जयपुर



**राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि देश ने तमाम चुनौतियों के बावजूद लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाए रखा है और यहां लोकतांत्रिक व्यवस्था लगातार मजबूत होती जा रही है, क्योंकि इसमें हमारी आस्था गहरी है। राष्ट्रपति राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा द्वारा शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित राजस्थान विधानसभा के प्रमुख संवैधानिक पदधारकों का लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण में योगदान विषयक सेमिनार में संबोधित कर रही थीं।राष्ट्रपति ने कहा, भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था निरंतर मजबूत होती जा रही है। विश्व में सबसे अधिक विविधताओं का सफलतापूर्वक समावेश करते हुए लोकतांत्रिक पद्धतियों के साथ हमारे देश की विकास यात्रा आगे बढ़ती रही है। लोकतंत्र में हमारी आस्था बहुत गहरी है। उन्होंने कहा, आजादी के बाद के 75 वर्ष के दौरान हमारे देश ने सभी चुनौतियों का सामना करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाए रखा है। राष्ट्रपति ने कहा, हमारे लोकतंत्र की जीवंतता का सबसे बड़ा प्रमाण है हमारे देश में होने वाले आम चुनाव। वर्ष 2019 के आम चुनाव में 91 करोड़ मतदाताओं के लिए मतदान की व्यवस्था की गई थी। 61 करोड़ 30 लाख मतदाताओं ने 17वें लोकसभा चुनाव में मतदान करके एक नया कीर्तिमान बनाया और महिलाओं ने पुरुषों के लगभग बराबर मतदान किया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के अन्य देश भारत की चुनाव प्रणाली से ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं। मुर्मू ने कहा, हमारी लोकतान्त्रिक व्यवस्था में समाज के सभी लोगों, विशेष रूप से पिछड़े और कमजोर वर्ग के लोगों तथा महिलाओं को विशेष रूप से प्रतिनिधित्व प्रदान किया गया है। पंचायती राज व्यवस्था हमारे लोकतन्त्र में बुनियादी भूमिका निभा रही है।

## तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी, न्यायिक हिरासत वैध हैः मद्रास उच्च न्यायालय

**भाषा।** चेन्नई

**मद्रास उच्च** न्यायालय ने धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा तमिलनाडु के मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी और इसके बाद एक सत्र अदालत की ओर से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजे जाने को शुक्रवार को वैध ठहराया। मंत्री की गिरफ्तारी से संबंधित याचिका पर खंडपीठ के खंडित फैसले के बाद मामले की सुनवाई करने वाले तीसरे न्यायाधीश न्यायमूर्ति सी. वी. कार्तिकेयन ने गिरफ्तारी और न्यायिक हिरासत को वैध ठहराया है। तीसरे न्यायाधीश ने माना कि आरोपी को जांच को पटरी से उतारने का कोई अधिकार नहीं है। जब उन्हें गिरफ्तारी का कारण बताया गया तो उन्होंने इसे मानने से इनकार कर दिया और कहा कि बाद में बेगुनाही का दावा स्वीकार नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति कार्तिकेयन ने रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि मामले को मुख्य न्यायाधीश एस. वी. गंगापुरवाला के समक्ष रखा जाए ताकि इसे उसी खंडपीठ के समक्ष भेजा जा सके और वह तारीख निर्धारित की जा सके जिस दिन ईडी सेंथिल बालाजी को हिरासत में ले सके और उन्हें अस्पताल से स्थानांतरित कर सके। सेंथिल बालाजी की पत्नी मेगाला ने अपनी याचिका में आरोप लगाया कि उनके पति ईडी की अवैध हिरासत में है और उन्होंने अनुरोध किया कि अधिकारियों को उन्हें अदालत में पेश करने और उन्हें रिहा करने का निर्देश दिया जाए। न्यायमूर्ति निशा बानू और न्यायमूर्ति डी. भरत चक्रवर्ती की खंडपीठ ने मेगाला द्वारा दायरबंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका (एचसीपी) पर खंडित फैसला सुनाया था। न्यायमूर्ति निशा बानू ने माना था कि ईडी के पास हिरासत मांगने का कोई अधिकार नहीं है और कहा था कि बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका विचारणीय है।

# भारत ने पहली पारी घोषित की, बढ़त

## ● यशस्वी पदार्पण टेस्ट में 150 रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बने

**भाषा।** रोसीयू



यशस्वी जायसवाल के 171 रन और विराट कोहली के 76 रन की मदद से भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी पांच विकेट पर 421 रन पर घोषित की। भारत के पास 271 रन की बढत हो गई है। भारत के लिए जायसवाल ने 387 गेंद में 171 रन बनाए जबकि कोहली 182 गेंद में 76 रन बनाकर आउट हुए। रविंद्र जडेजा 37 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे। इससे पहले यशस्वी जायसवाल पदार्पण टेस्ट में 150 रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बन गए जबकि विराट कोहली के अर्धशतक के साथ भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शुक्रवार को लंच तक चार विकेट पर 400 रन बना लिए। अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 312 रन से आगे खेलते हुए भारत ने तीसरे दिन सुबह के सत्र में 29 ओवर में 88 रन बनाए जबकि जायसवाल (171) और अजिंक्य रहाणे(तीन) के विकेट गंवाए। भारत के पास अब तक 250 रन की बढत हो गई है। काफी टर्न ले रही धीमी पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कोहली ने नाबाद 71 रन बनाने के लिए 170 गेंदे खेली। अपने पदार्पण टेस्ट में शतक लगाने वाले जायसवाल ने जैसन होल्डर को स्ट्रेट ड्राइव लगाकर शुरूआत की। होल्डर के साथ बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन ने गेंदबाजी की शुरूआत की और कोहली को उन्हें खेलने में काफी दिक्कत आई। कोहली को 40 के स्कोर पर जीवनदान मिला जब कैरेबियाई कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने उनका कैच छोड़ा। कोहली ने वारिकन की गेंद पर आफ साइड में खेला लेकिन ब्रेथवेट ने कैच लपकने के प्रयास में गेंद को जमीन से छुआ दिया। दूसरी ओर जायसवाल ने वारिकन को छक्का लगाया। वह शिखर धवन (187) और रोहित शर्मा(177) के बाद पदार्पण पर 150 रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए। वह अलजारी जोसफ की गेंद पर विकेट गंवा बैठे और दोहरा शतक नहीं जड़ पाए। रहाणे ने केमार रोच की गेंद पर कवर में आसान कैच थमाया। लंच के समय कोहली के साथ रविंद्र जडेजा 21 रन बनाकर खेल रहे हैं। इससे पहले पदार्पण कर रहे सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कप्तान रोहित शर्मा के शतक और दोनों के बीच पहले विकेट की रिकॉर्ड साझेदारी से भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को यहां स्टंप्स तक पहली पारी में दो विकेट पर 312 रन बनाकर 162 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपना दबदबा कायम कर लिया। दूसरे दिन का खेल खत्म होते समय जायसवाल 143 जबकि विराट कोहली 36 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए अब तक 72 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। भारत पूरे दिन 90 ओवर के खेल में सिर्फ 232 रन ही बना सका। जायसवाल ने इससे पहले रोहित (103) के साथ पहले विकेट के लिए 229 रन की साझेदारी की जो भारत की तरफ से एशिया के बाहर पहले विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। इस जोड़ी ने चेतन चौहान और सुनील गावस्कर की जोड़ी को पीछे छोड़ा जिन्होंने अगस्त 1979 में इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल में पहले विकेट के लिए 213 रन जोड़े थे। जायसवाल ने अपनी पारी में अब तक 350 गेंद का सामना करते हुए 14 चौके जड़े हैं। रोहित की 221 गेंद की पारी में 10 चौके और दो छक्के शामिल रहे। कोहली ने अब तक 96 गेंद की पारी में सिर्फ एक चौका लगाया है। वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने आठ गेंदबाजों को आजमाया लेकिन सफलता पदार्पण कर रहे ऑलराउंडर एलिक अथानाजे (33 रन पर एक विकेट) और जोमेल वारिकन (82 रन पर एक विकेट) को ही मिली। ऑफ स्पिनर राहकीम कोर्नवाल पहले सत्र में प्रभावी नजर आए लेकिन छाती में संक्रमण के कारण उन्हें ड्रेसिंग रूम वापस लौटना पड़ा। भारत

### स्कोरबोर्ड

**वेस्टइंडीज पहली पारी:** 150 रन,भारत पहली पारी: यशस्वी खेल रहे है 116,रोहित का डा सिल्वा बो अथानाजे 103, गिल का अथानाजे बो वारिकन 06,कोहली खेल रहे है 04,अतिरिक्त: 16,कुल: 81 ओवर मे दो विकेट पर: 245 रन, **विकेट पतन:** 1-229, 2-240, **गेंदबाजी:** रोच 11-1-31-0, जोसेफ 11-1-56-0,कोर्नवाल 11-3-22-0,वारिकन 23-2-66-1,होल्डर12-4-27-0, ब्रेथवेट 4-0-7-0,अथानाजे 8-1-24-1, रीफर1-0-1-0

## भारत का दक्षिण अफ्रीका दौरा 10 दिसंबर से टी20 से शुरु होगा, सेंचुरियन व केपटाउन में होंगे टेस्ट

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और सीएसए (क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका) ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारतीय टीम का दक्षिण अफ्रीका का दौरा 10 दिसंबर से तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के साथ शुरु होगा जिसके बाद तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टी20 मैच डरबन में जबकि दूसरा (12 दिसंबर) और तीसरा (14 दिसंबर) टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच क्रमशः जीकेबरहा और जोहानिसबर्ग में खेला जाएगा। तीन मैचों की वनडे श्रृंखला का पहला मुकाबला जोहानिसबर्ग में 17 दिसंबर को होगा। इसके बाद अगले दो वनडे 19 और 21 दिसंबर को क्रमशः जीकेबरहा और पार्ल में होंगे। गांधी-मंडेला ट्राफी के लिए फ्रीडम सीरीज के दो टेस्ट मैच सेंचुरियन (26 से 30 दिसंबर) और केपटाउन (तीन से सात जनवरी) में आयोजित होंगे। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने दोनों बोर्ड द्वारा जारी किए गए एक बयान में कहा, फ्रीडम सीरीज सिर्फ इसलिए ही अहम नही है कि यह दो बेहतरीन टेस्ट टीम के बीच हो रही है बल्कि इसलिए भी है क्योंकि यह महात्मा गांधी और नेल्सन मंडेला के सम्मान में खेली जा रही है। उन्होंने साथ ही कहा, बाक्सिंग डे टेस्ट और नव वर्ष टेस्ट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कैलेंडर के सबसे अहम मुकाबलो में शामिल है इसलिए यह कार्यक्रम विशेषकर इन तारीख को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

## ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने के लिए उम्मीदें टी20 पर

**डरबन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के मुख्य कार्यकारी ज्योफ अलार्डिस ने शुक्रवार को कहा कि वे 2028 लॉस एंजीलिस ओलंपिक में टी20 प्रारूप को शामिल करने का प्रयास करेगी। आईसीसी लॉस एंजीलिस खेलो मे क्रिकेट को शामिल करने की कोशिश मे है। इस बारे मे फैसला अगले दो महीने मे होगा। अलार्डिस ने बोर्ड की बैठक से इतर मीडिया से बातचीत मे कहा , हम प्रस्ताव रखेंगे कि ओलंपिक मे टी20 क्रिकेट को शामिल किया जाए। अमेरिका मे बृहस्पतिवार को मेजर क्रिकेट लीग का लांच हुआ जिसमे भाग ले रही छह टीमो मे से चार आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिको की है। आईसीसी सीईओ ने कहा , अमेरिका मे काफी कुछ हो रहा है और उम्मीद है कि इससे खेल का प्रचार होगा। एमएलसी की शुरूआत इसमें से एक है। उन्होंने यह भी कहा कि पुरूषो का टी20 विश्व कप 2024 अमेरिका और क्रिकेट वेस्टइंडीज की मेजबानी मे होगा।

## बीसीसीआई ने आईसीसी के रणनीतिक कोष को बढ़ाने की वकालत की, राजस्व हिस्सेदारी 72 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने खेल के विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के राजस्व से विश्व संचालन संस्था के रणनीतिक कोष में पर्याप्त राशि आवंटित करने की वकालत की है। वार्षिक राजस्व से 2024-27 तक 23 करोड़ डॉलर की बड़ी हिस्सेदारी की मंजूरी मिलने के बाद बीसीसीआई ने हाल में आईसीसी की वार्षिक बोर्ड बैठक मे रणनीतिक कोष को बढ़ाने की जरूरत की वकालत की है क्योंकि इसका इस्तेमाल टेस्ट क्रिकेट को बचाने और महिलाओं के खेल के विकास के लिए भी किया जाएगा। एमसीसी विश्व क्रिकेट समिति का मानना है कि पूर्ण सदस्य और एसोसिएट देशों के लिए जरूरत के आधार पर आईसीसी रणनीतिक कोष से पर्याप्त राशि आवंटित की जा सकती है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शुक्रवार को राज्य संघो को लिखे एक पत्र मे कहा, राजस्व वितरण मे हमारी हिस्सेदारी के अतिरिक्त हमने आईसीसी के रणनीति कोष मे पर्याप्त राशि आवंटित किए जाने की वकालत भी की है क्योंकि यह कोष खेल के विकास और अगले मीडिया अधिकार चरण मे खेल के विकास मे निवेश के लिए अहम होगा। उम्मीद के अनुरूप भारत की संशोधित राजस्व हिस्सेदारी को डरबन मे आईसीसी बोर्ड मे मंजूरी मिल गई थी। इसका मतलब है कि उन्हे करीब 72 प्रतिशत का फायदा होगा।

## बीसीसीआई, सीए और ईसीबी का महिला लीग का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने डरबन में आईसीसी की सालाना कांफ्रेंस के दौरान महिला टी20 चैम्पियंस लीग के प्रस्ताव पर चर्चा की। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई), क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) और इंग्लैड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने तीनों देशों की महिला फ्रेंचाइजी के बीच लीग कराने की संभावना पर बात की। यह 2008 से 2014 के बीच हुई पुरूष क्रिकेट की चैम्पियंस लीग की तर्ज पर होगी। आस्ट्रेलिया की महिला बिग बैश लीग स्थापित लीग है जबकि महिला प्रीमियर लीग की इस साल सफल शुरूआत हुई। इंग्लैड में महिलाओं की हंड्रेड लीग होती है जिसका अगला सत्र एक अगस्त से शुरू होगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा , आईसीसी बैठकों के दौरान यह सुझाव रखा गया। इसके शुरू होने से पहले काफी काम करना होगा। प्रसारकों की रूचि, कैलेंडर में विंडो और खिलाड़ियों की उपलब्धता सब देखना होगा। इंग्लैड और आस्ट्रेलिया में महिला क्रिकेट स्थापित है और भारत में तेजी से आगे बढ रहा है। डब्ल्यूपीएल बड़ी हिट रही थी और प्रसारकों की रूचि होने पर चैम्पियंस लीग भी शुरू होगी। अभी लंबा सफर है।

## लखनऊसुपर जायंट्स के मुख्य कोच बने जस्टिन लैंगर

**लखनऊ।** लखनऊसुपर जायंट्स ने पूर्व आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज जस्टिन लैंगर को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया जिससे वह एंडी फ्लावर की जगह लेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी ने शुक्रवार को यह घोषणा की जिससे टीम के मेंटोर गौतम गंभीर के भविष्य पर भी संदेह के बादल छा गए है जो 2022 सत्र मे इस भूमिका मे जुड़े थे। लैंगर आस्ट्रेलियाई टीम के कोच भी रह चुके है।

## बैडमिंटन एशिया जूनियर में भारतीय चुनौती समाप्त

**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया में चल रही बैडमिंटन एशिया जूनियर चैम्पियनशिप में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई जब लड़कियो के एकल वर्गमे दो और लड़कियो के युगल वर्ग में एक टीम हारकर बाहर हो गई। लड़कियो के युगल प्री क्वार्टर फाइनल मे तनीषा और कर्णिका को चीन की चेन फान शू तियान और जियांग पेइ शि ने हराया। पहला गेम जीतने के बावजूद उन्हे 21-17, 13-21, 13-21 से पराजय झेलनी पड़ी। लड़कियो के एकल वर्ग मे अंतिम 16 के मुकाबले मे रक्षिता श्री एस को चीन की हुआंग लिन रान ने 21-15, 21-13 से हराया।

## त्वेसा बैक नाइन में चमकीं

**बेंगलुरु।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने शुक्रवार को यहां हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 11वें चरण के अंतिम दौर मे आखिर के 10 होल मे शानदार प्रदर्शन करते हुए दो साल मे अपना पहला खिताब अपने नाम किया। त्वेसा ने बोगी-बोगी से शुरुआत की और चार होल के बाद दो ओवर पर होने के बावजूद वह बैक नाइन में शानदार वापसी कर पांच अंडर 29 तक पहुंच गई।

## बजरंग पूनिया को ट्रायल से छूट मिले : पंजाब कुश्ती संघ

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के लिए निष्पक्ष ट्रायल कराने को लेकर आईओए की तदर्थ समिति पर दबाव तेज हो गया है और पंजाब कुश्ती संघ ने शुक्रवार को साफ तौर पर समिति से कहा कि 65 किलोवर्ग में जसकरण सिंह उतरेंगे और किसी भी पहलवान को बिना ट्रायल के नही उतारा जाए। पीडब्ल्यूए महासचिव आर एस कुंडू ने समिति के प्रमुख भूपेंदर सिंह बाजवा को पत्र लिखकर कहा कि समिति किसी भी पहलवान (बजरंग पूनिया) को ट्रायल मे छूट नही दे।

## सचिन को पैरा एथलेटिक्स विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण

**नई दिल्ली।** सचिन सर्जेराव खिलाड़ी ने पेरिस मे पैरा एथलेटिक्स विश्व चैम्पियनशिप मे शुक्रवार को पुरूषो के शॉटपुट एफ46 वर्ग मे स्वर्ण पदक जीतकर अगले साल होने वाले पैरालम्पिक खेलो के लिए भारत को आठवां कोटा दिलाया। सचिन के लिए यह दोहरी सफलता रही जिन्होने 16 . 21 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ नया एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया। अमेरिका के जोशुआ सिनामो को रजत और दक्षिण अफ्रीका के केरविन नोएम्दो को कांस्य पदक मिला।

## उपटन के होने से दबाव से निपटने में मदद मिलेगी : फुल्टन

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन का मानना है कि पैडी उपटन की सेवाएं मिलने से उनके खिलाड़ियों को आगामी एशियाई चैम्पियंस ट्राफी और हांगझोऊएशियाई खेलो मे दबाव से निपटने मे मदद मिलेगी। हॉकी इंडिया ने हाल मे मानसिक अनुकूलन विशेषज्ञ पैडी उपटन से करार किया है, जो उस भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा थे जिसने 2011 वनडे विश्व जीता था। फुल्टन ने कहा, खेल मे जो खिलाड़ी मानसिक रूप से मजबूत होते है।

## अजित चैम्पियन, अजय ने स्वर्ण की हैट्रिक लगाई

**ग्रेटर नोएडा।** एशियाई खेलो के लिए चुने गए भारोत्तोलक अजीत एन ने अपेक्षाओ पर खरे उतरते हुए राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैम्पियनशिप मे 73 किलोवर्ग मे स्वर्ण पदक जीता जबकि अजय सिंह ने स्वर्ण पदको की हैट्रिक पूरी की। विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेलो का टिकट कटा चुके अजीत (73 किलो) अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म मे नही थे लेकिन 308 किलो वजन उठाया जो दूसरे स्थान पर रहे इंग्लैड के जोनाथन चिन से 22 किलो अधिक था। अजीत सितंबर मे विश्व चैम्पियनशिप मे भाग लेंगे। वह ओलंपिक का कोटा हासिल करने की दौड़ मे भी है। उनके लिए हालांकि राह कठिन है क्योंकि सीनियर पुरूष रैंकिंग में वह फिलहाल 32वें स्थान पर है।

## दक्षिण क्षेत्र ने बनाई 248 रन की बढ़त

### ● दलीप ट्राफी फाइनल : विद्वत कावेरप्पा के सात विकेट
### ● पश्चिम के खिलाफ दूसरी पारी में सात विकेट पर 181 रन

**भाषा।** बेंगलुरु



दक्षिण क्षेत्र ने अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ शुक्रवार को यहां दलीप ट्राफी फाइनल के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में सात विकेट पर 181 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 248 रन की कर ली। इससे पहले विद्वत कावेरप्पा ने 53 रन देकर सात विकेट हासिल किए जिससे दक्षिण क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र को पहली पारी में 146 रन पर समेटकर पहली पारी के आधार पर 67 रन की बढ़त हासिल की। पश्चिम क्षेत्र ने सुबह अपनी पारी सात विकेट पर 129 रन पर शुरु की थी। यह विद्वत का प्रथम श्रेणी में करियर का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है और दक्षिण क्षेत्र के लिए दलीप ट्राफी में वेंकटेश प्रसाद के 1993 में उत्तर क्षेत्र के खिलाफ 38 रन देकर सात विकेट के प्रदर्शन के बाद दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दक्षिण क्षेत्र की टीम हालांकि दूसरी पारी में अच्छी शुरुआत नहीं कर सकी और उसने आर समर्थ तथा एन तिलक वर्मा के विकेट लगातार ओवर में गंवा दिए। समर्थ को चिंतन गजा की गेंद ने बोल्ड किया तो अर्जन नागवासवाला ने तिलक के स्टंप उखाड़े। इससे टीम का स्कोर दो विकेट पर आठ रन था जो किसी भी सूरत में आदर्श शुरुआत नहीं थी। पर मयंक अग्रवाल (35 रन) और कप्तान हनुमा विहारी (42 रन) ने पश्चिम क्षेत्र की दबाव बनाने की उम्मीदों को धराशाई कर दिया। तीसरे विकेट की इस जोड़ी ने 14 से ज्यादा ओवर तक 64 रन की भागीदारी निभाई और दक्षिण क्षेत्र की पारी पटरी पर वापसी कराई। दो अनुभवी खिलाडियों के बीच हालांकि यह साझेदारी इतनी अच्छी नहीं रही क्योंकि इस दौरान कई अपील होती रही और दोनों कई बार गेंद पर बल्ला छुआकर आउट होने से बचे। लेकिन दोनों इन बाहरी दबाव को पार करने में सफल रहे। यह भागीदारी मजबूत होती जा रही थी, तभी नागवासवाला की शॉर्ट पिच गेंद मयंक के बल्ले से छूकर सूर्यकुमार यादव के हाथों में चली गई।

## धुल और राणा चमके, भारत ए की जीत

### ● एसीसी एमर्जिंग कप : पहले मैच में यूएई को आठ विकेट से हराया

**भाषा।** कोलंबो

**तेज गेंदबाज** हर्षित राणा के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान यश धुल की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत भारत ए ने शुक्रवार को यहां एसीसी पुरुष एमर्जिंग कप के शुरुआती मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ए पर आठ विकेट की दमदार जीत दर्ज की। धुल (नाबाद 108 रन) ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज राणा (41 रन देकर चार विकेट) ने इस फैसले को सही साबित किया जिसमें आंध्र के तेज गेंदबाज नीतिश कुमार रेड्डी (32 रन देकर दो विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार (28 रन देकर दो विकेट) ने भी उनका बखूबी साथ निभाया। इससे यूएई ए की टीम निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर महज 175 रन ही बना सकी। भारतीय टीम के लिए यह लक्ष्य कोई मुश्किल खड़ी करने वाला नहीं था और उन्होंने जीत की औपचारिकता केवल 26.3 ओवर में दो विकेट पर 179 रन बनाकर पूरी कर ली। ग्रुप बी के इस मैच में बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद यूएई के खिलाड़ियों को भारत की सटीक और धारदार गेंदबाजी के खिलाफ रन जुटाने में काफी मुश्किल हो रही थी। अश्वंत वालथापा (46 रन), सलामी बल्लेबाज आर्यंश शर्मा (38 रन) और मोहम्मद फराजुद्दीन (35 रन) ही यूएई टीम के लिए योगदान करने वाले तीन खिलाड़ी रहे। जीत के लिए 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ए ने अपने दोनों सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (08 रन) और अभिषेक शर्मा (19 रन) के विकेट छठे ओवर के अंदर गंवा दिए, तब स्कोर 41 रन था। पर धुल और निकिन जोस (नाबाद 41 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 138 रन की अटूट साझेदारी कर आसान जीत सुनिश्चित की। धुल ने बेहतरीन टाइमिंग से आक्रामक पारी खेली। उन्होंने 84 गेंद की नाबाद पारी के दौरान 20 चौके और एक छक्का जड़ा।



विंवलडन में मैच जीत के बाद नोवाक

## हर मैच के लिए योजना बनाने से मदद मिल रही है: मनिका

**पुणे।** एशियाई खेलों और अगले साल होने वाले ओलंपिक की तैयारियां कर रही भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा का मानना है कि अपना दृष्टिकोण बदलने और प्रत्एक मैच के लिए व्यापक रणनीति बनाने से उनके खेल को बेहतर बनाने में मदद मिली है।भारतीय दल इस सितंबर में एशियाई खेलों के लिए हांगझोउ के लिए उड़ान भरेगा तब मनिका टेबल टेनिस में पदक के लिए देश की सबसे बड़ी उम्मीदों में से एक होंगी। मिश्रित युगल में उनके जोड़िदार जी साथियान के मुताबिक इस जोड़ी से ओलंपिक में पदक की उम्मीद की जा सकती है।पिछले नवंबर में एशियाई कप में कांस्य पदक जीतने वाली 28 साल की मनिका ने कहा कि कोच अमन बाल्गु के साथ काम के दौरान उनके खेल में बदलाव आया है।

## अटवाल 72 के स्कोर के साथ संयुक्त 29वें स्थान पर

**एक्रोन।** भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल ने पीजीए टूर की कौलिग कंपनीज चैम्पियनशिप के शुरुआती दिन खराब शुरुआत से उबरते हुए दो ओवर 72 का कार्ड खेला। साढ़े तीन लाख डॉलर (लगभग 28.76 करोड़ रुपए) इनामी टूर्नामेंट मे वह पहले दौर के बाद संयुक्त 29 वे पायदान पर है। अटवाल ने चौथे होल मे डबल बोगी करने के बाद तीन बर्डी लगाई। वह इसके बाद एक और बोगी कर बैठे।

## अदिति एलपीजीए के दाना ओपन में संयुक्त पांचवें स्थान पर

**सिलवानिया।** भारत की अदिति अशोक ने लेडीज पीजीए टूर पर दाना ओपन के पहले दौर मे बोगी रहित पांच-अंडर 66 के कार्ड के साथ शानदार शुरुआत की। वह पहले दिन के खेल के बाद आठ खिलाड़ियों के साथ संयुक्त पांचवे स्थान पर है। वह तालिका मे संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज स्वीडन की लिन ग्रांट और थाईलैंड की जारावी बूनचांट से दो शॉट पीछे है।उन्होने दूसरे, तीसरे, आठवे , 12वे और 17वे होल मे बर्डी लगाई।

## शॉट को 300 बार अभ्यास करके भी नही थकते थे यश



**भाषा। नई दिल्ली**

**वेस्टइंडीज** के खिलाफ अपने पदार्पण मैच में शतक जड़ने वाले युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की सफलता का राज है लगातार अभ्यास से पीछे नहीं हटना। जायसवाल की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम राजस्थान रॉयल्स के हाई परफार्मेंस निदेशक और मुंबई के पूर्व बल्लेबाज जुबिन भरूचा ने बताया कि 21 साल का यह खिलाड़ी तालेगांव (महाराष्ट्र) के सुविधा केंद्र एक ही शॉट का अभ्यास 300 बार करता था और अपनी ताकत को बढ़ाने के लिए उन्होंने बेसबॉल कोच के साथ काम किया और लंबे समय तक बल्लेबाजी अभ्यास के कारण उनके हाथ में छाले भी पड़ जाते थे। आईपीएल के ट्रायल में जायसवाल की प्रतिभा को पढ़ने के बाद भरूचा ने इस खिलाड़ी के खेल में सुधार लाने में अहम योगदान दिया। उन्होंने कहा, वह भारतीय टीम के लिए अंडर-19 क्रिकेट खेलकर आया था। आईपीएल में हालांकि बहुत अलग तरह की चुनौती होती है। ट्रायल के दौरान उसने पहली ही गेंद को स्क्वायर की दिशा की तरफ शानदार तरीके से फ्लिक किया। मुझे याद नहीं कि गेंदबाज कौन था लेकिन उनका शॉट कमाल का था। उन्होंने कहा, मैं किसी को लेकर बनी पहली प्रतिक्रिया के साथ जाना पसंद करता हूं।

### यह सिर्फ शुरुआत है, करियर को काफी आगे ले जाना चाहूंगा: जायसवाल

**रोसीयू।** पदार्पण टेस्ट मे शतक जड़ने से खुश भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि यह तो बस शुरूआत है और वह अपने करियर को काफी आगे तक ले जाना चाहेंगे। इस वामहस्त बल्लेबाज ने खुलासा किया कि वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरुआती टेस्ट से पहले कप्तान रोहित शर्मा के शब्दो ने उन्हे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। जायसवाल ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन मे कहा, यह तो सिर्फ मेरे करियर का आगाज है। कोशिश करूंगा कि कितना लंबा लेकर जा सकू। जायसवाल ने कहा, बल्लेबाजी के दौरान मै रोहित से लगातार बात कर रहा था वह मुझे समझा रहे थे कि इस विकेट पर किस तरह से बल्लेबाजी करनी है और कैसे रन निकालने है। हमारे बीच अच्छा कम्युनिकेशन था। वह मैच से पहले भी मेरा हौसला बढ़ा रहे थे, वह कह रहे थे कि मै अच्छा कर सकता। मै भी इस बारे मे सोच रहा था कि मुझे कैसे रन बनाना है और मानसिक तैयारी कैसी रखनी है। मैने काफी कुछ सीखा है और इसे जारी रखने की कोशिश करूंगा। जायसवाल की अब तक यात्रा काफी प्रेरणादाई रही है। उनके परिवार ने उत्तर प्रदेश से मुंबई पलायन किया, जहां इस खिलाड़ी ने क्रिकेट मे अपनी पहचान बनानी शुरू की। अंडर-19 और फिर आईपीएल मे प्रभावित करने के बाद जायसवाल को चोटिल लोकेश राहुल की जगह टीम मे मौका मिला। शुभमन गिल के बल्लेबाजी क्रम मे तीसरे स्थान पर आने का फैसला करने के बाद जायसवाल ने रोहित के साथ भारतीय पारी का आगाज किया। उन्होने इस मौके को पूरी तरह से भुनाया और पदार्पण पर शतक जड़ने वाले 17वे भारतीय बल्लेबाज बने।

### मुझे अहसास था कि शानदार आगाज करेगा: बचपन के कोच ज्वाला सिंह

**पुणे।** यशस्वी जायसवाल को बचपन के दिनो मे क्रिकेट का ककहरा सिखाने वाले कोच ज्वाला सिंह को उम्मीद थी कि राष्ट्रीय टीम मे जगह बनाने के बाद उनका शिष्य शानदार प्रदर्शन करेगा और इस वामहस्त युवा बल्लेबाज ने उन्हे निराश भी नही किया।वह 350 गेद मे 143 रन पर नाबाद है जिससे भारत ने मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी मे 162 रन की बढ़त कायम कर ली।ज्वाला ने ब्रिटेन से पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार मे कहा, मै उसके खेल मे विकास होता देख खुश हूं। मुझे इसका अहसास था कि वह अच्छी शुरुआत करेगा। उसने आईपीएल मे चार शानदार सत्र बिताए और घरेलू क्रिकेट मे भी रनो का अंबार लगाया।

## सिंधू, सेन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, शंकर भी जीते





**भाषा।** काउंसिल ब्लफ्स (अमेरिका)

दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन ने सीधे गेम में जीत दर्ज करके यहां अमेरिका ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला और पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने कोरिया की सुंग शुओ युन को 21-14, 21-12 से हराया। पिछले सप्ताह अपने कनाडा ओपन सुपर 500 खिताब जीतने वाले सेन ने चेक गणराज्य के जेन लोदा को 39 मिनट में 21-8, 23-21 से हराया।सिंधू का अगला मुकाबला चीन की गाओ फांग जी से होगा, जबकि पुरुष एकल में मुकाबला दो भारतीय के बीच होगा। तीसरी वरीयता प्राप्त सेन चेन्नई के 19 वर्षीय एस शंकर मुथुसामी से भिड़ेंगे।विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2022) के रजत पदक विजेता ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए इजराइल की मिशा जिल्बरमैन पर 21-18, 21-23, 21-13 से जीत दर्ज की।सिंधु को सुंग के खिलाफ ज्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ा। सिंधु ने शुरुआत में ही 7-2 की बढ़त बना ली और फिर इसे 13-5 कर लिया। सुंग ने इस अंतर को 11-14 करने में सफल रही ।

## तूर का एशियाई चैंपियनशिप का खिताब बरकरार

### ● पारूल चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता

**भाषा।** बैंकॉक



भारतीय गोला फेंक एथलीट तेजिंदरपाल सिंह ने शुक्रवार को यहां एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखते हुए महाद्वीपीय सर्किट में अपना आधिपत्य स्थापित किया। हालांकि दूसरे थ्रो में सर्वश्रेष्ठ प्रयास के बाद वह लंगड़ाते हुए बाहर आए। एशियाई रिकॉर्डधारी तूर ने दूसरे थ्रो में 20.23 मीटर की दूरी पर गोला फेंका लेकिन इस प्रयास के बाद वह ग्रोइन हिस्से में चोट से लंगड़ाते हुए बाहर आए। इसके बाद उन्होंने कोई थ्रो नहीं किया। ईरान के साबेरी मेहदी (19.98 मीटर) ने रजत पदक और कजाखस्तान के इवान इवानोव (19.87 मीटर) ने कांस्य पदक अपने नाम किया। पारूल चौधरी ने बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में अपना पहला 3000 मीटर स्टीपलचेस खिताब हासिल किया जिससे भारत के स्वर्ण पदकों की संख्या पांच हो गई। लंबी कूद की युवा एथलीट शैली सिंह ने भी पहली बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना पहला पदक रजत के रूप में हासिल किया। इससे भारत के लिए यह दिन शानदार रहा। भारत ने अभी तक नौ पदक जीत लिए हैं जिसमें पांच स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य शामिल हैं। बुधवार को एक कांस्य पदक के बाद भारत ने गुरुवार को तीन स्वर्ण और दो कांस्य पदक अपनी झोली में डाले थे। एशियाई चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले सभी विजेताओं के पास हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप (19 से 27 अगस्त) के लिए क्वालीफाई करने का मौका है। विश्व चैम्पियनशिप के क्वालीफाइंग मापदंड के अनुसार महाद्वीपीय चैम्पियन सीधे इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं बशर्ते विश्व रैंकिंग के आधार पर इसी स्पर्धा में उसी क्षेत्र से कोई बेहतर खिलाड़ी शामिल नहीं हो। तूर गोला फेंक स्पर्धा में जीत के प्रबल दावेदार थे। उन्होंने 19.80 मीटर के प्रयास के बाद दूसरे प्रयास में 20.23 मीटर दूर गोला फेंका। तूर (28 वर्ष) एशियाई चैम्पियनशिप खिताब कायम रखने वाले तीसरे गोला फेंक एथलीट बन गए हैं।

## यूपी पुलि क्रासकंट्री व तैराकी चैंपियनों का हुआ सम्मान

**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक उप्र ने 61वीं उप्रपु वार्षिक तैराकी एवं क्रासकंट्री प्रतियोगिता-2023 के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। विजय कुमार पुलिस महानिदेशक ने 35वीं वाहिनी पीएसी महानगर लखनऊ स्थित शहीद भगत सिंह तरणताल प्रांगण में समापन समारोह में मार्चपास्ट का मानप्रणाम ग्रहण किया गया। इस अवसर अपर पुलिस महानिदेशकए पीएसी द्वारा पुलिस महानिदेशक उप्र को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ 11 जुलाई को अपर पुलिस महानिदेशकए पीएसी द्वारा किया गया था। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पुलिस के कुल 12 जोन की 130 महिला खिलाड़ियों सहित कुल 675 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। तैराकी पुरूष वर्ग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली पीएसी पूर्वी जोन की टीम,सर्वोच्च तैराक आरक्षी दीपक निषाद,वाराणसी जोन, सर्वोच्च गोताखोर मुख्य आरक्षी अरविन्द यादव, पीएसी मध्य जोन एवं क्रासकंट्री पुरूष वर्ग में सर्वोच्च स्थान पीएसी पश्चिमी जोन की टीम, सर्वोच्च धावक आरक्षी बलराम, मेरठ जोन को बधाई दी। क्रासकंट्री महिला वर्ग में बरेली जोन टीम सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने एवं महिला आरक्षी रजनी, बरेली जोन को सर्वोच्च धाविका होने एवं तैराकी महिला वर्ग में सर्वोच्च टीम गोरखपुर जोन तथा सर्वोच्च महिला तैराक संयुक्त विजेता शिवांगी,खुशबू को बधाई दी।

